www.epaper.azadsipahi.in
* ओड़िशा संस्करण
17 मई, 2025
ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
रांची
शनिवार, वर्ष 10, अंक 206

दुष्कर्मी को मुआवजा, आदिवासी युवती के लिए मौन : बाबूलाल



## 'ऑपरेशन सिंदूर' अभी जारी है

# यह तो ट्रेलर था, पिक्चर अभी बाकी है : राजनाथ

- रक्षा मंत्री ने भुज में जवानों को सराहा
- कहा, ब्रह्मोस मिसाइल ने पाकिस्तान को रात के अंधेरे में सूरज दिखा दिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**अहमदाबाद।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है, ये तो बस ट्रेलर है, समय आयेगा तो पूरी पिक्चर दुनिया को दिखायेंगे। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को पहली बार गुजरात के भुज एयरफोर्स स्टेशन पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि ब्रह्मोस मिसाइल की ताकत को पाकिस्तान ने स्वीकार कर लिया, एक कहावत मशहूर है, दिन में तारे दिखना। ब्रह्मोस ने पाकिस्तान को रात के अंधेरे में दिन का उजाला दिखा दिया। जवानों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमने वर्तमान सीजफायर में हमने पाकिस्तान को बिहेवियर के आधार पर प्रोबेशन पर रखा है, बिहेवियर में गड़बड़ी आयी तो सख्त से सख्त कार्रवाई की जायेगी। इससे पहले गुरुवार को राजनाथ जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर एयरबेस पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने जवानों से मुलाकात की और उनका आभार व्यक्त किया था।

**आतंकवाद के माथे पर लाल लकीर खींच दी :** रक्षा मंत्री ने कहा कि आपका अभिनंदन करने आया हूं। ऑपरेशन सिंदूर में आपने करिश्माई काम किया है। भारत का मस्तक आपने ऊंचा किया है। हमारे सैनिकों को नमन करता हूं। आप सबके बीच आकर मुझे गौरव की अनुभूति हो रही है। उन्होंने कहा कि आपके पराक्रम ने दिखा दिया है कि यह वो सिंदूर है, जो श्रृंगार का नहीं शौर्य का प्रतीक है। यह वह सिंदूर है, जो सौंदर्य नहीं, संकल्प का प्रतीक है। यह सिंदूर खतरे की वह लाल लकीर है, जो भारत ने आतंकवाद के माथे पर खींच दी है। इस लड़ाई में सरकार और सभी नागरिक एकजुट थे। भारत का हर नागरिक इसमें सिपाही की तरह भागीदार रहा।

**पाकिस्तान के हर कोने तक वार करने में सक्षम :** राजनाथ ने कहा कि कोई छोटी बात नहीं है कि हमारी एयरफोर्स की पहुंच पाकिस्तान के हर कोने तक है। भारत के फाइटर प्लेन बिना सरहद पार किये पाकिस्तान के हर कोने तक वार करने में सक्षम है। पूरी दुनिया ने देखा कि आपने कैसे 9 आतंकी ठिकानों को बर्बाद कर दिया।

**पाकिस्तान की आर्थिक सहायता टेरर फाइनेंसिंग से कम नहीं :** रक्षा मंत्री ने कहा कि मैं मानता हूं कि आज के समय में पाकिस्तान को किसी भी तरह की आर्थिक सहायता टेरर फाइनेंसिंग से कम नहीं है। भारत यही चाहेगा कि आइएमएफ पाकिस्तान को अपनी एक बिलियन डॉलर के फंड पर पुनर्विचार करे और आगे भी किसी भी तरह की सहायता देने से परहेज करे। भारत नहीं चाहता कि जो फंडिंग हम आइएमएफ को करते हैं, वह डायरेक्ट या इनडायरेक्ट किसी भी तरीके से पाकिस्तान या किसी भी देश में टेरर इंफ्रास्ट्रक्चर को बनाने में इस्तेमाल की जाये।



### भारतीय सेना के लिए सिर्फ 23 मिनट काफी थे

राजनाथ ने कहा कि इस ऑपरेशन में आपने जो किया है, सभी हिंदुस्तानी उससे गौरवांवित हैं। भारतीय सेना के लिए 23 मिनट काफी थे पाकिस्तान की सरजमीं पर पल रहे आतंकवाद के अजगर को कुचलने के लिए। जितनी देर में लोग नाश्ता-पानी करते हैं, उतनी देर में आपने दुश्मनों को निपटा दिया।

### आतंकवाद को जड़ से खत्म करके दम लेंगे

राजनाथ ने कहा कि अब आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई सिर्फ सुरक्षा का मसला नहीं, बल्कि ये नेशनल डिफेंस का हिस्सा बन चुकी है। हम इसे जड़ से खत्म करेंगे। अब भारत पहले का भारत नहीं है, नये भारत का जन्म हो चुका है।

### भारतीय मिसाइलों की धमक पूरी दुनिया ने देखी

राजनाथ ने कहा कि आपने पाकिस्तान के भीतर मिसाइलें गिरायी हैं, उसकी गूंज पूरी दुनिया ने सुनी। वह गूंज आपके शौर्य की, जवानों के पराक्रम की। भारतीय वायुसेना ने प्रभावी भूमिका निभायी, जिसकी सराहना दुनिया के दूसरे देशों में भी हो रही है। आतंकवाद के खिलाफ चलाये गये इस अभियान का नेतृत्व एयरफोर्स ने किया, जो ऐसी स्काई फोर्स है, जिसने अपने शौर्य और पराक्रम से नई ऊंचाइयों को भी छू लिया है।

**भारत को कोई आंख नहीं दिखा सकता**

## रक्षा बजट में 50 हजार करोड़ बढ़ाने का प्रस्ताव

- आधुनिक हथियारों और तकनीक पर होगा फोकस

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के बाद केंद्र सरकार रक्षा बजट में 50,000 करोड़ बढ़ा सकती है। रक्षा मंत्रालय ने सरकार को फंड बढ़ाने का प्रस्ताव दिया है, जिसे संसद के नवंबर-दिसंबर के दौरान शीतकालीन सत्र में मंजूरी मिल सकती है। इसमें बताया गया है कि इस फंड से नये हथियार, गोला-बारूद और तकनीक खरीदी जायेंगी। साथ ही सेना की दूसरी जरूरतें, रिसर्च और डेवलमेंट पर भी खर्च किया जायेगा। बताते चलें कि इस बढ़ोतरी के बाद रक्षा मंत्रालय का ओवरऑल बजट 7 लाख करोड़ से ज्यादा हो जायेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी को पेश किये गये 2025-26 के बजट में सशस्त्र बलों के लिए रिकॉर्ड 6.81 लाख करोड़ का बजट दिया था। इस साल रक्षा बजट पिछले साल की तुलना में करीब 9.5% ज्यादा है। केंद्र ने 2024-25 में सशस्त्र बलों के लिए 6.22 लाख करोड़ रुपये दिये थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के पहले बजट 2014-15 में रक्षा मंत्रालय को 2.29 लाख करोड़ रुपये दिये गये थे।

## बडगाम में आतंकियों के तीन मददगार गिरफ्तार

- लश्कर से जुड़े थे, सेना बोली: दो ऑपरेशन में छह आतंकी मारे

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्रीनगर।** कश्मीर के बडगाम में आतंकियों के तीन मददगारों को गिरफ्तार किया गया है। ये तीनों लश्कर-ए-तैयबा के लिए काम करते थे। ये लोग इलाके में टेरर एक्टिविटीज में शामिल थे और युवाओं को आतंकवाद की तरफ मोड़ते थे। इससे पहले, जम्मू-कश्मीर में पिछले तीन दिनों में हुए दो एनकाउंटर में छह आतंकवादी ढेर किये गये। सेना-पुलिस ने शुक्रवार को संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन जारी है। त्राल और शोपियां में दो एनकाउंटर में आतंकी मारे गये। एक ऑपरेशन ऊंचे पहाड़ी इलाकों में हुआ, एक ऑपरेशन गांव में हुआ। सुरक्षाबलों ने सावधानी से दोनों जगह आतंकवादी को मारा। सेना ने कहा कि सभी सिक्योरिटी फोर्सेस के बीच का कोऑर्डिनेशन अच्छा था और ये ऑपरेशन उसका प्रमाण हैं। आने वाले समय में भी ये कोऑर्डिनेशन बना रहेगा। जम्मू और कश्मीर से आतंकवाद का सफाया कर देंगे। लोगों का भी धन्यवाद करेंगे कि उनके सहयोग के बिना इस तरह की सफलता मुश्किल ही नहीं, नामुमकिन थी।

## पाकिस्तान के हमले को भारत के आकाशतीर ने नाकाम किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया है कि 9 और 10 मई की रात को पाकिस्तान ने भारत के मिलिट्री और सिविल इन्फ्रास्ट्रक्चर पर मिसाइलों और ड्रोन से हमला किया था। भारत ने अपने डिफेंस सिस्टम आकाशतीर से पाकिस्तान के हमले को नाकाम कर दिया। यह पूरी तरह स्वदेशी एयर डिफेंस सिस्टम है। यह ऑटोमेटेड एयर डिफेंस कंट्रोल है, जो हथियारों को डिटेक्ट करके उन्हें खत्म कर देता है। बताते चलें कि आकाशतीर में कई रडार, सेंसर और कम्युनिकेशन नेटवर्क सिस्टम हैं। इसे आत्मनिर्भर भारत इनीशिएटिव के तहत बनाया गया है। इसे आर्मी, नेवी और एयरफोर्स तीनों में शामिल किया गया है। आकाशतीर को आसान शब्दों में समझना चाहें तो यह इंटेलिजेंट, प्रो-एक्टिव और तेजी से जवाबी कार्रवाई करने में सक्षम है।



## मोदी, शाह और जयशंकर की हुई उच्चस्तरीय बैठक

- प्रधानमंत्री के आवास पर पहुंचे दोनों नेता
- राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी थे मौजूद



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार शाम अपने आवास पर गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की। हालांकि बैठक को लेकर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया, लेकिन माना जा रहा है कि इस बैठक में ऑपरेशन सिंदूर के बाद बने हालात को लेकर बातचीत हुई होगी। यह बैठक नयी दिल्ली में 7 लोक कल्याण मार्ग स्थित प्रधानमंत्री आवास में हुई। बताया जा रहा है कि यह उच्च स्तरीय बैठक शुक्रवार शाम करीब 7 बजे समाप्त हुई, लेकिन इस बैठक का एजेंडा क्या रहा, सरकार की तरफ से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया। हालांकि माना जा रहा है कि पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाने को लेकर की गयी कार्रवाई के बाद स्थितियों पर चर्चा हुई है। पहलगाम आतंकी हमले और आतंकवाद के खिलाफ भारत के ऑपरेशन सिंदूर लांच होने के बाद से लगातार बड़ी बैठकें जारी हैं। बैठक से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृढ़ संकल्प, विभिन्न एजेंसियों द्वारा सटीक खुफिया जानकारी जुटाने और भारतीय सशस्त्र बलों की अचूक मारक क्षमता का प्रतिबिंब है। शाह ने विभिन्न एजेंसियों के बीच खुफिया जानकारी साझा करने के उद्देश्य से दिल्ली में एक नये केंद्र का उद्घाटन करने के बाद यह बात कही। खुफिया ब्यूरो के तहत इस बहु एजेंसी केंद्र की स्थापना 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमलों के बाद की गयी थी, जिसका उद्देश्य कानून प्रवर्तन में शामिल विभिन्न हितधारकों के बीच समय पर जानकारी साझा करना है। उधर, रक्षा मंत्री ने साफ कहा है कि आपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। इसे स्थगित किया गया है।

## पाकिस्तान का मुखौटा उतारेगा भारत

### भारतीय सांसद अन्य देशों में बतायेंगे पड़ोसी देश की करतूत

- अगल-अलग देशों में जायेंगे 30 सांसद, 10 दिन का होगा कार्यक्रम



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद अब भारत के सांसद दुनियाभर में पाकिस्तान को बेनकाब करेंगे। भारत सरकार ने पाकिस्तान की करतूत दुनियाभर के सामने उजागर करने के लिए अगले सप्ताह सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल को अलग-अलग देशों की यात्रा के लिए भेजने का फैसला लिया है। बताया जा रहा है कि कम से कम 30 सांसदों को 10 दिन के लिए अलग-अलग देशों की यात्रा पर भेजा जायेगा। इसे लेकर सरकार ने विपक्ष सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसदों से बात की है। कुछ दलों ने अपने सांसदों को भेजने की मंजूरी भी दे दी है।

**पाकिस्तान लगातार बोल रहा झूठः** दरअसल, पाकिस्तान पहलगाम से लेकर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान लगातार झूठ बोलता रहा है। वह दुनिया को तथ्यों से अलग जाकर एक नैरेटिव सेट करने के लिए मनगढ़ंत कहानी बताता रहा है। पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोई बड़ा समर्थन नहीं मिला है, लेकिन चीन और तुर्किए जैसे देशों के उसके साथ आ जाने से उसे एक सहारा मिल गया है। पाकिस्तान की इस कोशिश को भारत बेनकाब करना चाहता है।

**सरकार ने कूटनीतिक फैसला लियाः** कूटनीतिक तौर पर भारत सरकार ने सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल को विभिन्न देशों की यात्रा पर भेजने का फैसला लिया है। अभी प्रतिनिधिमंडल में जाने वाले सांसदों की सही संख्या तय नहीं है, लेकिन माना जा रहा है कि 30 से अधिक सांसद प्रतिनिधिमंडल में जा सकते हैं। ये सांसद 10 दिन के लिए सरकार द्वारा निर्धारित देशों के विभिन्न ब्लॉकों का दौरा करेंगे।

**इन दलों के सांसद होंगे शामिलः** विदेश मंत्रालय (एमइए) सांसदों को उनके राजनयिक मिशन के लिए रवाना होने से पहले जानकारी देगा। सूत्र बताते हैं कि प्रतिनिधिमंडल में भाजपा, कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके, एनसीपी (एसपी), जदयू, बीजद, सीपीआइ (एम) और कुछ अन्य सांसद शामिल होंगे। एक दल के नेता ने बताया कि उन्हें 22-23 मई तक 10 दिनों की अवधि के लिए रवाना होने के लिए तैयार रहने को कहा गया है। विदेश मंत्रालय यात्रा कार्यक्रम सहित आवश्यक विवरण उपलब्ध कराने के लिए उनसे संपर्क करेगा।

### भाजपा से अनुराग ठाकुर, तो कांग्रेस से थरूर होंगे शामिल

सूत्र बताते हैं कि प्रतिनिधिमंडल में भाजपा से पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और ओड़िशा से भाजपा सांसद अपराजिता सारंगी शामिल हैं। जबकि कांग्रेस के चार सांसद भी प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा होंगे। इसमें कांग्रेस सांसद शशि थरूर, मनीष तिवारी, सलमान खुर्शीद और अमर सिंह शामिल हैं। वहीं तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंदोपाध्याय, जदयू के संजय झा, बीजद के सस्मित पात्रा, एनसीपी (एसपी) की सुप्रिया सुले, डीएमके की के कनिमोझी, सीपीआई (एम) के जॉन ब्रिटास और एआइएमआइएम के असदुद्दीन ओवैसी भी प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हो सकते हैं।















आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



# तुर्किए! गलती कर दी, ऑपरेशन दोस्त के बदले खंजर चला दिया

- कैसे भारत ने तीतर-बटेर की तरह तुम्हारे ड्रोन को गिरा दिया, यही तुम्हारी औकात है
- भारत एहसान फरामोशी भूलता नहीं, अब हर भारतीय आर्थिक चोट देने को तैयार
- पाकिस्तान का साथ देकर खुद का नुकसान कर गये तुर्किए के राष्ट्रपति एर्दोगन
- तुर्किए को महज दो दिन के भीतर ही दिखने लगे हैं चांद और तारे

**आजाद सिपाही विशेष**

पाकिस्तान के आतंकवादी ठिकानों के खिलाफ चलाये गये 'ऑपरेशन सिंदूर' ने एक तरफ जहां भारत को दुनिया की प्रमुख सैन्य शक्ति के रूप में स्थापित किया है, वहीं इसके कूटनीतिक परिणामों ने भारत को अपने दोस्तों और दुश्मनों की नये सिरे से पहचान का अवसर भी प्रदान किया। कहते हैं न जरूरत के वक्त पर ही लोगों की पहचान होती है। भारत ने इस अवसर का अच्छी तरह से इस्तेमाल किया और अपने एक नये दुश्मन की पहचान की। तुर्किये और अजरबैजान ने बेशर्मी की मिसाल कायम की है। हमने इन देशों की तरक्की चाही। बदले में इन्होंने पीठ में चाकू भोंक दिया। कहते हैं सांप को कितना भी दूध पीला लो, एक दिन वह डस ही लेता है। इन दोनों देशों ने भी यही किया। भारत से संघर्ष में पाकिस्तान के साथ खड़े होकर इन्होंने अपनी औकात दिखाई है। तुर्किए, जिसे पश्चिमी देश 'पूरब का प्रवेश द्वार' और पूर्व के देश 'पश्चिम का प्रवेश द्वार' कहते हैं। पाकिस्तान के साथ संघर्ष के दौरान तुर्किए ने पाकिस्तान के साथ अपनी दोस्ती का खुलेआम प्रदर्शन किया। तुर्की ने पिछले साल अपने यहां आये भयानक भूकंप के दौरान भारत के एहसान को भूल कर न सिर्फ पाकिस्तान को हथियारों की सप्लाई की, बल्कि अपने सैन्य ऑपरेटिव्स को भी पाकिस्तानी सेना की सहायता के लिए भेजा। हालांकि, भारत की जवाबी कार्रवाई इतनी जबरदस्त थी कि न सिर्फ पाकिस्तान को भारी नुकसान पहुंचा, बल्कि तुर्किए की इज्जत के भी परखच्चे उड़ गये। भारत ने तुर्की में बने ड्रोन को हवा में ही मार गिराया। ऐसा लगा मनो भारत तीतर-बटेर गिरा रहा हो। भारतीय सेना ने तुर्किये को उसकी औकात दिखा दी। पाकिस्तान का समर्थन करने के कारण भारत में स्वाभाविक तौर पर तुर्किए के खिलाफ माहौल बना है और अब भारत ने तुर्किए के साथ अपने व्यापारिक रिश्तों को नये सिरे से परिभाषित करना शुरू कर दिया है। महज दो दिन में इसकी कीमत तुर्किए को महसूस होने लगी है। भारत ने 2023 में तुर्किए में आये भीषण भूकंप के बाद वहां सहायता पहुंचाने के लिए 'ऑपरेशन दोस्त' चलाया, लेकिन तुर्किए के राष्ट्रपति एर्दोगन ने पाकिस्तान को ड्रोन भेजकर उसका बदला चुकाया। अब भारतीय नागरिक तुर्की की यात्राएं रद्द कर रहे हैं और तुर्की के उत्पादों के बहिष्कार कर रहे हैं। राजनेताओं और अभिनेताओं से लेकर सैन्य दिग्गजों तक, हर कोई 'तुर्कीए के बहिष्कार' अभियान को आवाज दे रहा है। इसका असर यह हुआ है कि तुर्किए के लिए पर्यटकों की बुकिंग रद्द होने की संख्या में 250% की वृद्धि हुई है। वहीं, भारतीय कॉरपोरेट्स ने तुर्किए के साथ बिजनेस से दूर रहने का वादा किया है। जेएनयू ने तुर्किए विश्वविद्यालय के साथ एक समझौते को निलंबित कर दिया है। फिल्म निर्माताओं ने भी फिल्म शूटिंग के लिए तुर्किए का बहिष्कार करने की घोषणा की है। 2024 में पर्यटन के लिए 2.75 लाख भारतीय तुर्किए गये। तुर्किए में भारतीयों का औसत प्रवास 7-10 दिन है। कुल मिलाकर, भारतीय तुर्किए की अर्थव्यवस्था में सालाना 2,900-3,350 करोड़ रुपये का योगदान करते हैं। चूंकि भारत का मध्यम वर्ग अतिरिक्त आय के साथ 40 करोड़ तक पहुंच गया है, इसलिए सोशल मीडिया और फिल्मों के माध्यम से लोकप्रियता उन्हें तुर्किए की ओर आकर्षित कर रही है। भारत के कारण तुर्किए में 20,000 प्रत्यक्ष पर्यटन नौकरियों का सृजन हुआ। अप्रत्यक्ष नौकरियां 45,000-60,000 से अधिक हैं। पिछले चार वर्षों में तुर्किए के आतिथ्य क्षेत्र में भारतीय निवेश में 35% की वृद्धि हुई है। ऐसे में भारत के साथ रिश्ते खराब होने से तुर्किए पर करारी आर्थिक चोट पड़ी है और अब इसका असर दिखने लगा है। क्या है तुर्किए के साथ भारत के नये रिश्तों का स्वरूप और क्या हो रहा है असर, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

पहलगाम में नरसंहार करने वाले आतंकियों को उनके ठिकाने पर जाकर धूल चटाने के बाद पाकिस्तान बौखला गया। उसने इसे अपनी नाक का सवाल बना लिया और भारत के खिलाफ कायराना हरकतें शुरू कर दीं। ड्रोन और मिसाइलों से भारत पर हमला करके उसने साबित कर दिया कि वह सुधरने वाला नहीं है। लेकिन इससे भी ज्यादा चौंकाने वाली बात यह है कि इस नापाक हरकत में पाकिस्तान का साथ देने के लिए उसका एक ऐसा 'दोस्त' आगे आया, जिसने भारत के सारे एहसानों को पल भर में भुला दिया। यह 'दोस्त' और कोई नहीं, तुर्किए था।

'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान तुर्की ने खुलकर पाकिस्तान का साथ दिया। जिस देश ने कभी मुश्किल समय में भारत से मदद ली थी, उसी ने आज भारतीय सेना और आम लोगों को निशाना बनाने के लिए पड़ोसी मुल्क को ड्रोन और हथियार सप्लाई किये। तुर्किए ने दोस्ती की सारी हदें पार कर दीं और साबित कर दिया कि उसके लिए भारत के साथ निभाये गये पुराने रिश्ते कोई मायने नहीं रखते। अब भारत में इस धोखे का जबरदस्त विरोध हो रहा है और हर भारतीय के मन में यही सवाल है कि क्या दोस्ती का यही सिला मिलता है?

## तुर्किए पर क्या है भारत का एहसान

फरवरी 2023 में तुर्किए में आये बेहद भयंकर और महाविनाशकारी भूकंप में भारत मदद करने वाले पहले देशों में से एक था। इस दौरान भारत की ओर से 'ऑपरेशन दोस्त' चलाकर तुर्किए के लोगों की मदद की गयी थी। 'ऑपरेशन दोस्त' के तहत भारत ने तुर्किए में जाकर न केवल लोगों को बचाया था, बल्कि बड़ी तादाद में राहत सामग्री भी भेजी थी। इसके लिए भारतीय वायुसेना के सी-17 ग्लोबमास्टर विमान का भी उपयोग किया गया था।

## अब तुर्किए से हिसाब-किताब शुरू

वहीं अब तुर्किए की एहसान फरामोशी का जवाब देने भारत की जनता खुद सामने आ गयी है और खुलकर तुर्की के उत्पादों का बायकॉट कर रही है। भारत के फल विक्रेताओं ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान का सपोर्ट करने के लिए हमने तुर्की के सेबों का बायकॉट करने का फैसला लिया है। फल विक्रेताओं ने आगे कहा कि आतंकवाद का समर्थन करने वाले देशों से हम व्यापार नहीं करेंगे। वहां से अब सेब के साथ किसी अन्य फल का भी आयात नहीं किया जायेगा। अब हमने हिमाचल या फिर किसी अन्य भारतीय राज्य से सेब खरीदने का फैसला किया है।




## तुर्किए को लग रही है जबरदस्त आर्थिक चोट

आमतौर पर भारत में तुर्किए से हर साल 1,000 से 1,200 करोड़ रुपये के सेब आयात किये जाते हैं। तुर्किए द्वारा पाकिस्तान का समर्थन किये जाने के कारण मार्बल उद्योग ने भी आयात को बायकॉट करने का फैसला किया है। इससे तुर्किए को काफी आर्थिक चोट पहुंची है। इसके अलावा सोशल मीडिया पर भी 'तुर्किए बायकॉट' ट्रेंड कर रहा है और लोग तुर्किए घूमने की अपनी योजनाओं को ठंडे बस्ते में डाल रहे हैं। इस कारण से बड़ी संख्या में भारत से तुर्किए जाने की बुकिंग रद्द हो रही है। भारत के शीर्ष उद्योग निकाय कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (सीओआइटी) ने सभी व्यापारियों और नागरिकों से तुर्किए का बायकॉट करने की अपील की है।

## कैसा है भारत का तुर्किए से व्यापारिक रिश्ता

आंकड़ों के अनुसार तुर्किए में हर साल छह करोड़ के करीब विदेशी पर्यटक जाते हैं, जिनमें से अकेले भारतीयों की संख्या तीन लाख है। यह वृद्धि दर 20% (2023 से) है और तुर्किए में एक भारतीय पर्यटक करीब चार लाख रुपये खर्च करता है। 2023 की तुलना में पिछले साल तुर्किए में 20 प्रतिशत अधिक भारतीय यात्री आये थे। इसके अलावा करीब दो हजार करोड़ के फलों का आयात भी तुर्किए से किया जाता है, जो पिछले दो दिनों से बंद है। सीओआइटी ने कहा कि इससे पहले उसने चीनी उत्पादों के बायकॉट के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया था, जिसका काफी असर हुआ था। अब वह तुर्किए और अजरबैजान की यात्रा के बायकॉट के लिए अभियान चला रहा है। भारत तुर्किए से दाल, तिलहन और स्टील जैसी चीजें खरीदता है। दोनों देशों के बीच व्यापार को 20 अरब डॉलर तक ले जाने की योजना थी। लेकिन अब बदले माहौल में यह रिश्ता पूरी तरह खत्म हो सकता है। सरकार की ओर से अभी टूर ऑपरेटरों को कोई औपचारिक आदेश नहीं दिया गया है, लेकिन ज्यादातर ट्रैवल कंपनियों ने तुर्किए की बुकिंग में भारी गिरावट दर्ज की है।

## तुर्किए के राष्ट्रपति ने गलती कर दी

सवाल यह भी उठने लगा है कि क्या राष्ट्रपति तैय्यप एर्दोगन की हालत मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइजू की तरह ना हो जाये। यह ऐसे ही नहीं कहा जा रहा है। भारत ने तुर्किए से व्यापार खत्म कर दिया है, क्योंकि वह पाकिस्तान जैसे आतंकी समर्थक देश के साथ खड़ा है। जनवरी, 2024 जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लक्षद्वीप की तस्वीरें वायरल हुई थीं, तब मालदीव के नेताओं ने इस पर आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं और भारतीयों को निशाना बनाया। इसके बाद भारतीयों ने मालदीव के बहिष्कार की मांग की और टूरिज्म से लेकर व्यापार तक उसका असर दिखा। कई लोगों ने वहां जाना छोड़ दिया। मालदीव की अर्थव्यवस्था को बड़ा झटका लगा। अब ऐसा ही कुछ तुर्किए के साथ हो सकता है।

## सरकार का रुख भी कड़ा

अब भारत तुर्किए के साथ व्यापारिक रिश्ते खत्म करने की तैयारी में है। सरकार का कहना है कि भारत किसी ऐसे देश के साथ व्यापार नहीं कर सकता, जो 'आतंकवादी राज्य' का समर्थन करता हो। इस तरह भारत से दूरी बनाकर तुर्किए ने न सिर्फ कूटनीतिक गलती की है, बल्कि अपने टूरिज्म और व्यापार को भी संकट में डाल दिया है।

## विपक्ष भी तुर्किए पर हमलावर

तुर्किए के पाकिस्तान समर्थन पर सिर्फ आम लोग ही नहीं, विपक्षी नेता भी सख्त प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव शुक्ला ने कहा है कि तुर्किए में डेस्टिनेशन वेडिंग तुरंत बंद होनी चाहिए। वहीं शिवसेना (उद्धव) की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने तुर्किए में छुट्टियां बिताने को 'रक्त धन' करार दिया।

## कांग्रेस का दफ्तर है तुर्किए में

तुर्किए के भारत विरोधी रुख के कारण एक तरफ जहां विपक्षी दल और आम लोग उसका बहिष्कार कर रहे हैं, वहीं मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने अंकारा में अपना एक दफ्तर खोला है। कांग्रेस नेतृत्व को देश को इसका जवाब देना ही होगा।

---

# दुष्कर्मी को मुआवजा, आदिवासी युवती के लिए मौन : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि राज्य सरकार का मॉडल कुछ ऐसा है, जिसमें दुष्कर्मी को मुआवजा मिलता है और पीड़िता पर मौन रखा जाता है। बोकारो के कडरूखुट्टा गांव में एक आदिवासी युवती तालाब में स्नान करने गयी थी। वहीं गांव में काम कर रहा अब्दुल कलाम, महिला से छेड़खानी करता है और दुष्कर्म की कोशिश करता है। महिला चिल्लाती है, ग्रामीण जुटते हैं और आरोपी की जमकर पिटाई होती है। पिटाई के दौरान उसकी मौत हो जाती है। घटना दुखद है, क्योंकि कानून को हाथ में लेना सही नहीं।

**डॉ इरफान अंसारी पर कसा तंज :** कांग्रेस विधायक डॉ इरफान अंसारी ने पूरे मामले को मॉब लिंचिंग कहकर मुस्लिम उत्पीड़न की कहानी बना दी। हेमंत सोरेन सरकार ने तत्काल अब्दुल कलाम के परिवार को 4 लाख मुआवजा, 1 लाख सहायता राशि और स्वास्थ्य विभाग में नौकरी तक ऑफर कर दी। यह समझना बहुत अहम है कि राज्य और तथाकथित सेक्युलर विचारधारा ने इस मामले को कैसे पलट दिया।



**सरकार पूरी तरह वोट बैंक तुष्टिकरण में लिप्त :** डॉ इरफान अंसारी जैसे नेता इस मुद्दे को सांप्रदायिक रंग देकर आदिवासी समाज के घाव पर नमक छिड़कते हैं। जबकि झारखंड सरकार पूरी तरह वोट बैंक तुष्टिकरण में लिप्त है। बलात्कारी अगर राजनीतिक रूप से सुरक्षित समुदाय से हो, तो उसके घर को ही पीड़ित परिवार घोषित कर दिया जाता है। झारखंड की सरकार ने एक आदिवासी महिला की चीखों को अनसुना कर दिया, सिर्फ इसलिए कि आरोपी की पहचान उनके वोट बैंक से मेल खाती थी।

### बाबूलाल ने किया सवाल

बाबूलाल ने सरकार से सवाल करते हुए कहा कि क्या आदिवासी अब इस राज्य में दोयम दर्जे के नागरिक हैं? क्या आदिवासी स्त्रियों की अस्मिता अब आपकी राजनीति के लिए दूसरी प्राथमिकता बन चुकी है? या सिर्फ इसलिए चुप हैं क्योंकि यह मामला धर्मनिरपेक्ष नैरेटिव के खिलाफ जाता है?

---

# नक्सल अभियान के दौरान वज्रपात से घायल सीआरपीएफ अधिकारी हुए शहीद

आजाद सिपाही संवाददाता

**चाइबासा।** चाइबासा में नक्सल अभियान के दौरान गुरुवार की शाम वज्रपात होने से घायल सीआरपीएफ अधिकारी शहीद हो गये हैं। शहीद जवान एम प्रबो सिंह सीआरपीएफ 26 बटालियन के सेकंड कमान अफसर थे।

चाइबासा पुलिस ने शुक्रवार को एम प्रबो सिंह की मौत की पुष्टि की है। वहीं घायल तीन जवानों को शुक्रवार को एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया है।



**नक्सली अभियान के दौरान वज्रपात की चपेट में आये जवान:** बता दें कि चाइबासा जिले छोटानागरा थाना क्षेत्र के बालिबा में गुरुवार की देर शाम सुरक्षाबलों द्वारा नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान वज्रपात हुआ, जिसमें एम प्रबो सिंह के अलावा सीआरपीएफ के सहायक समादेष्टा सुधीर मंडल, एएसआइ सुरेश भगत और चांदलाल हांसदा घायल हो गये थे।

### नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों की चल रही लड़ाई

गौरतलब है कि पश्चिमी सिंहभूम जिले के कोल्हान, सारंडा और पोड़ाहाट जंगलों में नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों की लड़ाई चल रही है। प्रत्येक दिन सुरक्षा बल के जवान जंगल के अंदर नक्सलियों द्वारा बनाये गये बंकर व डंप को ध्वस्त कर उनके मंसूबों को नाकामयाब करने में जुटे हैं।
शुक्रवार को भी जराईकेला थाना क्षेत्र के वनग्राम कुलपाबुरू के आसपास जंगली और पहाड़ी क्षेत्र में नक्सलियों के पांच भूमिगत बंकर ध्वस्त किये गये। एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा (माओवादी) के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, अनल, असीम मंडल, अजय महतो समेत अन्य अपने दस्ते के साथ सारंडा व कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि को अंजाम देने के लिए भ्रमणशील हैं।
वहीं दूसरी तरफ चाइबासा पुलिस, कोबरा बटालियन, झारखंड जगुआर व सीआरपीएफ की विभिन्न बटालियनों की टीमों का एक संयुक्त अभियान दल गठित कर लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** कठिन परिश्रम-प्रयत्न से महत्वपूर्ण कार्य में सफलता मिलेगी। रोग-ऋण-शत्रुबाधा से छुटकारा मिलेगा।
- **वृष** नौकरी-व्यापार में सफलता मिलेगी, किसी प्रभावशाली व्यक्ति के सहयोग से महत्वपूर्ण काम बनेगा।
- **मिथुन** आजीविका की स्थिति में सुधार होगा,बकाये रकम की प्राप्ति होगी,वस्त्र-आभूषण।
- **कर्क** धार्मिक-सामाजिक क्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा, महत्वकांक्षा पूरी होगी।
- **सिंह** क्रोध-जोश-उतावलेपन में वृद्धि होगी, वाहन की सवारी सावधानी से करें चोट-चपेट लगने की आंशका।
- **कन्या** नौकरी में स्थानातंरण-पदोन्नति होने की संभावना,महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा,आर्थिक लाभ।
- **तुला** परिवार में संतान के विवाहादि मांगलिक कार्य सम्पन्न होगा। स्वजन-मित्रों का सहयोग।
- **वृश्चिक** संतान पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी, व्यवसाय की स्थिति में सुधार, संतोषजनक धनलाभ होगा।
- **धनु** इच्छित कार्य सफल होगा, महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी, विरोधियों पर विजय।
- **मकर** आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, रोग-ऋण-शत्रुबाधा का शमन, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण बनेगा।
- **कुंभ** स्वास्थ्य बाधा,दिमागी तनाव,इष्ट-मित्रों-स्वजनों से मार्मिक पीड़ा, परिश्रम-प्रयत्न से आवश्यक काम पूरा होगा।
- **मीन** आयु-आरोग्य की रक्षा होगी, बकाये रकम की प्राप्ति, श्रेष्ठजनों के सहयोग से रोजी-रोजगार में उन्नति होगी।

# भाजपा के नेता सेना का अपमान कर रहे : सुप्रियो

**हम सभी देशवासियों को अपनी बहादुर सेना पर गर्व है**

**राष्ट्रपति से हस्तक्षेप कर कार्रवाई की मांग की**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा पर देश की सेना को अमर्यादित करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि हम सभी देशवासियों को अपनी बहादुर सेना पर गर्व है, लेकिन भाजपा के नेता बार-बार सेना का अपमान कर रहे हैं, जिसे भाजपा का शीर्ष नेतृत्व संरक्षण दे रहा है। सुप्रियो शुक्रवार को पार्टी के हरमू स्थित कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के मंत्री बिजय शाह की ओर से की गयी सेना पर टिप्पणी पर भाजपा की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गयी। उनपर मुकदमा दर्ज करना तो दूर उन्हें मंत्रीपरिषद से बर्खास्त तक नहीं किया गया।

सुप्रियो ने कहा कि भाजपा देश की महिला, किसान और अल्पसंख्यकों के खिलाफ बोलने के लिए प्रोत्साहित करती है। उन्होंने कहा कि किसान आंदोलन के समय केंद्रीय गृह राज्य मंत्री का बेटा नौ किसानों को अपनी गाड़ी से कुचल देता है, लेकिन उसपर किसी तरह की कार्रवाई नहीं की गयी।

वहीं भाजपा सांसद ब्रजभूषण सिंह ने महिला पहलवानों पर अत्याचार किया, लेकिन सांसद पर भी भाजपा की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गयी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने ऑपरेशन सिंदूर में सेना के पराक्रम को धूमिल कर दिया। पाकिस्तान तीन टुकड़ों में बंट जाता। यह बेहद चिंताजनक स्थिति है। उन्होंने राष्ट्रपति से इन मामलों पर हस्तक्षेप करते हुए कार्रवाई की मांग की।

# जिसके दिल में तिरंगा का सम्मान नहीं, वे तिरंगा यात्रा को नौटंकी बोलते हैं : आदित्य साहू

**संविधान से ऊपर शरिया को मानने वाले मंत्री हफीजुल हसन को कब करेंगे बर्खास्त**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश महामंत्री और सांसद आदित्य साहू ने झामुमो महासचिव के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। श्री प्रसाद ने कहा कि झामुमो और इंडी गठबंधन राज्य की सत्तामद में चूर हो चुका है। पूरे राज्य में अराजकता की स्थिति है। संवैधानिक संस्थाओं को बौना कर दिया गया है। श्री साहू ने कहा कि जिसके दिल में तिरंगा के प्रति सम्मान नहीं होता उसे ही भारत की जनता के द्वारा भारतीय सेना के सम्मान में निकाली गयी तिरंगा यात्रा नौटंकी लगती है। कहा कि ऐसे लोगों को फिलिस्तीन और पाकिस्तान के झंडों से प्यार है। तभी तो जब पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाये जाते हैं तो ये झामुमो कांग्रेस की सरकार ऐसे लोगों पर कार्रवाई करने से कतराती है। कहा कि रांची राजधानी में अवैध तरीके से रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को देश से बाहर भेजने में भी ये लोग सोच विचार करने लगते हैं। नये-नये बहाने ढूंढ़ते हैं। कहा कि संविधान से ऊपर शरिया को मानने वाले राज्य सरकार के मंत्री ने संविधान और तिरंगे का खुल्लम खुल्ला अपमान किया लेकिन राज्य के मुख्यमंत्री तुष्टीकरण की राजनीति में इतने डूब चुके हैं कि मंत्री को बर्खास्त करना तो दूर उनसे सवाल पूछने की भी हिम्मत नहीं जुटा पाये। कहा कि झामुमो को पता होना चाहिए कि तिरंगा भारत की आन बान और शान है। इसको हाथों में लेकर लाखों ने देश के लिए जान गंवाएं हैं।

कहा कि झामुमो और इंडी गठबंधन की राजनीति पूरी तरह से परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण में आकंठ डूबी हुई है इसलिए तिरंगा यात्रा इन्हें बर्दाश्त नहीं।

कहा कि राज्य की जनता नमाज कक्ष, विद्यालयों में प्रार्थना पद्धति बदलना, स्कूल के गेट को मीनार का रूप देना, विद्यालय की छुट्टियों के दिन बदलना, कोरोना काल में भी तुष्टीकरण के आधार पर निर्णय लेना, बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण देना जैसी राजनीतिक नौटंकी को खूब जानती है।

कहा कि अच्छा होता झामुमो संविधान से ऊपर शरिया को मानने वाले मंत्री हफिजुल हसन को बर्खास्त करता और अपने तुष्टीकरण की राजनीति के लिए जनता से माफी मांगता।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्यिक), पूर्व मध्य रेल, धनबाद, एसएलआर का अनुबंध प्रदान करने के लिए वेबसाइट www.IREPS.gov.in के माध्यम से IREPS पोर्टल पर ओपन ई-नीलामी आमंत्रित करते हैं। विवरण निम्नानुसार है :-

**क्र. सं. (1) ई-नीलामी सूची :** पार्किंग, **ई-नीलामी सूची सं.:** पार्किंग-52-25, **ई.नीलामी प्रारंभ होने का निर्धारित दिन और समय का विवरण :** 29.05.2025, 15:00 बजे से, **कार्य का विवरण :** गढ़वा टाउन स्टेशन पर 03 वर्ष की अवधि के लिए 02 व्हीलर, 03 व्हीलर एवं 04 व्हीलर का पार्किंग स्टैंड।

सभी संभावित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे पूर्ण विवरण के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें और उपर्युक्त ई-नीलामी में कॉलम संख्या iv में दिए गए कार्यक्रम के अनुसार भाग लें। रेल प्रशासन के पास किसी/समस्त प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

**मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)**
**पूर्व मध्य रेल/धनबाद**

पीआर/0258/डीएचएन/सीओएमएल./एन/25-26/32

# मुख्यमंत्री से बीआइटी मेसरा के कुलपति ने की मुलाकात



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान (बीआइटी) मेसरा के कुलपति डॉ इंद्रनील मन्ना ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

## फुटपाथ दुकानदारों के पक्ष में संजय सेठ ने सीएम को लिखा पत्र, कहा

# दुकानदारों पर की गयी कार्रवाई मानवता को शर्मसार करने वाली

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है। पत्र के जरिये उन्होंने मोरहाबादी में सब्जी और फल बेचने वाले फुटपाथ दुकानदारों पर हुई अमानवीय कार्रवाई की कड़ी शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि काफी लंबे समय से यहां फुटपाथ पर सब्जी और फल की दुकान लगायी जा रही है, परंतु दो दिन पूर्व इन दुकानदारों पर की गयी कार्रवाई मानवता को शर्मसार करने वाली है। वहां से सैकड़ों परिवारों का लालन-पालन होता है। लोग फल-सब्जी बेचकर अपना घर चलाते हैं। उन्हें स्थायित्व प्रदान करने के बजाय यह कार्रवाई बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। इन दुकानदारों में ज्यादातर संख्या ग्रामीण क्षेत्र से जुड़े लोगों की रहती है। कई ग्रामीण किसान खुद की उपजाई सब्जी, फल और फसल बेचने के लिए यहां आते हैं। उनके आर्थिक स्वावलंबन की पूरी निर्भरता इसी फुटपाथ की दुकानदारी से होती है। दो दिन पूर्व नगर निगम और पुलिस के जरिये इन्हें हटाने के नाम पर इनके साथ बर्बरतापूर्ण कार्रवाई की गयी है। इनके फल और सब्जी को उठाकर फेंक दिया गया। उसे जब्त करने के नाम पर अमानवीय कृत्य किया गया। यह कार्रवाई बेहद गलत है। यह वर्तमान समय की जरूरत है कि मोरहाबादी के फुटपाथ दुकानदारों को स्थायी व्यवस्था देनी चाहिए। इससे सरकार को राजस्व की प्राप्ति भी होगी और इनके रोजगार के लिए स्थायी समाधान भी हो पायेगा। राज्य सरकार को इस बात पर गंभीरता दिखानी चाहिए कि ऐसी अन्यायपूर्ण कार्रवाई नहीं हो। इन दुकानदारों की रोजी रोजगार पर संकट नहीं हो। उनके समक्ष परिवार के लालन पालन का संकट नहीं हो। उनके बच्चों की फीस भरने में समस्या नहीं हो। सेठ ने कहा कि इसका अविलंब स्थायी समाधान निकालने के लिए मुख्यमंत्री आवश्यक निर्देश जारी करें।

# सचिवालय सेवा की रेणु पांडेय निलंबित, आदेश जारी

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड सचिवालय सेवा के अधिकारी और तत्कालीन सहायक प्रशाखा पदाधिकारी प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल रांची रेणु पांडेय को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। रेणु पांडेय के विरूद्ध प्रमंडलीय आयुक्त रांची कार्यालय की ओर से पत्र व टिप्पणी कार्मिक विभाग को लिखी गयी है। इस बीच विभाग ने उन्हें राज्यपाल सचिवालय में पदस्थापन के लिए फाइल बढ़ायी। लेकिन प्रमंडलीय आयुक्त की टिप्पणी की समीक्षा के बाद सीएम हेमंत ने उन्हें निलंबित करने का आदेश दिया। अब कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दिया है।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**निविदा सूचना संख्या: ई-टेंडर/2025/14, दिनांक : 15.05.2025।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (अभियांत्रिकी), दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर-721301 निम्नलिखित कार्यों के लिए मदों के सामने उल्लिखित तारीख को **अपराह्न 3:00 बजे** से पहले ई-निविदा आमंत्रित करते हैं और निविदा **अपराह्न 3:30 बजे** खोली जाएगी। **क्रम संख्या:** 1। **निविदा संख्या: ई-केजीपी-ईस्ट-39-2025। कार्य का विवरण:** डीईएन/ ईस्ट/खड़गपुर के अधिकार क्षेत्र के तहत हावड़ा-खड़गपुर खंड में थ्रू टर्नआउट नवीकरण (टीटीआर)-458 सेट और डीरेलिंग स्विच (डीएस) - 15 सेट के कार्य का निष्पादन। **निविदा मूल्य:** ₹ 5,30,50,924.13। **बयाना राशि:** ₹ 4,15,300। **क्रम संख्या:** 2। **निविदा संख्या: ई-केजीपी-ईस्ट-40-2025। कार्य का विवरण:** अबादा में संयुक्त क्रू लॉबी के साथ एक नए 100 शय्या वाले रनिंग रूम का निर्माण। **निविदा मूल्य:** ₹ 12,09,69,397.87। **बयाना राशि:** ₹ 7,54,900। **क्रम संख्या:** 3। **निविदा संख्या: ई-केजीपी-एचक्यू-17-2025। कार्य का विवरण:** डीईएन (मुख्यालय)/खड़गपुर के अधिकार क्षेत्र में पांसकुड़ा-हल्दिया खंड में ट्रांसलेमैटिक रोबोटिक पद्धति द्वारा 89 अदद जीर्ण हो चुकी सीएमएस क्रॉसिंग की री-कंडीशनिंग और इलेक्ट्रोड पद्धति द्वारा 41 अदद टंग रेल की री-कंडीशनिंग। **निविदा मूल्य:** ₹ 24,52,829.66। **बयाना राशि:** ₹ 49,100। **क्रम संख्या:** 4। **निविदा संख्या: ई-केजीपी-एचक्यू-18-2025। कार्य का विवरण:** एडीईएन/तमलुक के अधिकार क्षेत्र में पांसकुड़ा-हल्दिया खंड में 25/5-7 पर प्रतिबंधित ऊंचाई वाले सबवे (3मी.x2.7मी.) का निर्माण। **निविदा मूल्य:** ₹ 2,33,56,998.09। **बयाना राशि:** ₹ 2,66,800। **क्रम संख्या:** 5। **निविदा संख्या: ई-केजीपी-साउथ-23-2025। कार्य का विवरण:** एडीईएन/बालेश्वर के अधीन बालेश्वर में स्टाफ क्वार्टरों का नवीनीकरण एवं सुधार। **निविदा मूल्य:** ₹ 85,67,423.52। **बयाना राशि:** ₹ 1,71,400। **क्रम संख्या:** 6। **निविदा संख्या: ई-केजीपी-साउथ-24-2025। कार्य का विवरण:** एडीईएन/बालेश्वर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत रूपसा स्टेशन पर प्लेटफॉर्म का विस्तार, ऊंचा करना, पुनः सतहीकरण एवं अन्य सुविधाओं का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** ₹ 6,09,43,306.38। **बयाना राशि:** ₹ 4,54,700। **क्रम संख्या:** 7। **निविदा संख्या: ई-केजीपी-साउथ-25-2025। कार्य का विवरण:** एडीईएन (दक्षिण)/खड़गपुर के अधीन खड़गपुर मंडल के खड़गपुर-रूपसा खंड में मौजूदा पाइप वाले पुलों (10 अदद) का प्रतिस्थापन (7वां बुलावा)। **निविदा मूल्य:** ₹ 4,82,92,883.82। **बयाना राशि:** ₹ 3,91,500। **क्रम संख्या:** 8। **निविदा संख्या: ई-केजीपी-एचक्यू-19-2025। कार्य का विवरण:** एडीईएन/सेटलमेंट/खड़गपुर के अधिकार क्षेत्र में खड़गपुर में यातायात क्षेत्र में 17 इकाई नए टाइप-II क्वार्टरों का निर्माण। **निविदा मूल्य:** ₹ 4,66,73,158.92। **बयाना राशि:** ₹ 3,83,400। **क्रम संख्या:** 9। **निविदा संख्या : ई-केजीपी-एचक्यू-20-2025। कार्य का विवरण:** एडीईएन/सेटलमेंट/खड़गपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन खड़गपुर में एक नए क्रू लॉबी (जी+1) का निर्माण। **निविदा मूल्य:** ₹ 3,66,79,764.66। **बयाना राशि:** ₹ 3,33,400। **क्रम संख्या:** 10। **निविदा संख्या: ई-केजीपी-एचक्यू-21-2025। कार्य का विवरण:** एडीईएन/तमलुक के अधिकार क्षेत्र के अधीन (i) पांसकुड़ा-हल्दिया और तमलुक-दीघा खंड में बुल्ला पाइलिंग और सब-बैंक प्रदान करके ढलान/टो विफलता की संभावना वाले तटबंधों को मजबूत करना और (ii) पांसकुड़ा-हल्दिया खंड में सेस-45507 मीटर का चौड़ीकरण, मजबूतीकरण और सुधार/स्थिरीकरण (द्वितीय बुलावा)। **निविदा मूल्य:** ₹ 14,31,47,669.37। **बयाना राशि:** ₹ 8,65,700। **निविदा दस्तावेजों की कीमत:** ₹ 0 (क्रम संख्या 1 से 10 प्रत्येक के लिए)। **खुलने की तारीख:** 05.06.2025 (क्रम संख्या 1 से 7 प्रत्येक के लिए) और 12.06.2025 (क्रम संख्या 8 से 10 प्रत्येक के लिए)। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 12 (बारह) महीने (क्रम संख्या 1 और 4 से 10 प्रत्येक के लिए), 18 (अट्ठारह) महीने (क्रम संख्या 2 के लिए) और 06 (छः) महीने (क्रम संख्या 3 के लिए)। **बोली शुरू होने की तारीख:** 22.05.2025 से 05.06.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक (क्रम संख्या 1 से 7 प्रत्येक के लिए) और 29.05.2025 से 12.06.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक (क्रम संख्या 8 से 10 प्रत्येक के लिए)। निविदाओं के सम्पूर्ण विवरण/ ब्योरा/स्पेसिफिकेशन के लिए इच्छुक निविदादाता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं और अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इन कार्यों के लिए किसी भी परिस्थिति में मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। **वि.द्र.:** सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए भावी बोलीदाता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** नियमित रूप से देख सकते हैं।

(PR-163)

## मिलन समारोह में आजसू में शामिल हुए दर्जनों बुद्धिजीवी और युवा

# गुरुजी के विचारों से भटक गया है झामुमो : सुदेश महतो

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा है कि गुरुजी शिबू सोरेन के मूल सोच और विचारधारा से झामुमो भटक चुका है। गुरुजी शराब को समाज के लिए घातक मानते थे, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि खनिज संसाधनों से भरे-पूरे राज्य में शराब बेचकर राज्य का खजाना भरने की बात हेमंत सरकार कर रही है। श्री महतो ने पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह के बाद मीडिया से बात करते कहा कि राज्य सरकार की कथनी और करनी में भेद दिख रहा है।

श्री महतो ने कहा कि पेसा कानून के संबंध में भी राज्य सरकार का रवैया स्पष्ट नहीं है और इससे संबंधित बैठक में मुख्यमंत्री स्वयं उपस्थित नहीं दिखे। पेसा कानून को हुबहू लागू किया जाना चाहिए ताकि जनता की भावनाओं का सम्मान हो सके। उन्होंने कहा कि जेपीएससी को पटरी पर लाने में सरकार विफल रही है, जिससे युवाओं में आक्रोश दिख रहा है।

इससे पूर्व आजसू पार्टी के मिलन समारोह में दर्जनों बुद्धिजीवी और युवाओं ने पार्टी का दामन थामा। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो एवं झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर ने पार्टी का पट्टा पहनाकर उनलोगों का स्वागत किया। पार्टी में शामिल होने वालों में संजय साहू, डॉ अमित कुमार साहू, डॉ अभिषेक झा, डॉ अंबुज मिश्रा, मोहित गोप, रोहित प्रजापति, सुभाष गोप, देवेंद्र साहू, अमित साहू सहित अन्य युवा शामिल हैं। इस अवसर पर संजय मेहता, हरीश कुमार, दीपक महतो, डॉ पार्थ, जिलाध्यक्ष संजय महतो, मीडिया संयोजक परवाज खान, इम्तियाज अहमद नज्मी, चेतन प्रकाश, अजीत कुमार सहित अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।

नये सदस्यों को संबोधित करते हुए पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि पार्टी युवाओं की ऊर्जा और उत्साह को पहचानती है और उन्हें पार्टी के साथ जोड़कर अपने समाज और झारखंड प्रदेश के निर्माण में उनकी भूमिका को और मजबूत करना चाहती है। पार्टी हमेशा युवाओं के हितों की रक्षा और उनके विकास के लिए प्रतिबद्ध रही है।

# बिहार आइ बैंक के नाम में परिवर्तन के लिए राज्यपाल ने दिये निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार की अध्यक्षता में शुक्रवार को बिहार आइ बैंक ट्रस्ट की राज भवन में बैठक हुई। इसमें ट्रस्ट की वर्तमान गतिविधियों, भावी योजनाओं और संगठनात्मक स्वरूप पर विस्तृत चर्चा की गयी। राज्यपाल ने मौके पर कहा कि झारखंड राज्य के गठन को दो दशक से अधिक समय बीत चुका है, इसके बावजूद ट्रस्ट का नाम अब भी बिहार आइ बैंक ट्रस्ट ही है। उन्होंने इसके नाम में शीघ्र परिवर्तन हेतु निर्देशित किया।

राज्यपाल ने सभी ट्रस्टी से कहा कि वह ट्रस्ट लोगों को बेहतर नेत्र उपचार की सुविधा उपलब्ध कराकर समाज में एक विशिष्ट पहचान स्थापित करें। बिहार आइ बैंक ट्रस्ट नेत्र रोगों के उपचार एवं नेत्रदान को बढ़ावा देने के लिए जन-जागरूकता कार्यक्रमों को भी बढ़ावा दे। बैठक में बिहार आइ बैंक ट्रस्ट में आयुष्मान भारत योजना का लाभ लोगों को प्रदान करने और ट्रस्ट की वित्तीय स्थिति और संसाधनों के विविध स्रोतों पर भी विस्तृत चर्चा की गयी। बैठक में राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ नितिन कुलकर्णी, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह, वित्त विभाग के सचिव प्रशांत कुमार, संयुक्त सचिव, राज्यपाल सचिवालय अर्चना मेहता, ट्रस्ट की सचिव डॉ. प्रोन्नति सिन्हा सहित अन्य ट्रस्टी भी उपस्थित थे।

# मंईयां योजना के लाभुकों को एक साथ मिलेगी दो माह की राशि

## महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग ने 9609 करोड़ रुपये जारी किये

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के लिए खुशखबरी है। अप्रैल और मई माह की 5000 रुपये राशि एक साथ खातों में जल्द ट्रांसफर की जायेगी।

जानकारी के अनुसार महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग ने इसके लिए 9609 करोड़ रुपये की राशि जारी कर दी है। यह योजना सीएम हेमंत सोरेन की महत्त्वपूर्ण सामाजिक योजनाओं में से एक है, जिसका उद्देश्य राज्य की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।

सरकार की ओर से यह स्पष्ट किया गया है कि जिन लाभुक महिलाओं ने आधार सीडिंग नहीं करवाई है, उन्हें यह राशि नहीं मिलेगी। ऐसे में जिन महिलाओं ने अब तक आधार सीडिंग नहीं करवाया है, उन्हें 5000 रुपये नहीं मिलेंगे। अगर आपने अब तक आपका बैंक खाता आधार से लिंक नहीं है, तो जल्द से जल्द आधार सीडिंग करवा लें, वरना 5000 मिलने में देरी या रुकावट हो सकती है। इधर लाभुकों की स्क्रूटनी के बाद बड़ी संख्या में अपात्र लाभुकों को योजना से वंचित किया गया है। विभाग का कहना है कि यह कदम पारदर्शिता और वास्तविक लाभुकों तक सहायता पहुंचाने के उद्देश्य से उठाया गया है। सरकार का लक्ष्य है कि सभी पात्र महिलाओं तक समय पर लाभ पहुंचे और उनके खातों में बिना किसी परेशानी के राशि ट्रांसफर की जाये। विभाग ने जिलों के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वह आधार सीडिंग प्रक्रिया को तेजी से पूरा करायें, ताकि कोई भी पात्र महिला योजना से वंचित न हो।

### इन जिलों के लिए इतनी राशि आवंटित

| जिला | जारी राशि |
|---|---|
| गिरिडीह | 907.50 करोड़ |
| रांची | 823.50 करोड़ |
| धनबाद | 670.50 करोड़ |
| बोकारो | 639.00 करोड़ |
| पलामू | 559.50 करोड़ |

**सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लि. रांची**

Email id : sidhokanhofed@gmail.com, Phone :- 0651-2913012

**सूचना**

पत्रांक : 528/रांची, दिनांक : 15.05.2025

सिद्धकोफेड कार्यालय के संचालन एवं सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघों एवं लैम्पस / पैक्स स्तर पर विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण कार्य हेतु कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (सहकारिता प्रभाग), झारखंड से सेवानिवृत पदाधिकारियों एवं कर्मियों को वित्त विभाग के पत्रांक 6/एस-5 (भत्ता)/03/2011/1243/ वि. दिनांक 28.04.2016 एवं पत्रांक 6/एस-5 (भत्ता)/03/2011/928/ वि. 06.04.2022 के आलोक में संविदा के आधार पर नियत मानदेय / वेतन पर नियुक्त किया जाना है, जिसकी विवरणी निम्नवत है :-

| क्र. | पदनाम | पैतृक विभाग | पदबल |
|---|---|---|---|
| 1 | सेवानिवृत सहकारिता प्रसार पदाधिकारी | कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (सहकारिता प्रभाग), झारखंड | 01 (एक) |
| 2 | सेवानिवृत वरीय अंकेक्षण पदाधिकारी | | 01 (एक) |

इच्छुक एवं योग्य सेवानिवृत पदाधिकारी / कर्मी अपना आवेदन दिनांक से 27.05.2025 के अपराह्न 5.00 बजे तक विहित प्रपत्र में ई-मेल sidhokanhofed@gmail.com अथवा समेति भवन कांके रोड, रांची के प्रथम तल्ल में स्थित कार्यालय में जमा कर सकते हैं। प्रोफोर्मा / विस्तृत जानकारी https://sidhkofed.jharkhand.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है।

चयन की प्रक्रिया संघ की स्थापना कमिटी के माध्यम से निर्धारित मापदण्डों के आधार पर की जायेगी।

ह0/-
सचिव

पत्रांक : 532/रांची , दिनांक : 15.05.2025




आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 17 मई, 2025
www.azadsipahi.in


## पलाश दीदी कैफे फूड क्लस्टर विकास परियोजना

# झारखंड की ग्रामीण महिलाओं के लिए उद्यमिता की नयी उड़ान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पलाश दीदी कैफे फूड क्लस्टर विकास परियोजना के अंतर्गत आयोजित दस दिवसीय उद्यमिता प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुक्रवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस छठे प्रशिक्षण बैच में झारखंड के 12 जिलों से आयीं 30 स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने भाग लिया, जिससे अब तक प्रशिक्षित महिलाओं की संख्या 155 हो गयी है। इस प्रशिक्षण में स्थानीय व्यंजन, बेकरी, फूड सर्विस, कैफे की स्थापना, लागत निर्धारण, बिक्री तकनीक और उद्यमिता जैसे विषयों को शामिल किया गया। प्रशिक्षण के एक भाग के रूप में, प्रतिभागियों ने



रांची उपायुक्त कार्यालय में पूनम दीदी द्वारा संचालित सफल कैफे का दौरा किया, जिससे उन्हें व्यावहारिक अनुभव और वास्तविक समय में सीखने का अवसर मिला।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आइएचएम रांची और जेएसएलपीएस के बीच हुए समझौता ज्ञापन (एमओयू) के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य अगले तीन वर्षों में झारखंड के विभिन्न जिलों में 100 दीदी कैफे स्थापित करना है। शुक्रवार को समापन समारोह में सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरांत प्रमाण पत्र प्रदान किये गये।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व और ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह के मार्गदर्शन में ग्रामीण विकास विभाग स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं की आजीविका को सशक्त करने हेतु प्रतिबद्ध हैं, और यह परियोजना इसी दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण पहल है।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सीइओ जेएसएलपीएस कंचन सिंह, साथ ही आइएचएम रांची के प्राचार्य डॉ. भूपेश कुमार, राज्य कार्यक्रम प्रबंधक नितीश कुमार सिन्हा और मीनाक्षी प्रकाश भी मौजूद रहे। कंचन सिंह ने कहा की, यह पहल न केवल ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बना रही है, बल्कि झारखंड की सांस्कृतिक और पाक विरासत को प्रस्तुत करने का एक सशक्त मंच भी प्रदान कर रही है। डॉ. भूपेश कुमार ने कहा, आइएचएम रांची झारखंड की महिलाओं को विश्व स्तरीय आतिथ्य और खाद्य सेवा कौशल प्रदान करने के लिए समर्पित है, ताकि वे अपने गांव और जिलों में सफल उद्यमी बन सकें। यह साझेदारी झारखंड में समावेशी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

यह कार्यक्रम न केवल महिलाओं को सशक्त बना रहा है, बल्कि झारखंड के पारंपरिक व्यंजनों को भी एक नयी पहचान दे रहा है।

## झारखंड में तापमान हुआ 43 डिग्री के पार आज से राहत की उम्मीद

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड में तापमान बढ़कर 43 डिग्री के पार पहुंच गया है। पलामू में तापमान शुक्रवार को 43.3 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने 17 मई से गर्मी से राहत मिलने की सम्भावना व्यक्त की है। विभाग के अनुसार 17 मई को राज्य के पश्चिमी जिलों को छोड़कर शेष हिस्सों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। बारिश होने के बाद तपमान में कमी आने की उम्मीद है। वहीं राज्य के कुछ जिलों में तापमान 41 डिग्री के पार पहुंच गया है। राज्य के जिन जिलों में तापमान 41 डिग्री के करीब पहुंच गया है। इनमें गढ़वा 41.8, गोड्डा 41.6 और सरायकेला-खरसांवा में तापमान 41.9 डिग्री शामिल है। वहीं कुछ जिलों में तापमान 40 डिग्री के करीब है। इनमें जमशेदपुर में 39.5, चाइबासा 39.4, चतरा 39.2, हजारीबाग 39 डिग्री और जामताड़ा में अधिकतम तापमान 38.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। उल्लेखनीय है कि मौसम विभाग ने पूर्व में ही मई के अंतिम हफ्ते में राज्य में प्रचंड गर्मी पड़ने की आशंका व्यक्त की थी।

## महत्वपूर्ण खबरें

### फुले फिल्म को टैक्स फ्री करे सरकार : राजेश कुमार गुप्ता



रांची (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि वे फुले फिल्म को टैक्स फ्री कर करें। महात्मा ज्योतिबा फुले और माता सावित्रीबाई फुले के जीवन और कार्यों की जानकारी मिलेगी, बल्कि इससे समाज में भी जागरूकता फैलेगी। मुख्यमंत्री ने देश के पहली महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाइ फुले के सम्मान राज्य में सावित्रीबाइ फुले बालिका समृद्धि योजना भी चलायी है, जो अति प्रशंसनीय कार्य है। इसके अलावा, राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा झारखंड प्रदेश ने मुख्यमंत्री से यह भी आग्रह किया है कि वे झारखंड में फुले फिल्म को टैक्स फ्री करें। इससे अधिक से अधिक लोग इस फिल्म को देख सकेंगे और महात्मा ज्योतिबा फुले के आदर्शों और संघर्षों से प्रेरणा ले। महात्मा ज्योतिबा फुले एक महान समाज सुधारक थे, जिन्होंने अपनी पत्नी माता सावित्रीबाई फुले के साथ मिलकर महिलाओं और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण कार्य किया है उनकी जीवनी पर आधारित या फिर उनके आदर्शों और संघर्षों को दर्शाती है, जो आज भी प्रासंगिक है।

### रेलवे बोर्ड से करही-सगमा के बीच नयी कॉर्ड रेल लाइन को स्वीकृति मिली

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। मध्य प्रदेश में रेल बुनियादी ढांचे को मजबूती प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, रेलवे बोर्ड ने पश्चिम मध्य रेल (डब्ल्यूसीआर) क्षेत्र के तहत एक महत्वपूर्ण नयी रेल लाइन परियोजना को स्वीकृति प्रदान की है। प्रस्तावित कॉर्ड रेल लाइन करही और सगमा के बीच 5.31 किलोमीटर की है, इस नयी रेल लाइन परियोजना को रुपये 165.20 करोड़की लागत से स्वीकृति प्रदान की गयी है। प्रदेश में कनेक्टिविटी बढ़ाने के उद्देश्य से रेलवे परियोजनाओं की स्वीकृति और विकास में महत्वपूर्ण कदम है। अंब्रेला वर्क के तहत प्रस्तावित करही से सगमा (5.31 किमी.) के बीच कॉर्ड रेल लाइन रेल कनेक्टिविटी के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इसका उद्देश्य लाइनों की क्षमता में वृद्धि, फ्लाई ओवर एवं बाइपास लाइनों के बीच कनेक्टिविटी बढ़ाना है। करही स्टेशन सतना-पन्ना-खजुराहो निर्माणाधीन नयी लाइन पर एक नया स्टेशन है, और सगमा स्टेशन सतना-मानिकपुर-प्रयागराज डबल लाइन रूट पर स्थित है। वर्तमान में सतना-मानिकपुर खंड की लाइन क्षमता की उपयोगिता 120% है, जो आगामी वर्ष 2027 तक इसकी उपयोगिता 143% तक बढ़ने का अनुमान है। ललितपुर-सिंगरौली नयी रेल परियोजना के अंतर्गत रीवा-सिंगरौली के बीच नयी लाइन का कार्य भी प्रगति पर है। करही और सगमा के बीच प्रस्तावित द्वि-दिशात्मक कॉर्ड लाइन ललितपुर-सिंगरौली नयी लाइन को इटारसी-मानिकपुर मौजूदा लाइन से जोड़ेगी। इससे मानिकपुर-पन्ना इसके विपरीत जाने वाली ट्रेनों को सतना जंक्शन स्टेशन पर जाये बिना सीधे चलने में सुविधा होगी और इस तरह सतना में इंजन को बदलना नहीं पड़ेगा, जिससे समय की बचत होगी। यह रेल संपर्क क्षेत्रीय व्यापार, गतिशीलता और संसाधनों तक पहुंच को बढ़ावा देगा। करही से सगमा कॉर्ड रेल लाइन बनने से मध्य प्रदेश के महत्वपूर्ण राज्यों सतना, पन्ना एवं खजुराहो के पर्यटक संपर्क को मजबूती मिलेगी। सतना एवं पन्ना औद्योगिक शहर है, जिनमें प्रचुर मात्रा में सीमेंट और खनिज उद्योग हैं, जो मध्य प्रदेश के कई हिस्सों को जोड़ता है। इस लाइन से क्षेत्र में माल ढुलाई, औद्योगिक विकास, पर्यटन और बेहतर यात्री संपर्क में मदद मिलने की उम्मीद है।

# नीरज चोपड़ा ने दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर भाला फेंका

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** भारत के स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर भाला फेंका। उन्होंने पहले प्रयास में 88.44 मीटर स्कोर किया, जबकि दूसरा थ्रो अमान्य रहा। फिर नीरज ने तीसरे प्रयास में अपने करियर का बेस्ट थ्रो किया। यह नीरज चोपड़ा का सबसे लंबा थ्रो है। इससे पहले उनका बेस्ट थ्रो 89.94 मीटर था, जो उन्होंने 2022 डायमंड लीग में हासिल किया था। दोहा में चल रहे इस इवेंट में नीरज के अलावा, मिडिल डिस्टेंस रनर गुलवीर सिंह 5000 मीटर रेस में नौवें स्थान पर रहे। उन्होंने 15:24.32 मिनट में रेस पूरी की। उन्होंने अपने पर्सनल बेस्ट रिकॉर्ड की बराबरी की। नीरज डायमंड लीग का दोहा चरण नहीं जीत सके। उन्हें जर्मनी के जूलियन वेबर ने हराया, जिन्होंने छठे प्रयास में 91.06 मीटर का थ्रो किया।




### 90 मीटर प्लस स्कोर करनेवाले तीसरे एशियाई एथलीट

नीरज चोपड़ा जेवलिन थ्रो में 90 मीटर से ज्यादा स्कोर करने वाले एशिया के तीसरे खिलाड़ी बन गये हैं। इतना ही नहीं, वे ऐसा करनेवाले दुनिया के 25वें जेवलिन थ्रोअर बने हैं। नीरज चोपड़ा 2024 के डायमंड लीग फाइनल में दूसरे स्थान पर रहे थे। उन्होंने अपने तीसरे अटेम्प्ट में 87.86 मीटर का बेस्ट थ्रो फेंका थे, लेकिन चैंपियन बनने से 0.01 मीटर दूर रहे। ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स ने अपने पहले अटेम्प्ट में 87.87 मीटर का बेस्ट थ्रो फेंक कर पहला स्थान हासिल किया था।

# संत जेवियर्स कॉलेज में 'कांसेप्ट ऑफ डिजाइन थिंकिंग' पर कार्यशाला

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज रांची में शुक्रवार को गणित और सांख्यिकी विभाग एवं आइक्यूएसी के द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं के दिमाग में उत्पन्न हुए नये विचारों के लिए प्रोत्साहित करना और क्रियान्वयन संबंधी जानकारी उप्लब्ध कराना था। मौके पर सैमसंग मार्केटिंग टीम से वक्तागण आये और लगभग 500 विद्यार्थी का ज्ञानवर्धन किया। आयोजित कार्यकम की शुरूआत मौजूद अतिथि गण एवं कॉलेज के प्राचार्य ने दीप प्रज्ज्वलित कर के किया। प्राचार्य डॉ फादर रॉबर्ट प्रदीप कुजूर एसजे ने कहा कि ज्ञान छिपने की चीज नहीं है, इसे बिखेरकर स्वंय के काम में निखार लाया जाता है। सैमसंग मार्केटिंग टीम के गौरव त्यागी ने छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ नये इनोवेटिव आइडियाज को सफल बनाने के



लिए टिप्स दिये उसके महत्व को बताने का प्रयास किया और छात्रों से नये विचारों एवं योजनाओं से संबंधित वार्ता की। इस दौरान उपस्थित विद्यार्थिगण से ऑनलाइन व ऑफलाइन फार्म के द्वारा नये विचार संग्रहित किये।

कार्यक्रम में विशिष्ट अथिति के रूप में सैमसंग (सीएसआर) मार्केटिंग टीम से समकेंद्रा , सैमसंग मार्केटिंग टीम से गौरव त्यागी और राधिका तोमस, प्राचार्य डॉ फादर रॉबर्ट प्रदीप कुजूर एसजे, विभागाध्यक्ष डॉ रमन कुमार दास, परीक्षा नियंत्रक बीके सिन्हा, आइक्यूएसी कॉर्डिनेटर डॉ शिव कुमार, रजिस्ट्रार डॉ प्रभात केनेडी सोरेंग, डॉ विजय कुमार मेहता, डॉ मनोज कुमार सिंह, डॉ पप्पू महतो, राकेश मिश्रा, वीरभद्र सिंह, डॉ राजेश कुमार सहित अन्य प्राध्यापक भी मौजूद थे।

# एनआइबीएम में मैट्रिक, इंटर और स्नातक के बाद सरकारी नौकरी पर कार्यशाला आयोजित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मैट्रिक और इंटर के परिणाम घोषित होने के बाद युवाओं के लिए एसएससी, रेलवे, पोस्ट ऑफिस, झारखंड में असिस्टेंट पद के लिए और स्नातक के बाद बैंकिंग, एसएससी, रेलवे व अन्य में ऑफिसर पद के लिए प्रतिवर्ष लाखों वैकेंसी आती हैं। इस कार्यशाला में इन पदों के पीटी, मेंस और इंटरव्यू में कैसे-कैसे प्रश्न पूछे जाते हैं और कम समय में हल करके निश्चित जल्द सफलता कैसे प्राप्त करें। इसकी योजना पर विशेष चर्चा की गयी



युवाओं को इंटर के बाद और स्नातक में एडमिशन लेने के साथ ही इसकी तैयारी शुरू कर देनी चाहिए, तैयारी में 1 से 2 वर्ष लग जाते हैं।

निदेशक एमके गुप्ता ने बताया पिछले 27 वर्षों से रिकॉर्ड रिजल्ट के साथ युवाओं को तैयारी करवाकर सरकारी नौकरी दिलवाने में मदद कर रहे हैं। कम समय में सही प्रश्नों को कैसे बनायें इसकी रणनीति बताये। संस्था में लाइब्रेरी और रीडिंग रूम है जहां अंतिम चयन तक युवा ग्रुप बनाकर पढ़ते हैं। साथ ही अपनी समस्याओं को प्रतिदिन विशेषज्ञ से पूछ कर हल कर लेते हैं। सभी शिक्षक काफी अनुभवी हैं। निर्देशक खुद क्लास लेते हैं। उन्होंने बताया कि बैंकिंग, एसएससी रेलवे के लिए सेपरेट और कंबाइंड बैच युवाओं की मांग को देखते हुए मैथ्स और रिजनिंग का सेपरेट बैच भी हिंदी-अंग्रेजी दोनों में 16 - 19 मई से प्रारंभ किया जा रहा है। इच्छुक युवा एनआइबीएम चौथी मंजिल श्री साईं टावर सर्कुलर रोड रांची और 9334726278 और 88252625 पर संपर्क कर सकते हैं।

# जयराम ने जेपीएससी अभ्यर्थियों का अनशन तुड़वाया, राज्यपाल ने दिया आश्वासन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** जेपीएससी परीक्षा के परिणाम जारी करने की मांग को लेकर बीते 10 दिनों से अभ्यर्थी धरने पर बैठे थे। शुक्रवार को इस धरने को डुमरी विधायक जयराम महतो ने समाप्त करवा दिया। दरअसल, धरने पर बैठे अभ्यर्थियों से मिलने पहुंचे विधायक जयराम महतो ने पहले उन्हें समझाया और फिर नारियल पानी पिलाकर उनका आंदोलन समाप्त करवाया। साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि अगर आने वाले दिनों में परिणाम जारी नहीं किया गया, तो झारखंड के सभी जिलों में बड़े पैमाने पर



आंदोलन किया जायेगा। वहीं संगठन के वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो ने कहा कि अंतिम मई महीना तक रिजल्ट प्रकाशन कर दें अन्यथा जून का महीना आंदोलन के महीने के रूप में जाना जायेगा।

### अभ्यर्थियों की मांग लेकर राज्यपाल से मिले जयराम महतो

आंदोलन समाप्त करवाने के बाद विधायक जयराम महतो अभ्यर्थियों के साथ राज्यपाल संतोष गंगवार से मिलने पहुंचे। उन्होंने राज्यपाल को पूरी समस्या से अवगत कराया। इस पर राज्यपाल ने गंभीरता दिखाते हुए कहा कि यह मामला उनके संज्ञान में है और जल्द इस पर पहल की जायेगी।

## 'आपरेशन सिंदूर'



अब न सहेंगे धमकी किसी की कोई
न्यूक्लियर डर अब पुरानी बात हुई
नाम रखा मिशन का ऑपरेशन सिंदूर
उजाड़ दिया जड़ से, उजाड़ा जिसने सिंदूर।
सेना, वायु, जल, थल और खूफिया तंत्र
हर योद्धा के दिल में बसा था राष्ट्र का मंत्र
देखा सबने भारत में बने हथियारों की शान
किया दुनिया ने सलाम यही भारत की पहचान।
टेरर और टॉक, एक साथ नहीं हो सकते
टेरर और ट्रेड, एक साथ नहीं चल सकते
पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते
स्पष्ट रूप से सिर्फ मोदी ही ऐसा कह सकते।
अब तो बस बात होगी इन्हीं दो बातों पर
आतंकवाद और पाक अधिकृत कशमीर पर
पालना न देखो भ्रम कोई किसी भी बात पर
गढ़ी भारत ने नयी परिभाषा डंके की चोट पर।
भारतीयों का जोश देखकर पाक डर गया
धूल चटाई हमने घबराया और गिड़गिड़ाया
नया भारत है यह बिल्कुल स्पष्ट और कठोर
पूरे भारत में गूंजता रहा वंदेमातरम का शोर।

**डॉक्टर राजश्री जयंती**
**भाजपा नेत्री एवं साहित्यकार**

# हाइपरटेंशन डे पर पारस हॉस्पिटल की सलाह : 35 की उम्र के बाद ब्लड प्रेशर की जांच जरूरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** हर साल 17 मई को वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे यानी विश्व उच्च रक्तचाप दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों में हाइपरटेंशन के प्रति जागरूकता फैलाना और समय पर इसकी पहचान और नियंत्रण को बढ़ावा देना है।

इस वर्ष 2025 में वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे का विषय अपने रक्तचाप को सटीक रूप से मापें, इसे नियंत्रित करें, लंबे समय तक जिएं हैं। वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे पर पारस हॉस्पिटल एचइसी ने आम लोगों को सलाह दी है कि जिन लोगों की उम्र 35 के ऊपर हो गयी है, वो नियमित रूप से अपना ब्लड प्रेशर की जांच करायें।




**डॉ से सलाह जरूर लें :** पारस हॉस्पिटल के सीनियर कंसल्टेंट कार्डियोलॉजिस्ट डॉ महेश कुशवाहा ने कहा कि नियमित एक्सरसाइज और खाने में कम नमक का इस्तेमाल करने से ब्लड प्रेशर की बीमारी से बचा जा सकता है। अगर ब्लड प्रेशर से संबंधित किसी भी तरह की परेशानी हो रही हो तो तुरंत डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए। वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे मनाने का उद्देश्य भी यही है कि लोग ब्लड प्रेशर की बीमारी के प्रति लोग जागरूक रहे।

**'साइलेंट किलर' है हाइपरटेंशन:** पारस हॉस्पिटल के कार्डियोलॉजी कंसलटेंट डॉ कुंवर अभिषेक ने कहा कि हाइपरटेंशन को 'साइलेंट किलर' भी कहा जाता है। इसको नजरअंदाज करना खतरनाक हो सकता है।

ब्लड प्रेशर को बढ़ने का मुख्य कारण अधिक उम्र, आनुवांशिकी, अधिक वजन या मोटापा, शारीरिक रूप से सक्रिय न होना, अधिक नमक वाला भोजन, बहुत अधिक शराब पीना आदि शामिल है। इससे बचने के लिए जीवनशैली में बदलाव जैसे स्वस्थ आहार खाना, तंबाकू छोड़ना और अधिक सक्रिय होना ब्लड प्रेशर को कम करने में मदद कर सकता है। कुछ लोगों को अभी भी दवाएं लेने की आवश्यकता हो सकती है।

पारस हॉस्पिटल एचइसी के मार्केटिंग हेड मानस लाभ ने कहा कि बदलती जीवनशैली, तनाव, असंतुलित आहार और शारीरिक गतिविधियों की कमी के कारण युवाओं में भी हाइपरटेंशन के मामले बढ़ रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं, समय-समय पर जांच कराएं और डॉक्टर की सलाह को नजरअंदाज न करें।

### ब्लड प्रेशर एक आम बीमारी हो चुकी है

पारस हॉस्पिटल की इंटरनल मेडिसिन की सीनियर कंसल्टेंट डॉ माया ने कहा कि ब्लड प्रेशर एक आम बीमारी हो चुकी है। 33% की जनसंख्या में लोग ब्लड प्रेशर से प्रभावित हैं। 35 उम्र के ऊपर वाले लोग साल में कम से कम हर 6 महीने पर ब्लड प्रेशर की जांच जरूर करानी चाहिए। ब्लड प्रेशर की जांच नहीं होने से और अचानक बीपी बढ़ने से बहुत ही ज्यादा खतरनाक जानलेवा बीमारी हो जाती हैं, जिसमें की ब्रेन हेमरेज स्ट्रोक बहुत बड़ी संभावनाएं है।

### 30 मिनट एक्सरसाइज और योगा करें

ब्लड प्रेशर से बचने के लिए फिजिकली एक्टिव होना होगा। प्रतिदिन 30 मिनट एक्सरसाइज और योगा करें। अपने वजन को कम करें। हेल्दी डाइट को अपने खाने में शामिल करें। कम नमक वाले डाइट को नियमित रूप से ले। स्मोकिंग और अल्कोहल से दूरी बनाये रखें। साथ ही भरपूर नींद लें। हमेशा खुश रहने का प्रयास करें। एक अच्छा और हेल्दी लाइफस्टाइल को अपनायें। जिनको ब्लड प्रेशर की बीमारी हो चुकी है, वो नियमित रूप से डॉक्टर से सलाह लें और उनके द्वारा दिये गये दवाइयों का सेवन जरूर करें। दवाई को छोड़े नहीं।






## जेएससीए चुनाव : टीम एसके बेहरा ने जारी किया अपना मेनिफेस्टो

# जेएससीए में भाई-भतीजावाद खत्म करेंगे : एसके बेहरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (जेएससीए) के चुनाव में अध्यक्ष पद के उम्मीदवार एसके बेहरा ने कहा है कि जीत मिली तो वह जेएससीए में भाई-भतीजावाद खत्म करेंगे। अच्छे प्लेयर को मौका नहीं दिया जा रहा। फेस वैल्यू और पैरवी पहुंच पर खिलाड़ियों का चुनाव होता है। इस कारण कई खिलाड़ी डिप्रेशन में चले जा रहे हैं। जेएससीए के फंड का क्या होता, किसी को पता नहीं चलता। जीत मिली तो पारदर्शिता लायेंगे। हालांकि उन्होंने इस सवाल का जवाब नहीं दिया कि ऐसे गंभीर विषयों पर वह इतने दिनों तक चुप क्यों रहे।

इतना भर कह कर सवाल से किनारे हो गये कि अब बोलना गलत है क्या। उनसे जब यह पूछा गया कि जेएससीए में क्रिकेट और इससे जुड़े लोगों की अपेक्षा ठेकेदार, व्यवसायी व अन्य वर्गों के सदस्यों की बहुलता दिखती है। उन्होंने स्वीकार किया कि जेएससीए का राजनीतिकरण होता जा रहा है। इन सब विषयों पर उनकी नजर है। बेहरा शुक्रवार को मीडियाकर्मियों से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान अपनी टीम का मेनिफेस्टो भी जारी किया। इस अवसर पर उनकी टीम से चुनाव लड़ रहे सभी अन्य प्रत्याशी भी मौजूद थे। अचानक जेएससीए अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा कि बचपन से ही उनकी क्रिकेट में रुचि रही है। व्यवसाय से जुड़े होने के कारण वह क्रिकेट में बहुत अच्छा नहीं कर सके, लेकिन क्रिकेट के क्षेत्र में कुछ करना, उनकी दिली इच्छा रही है। गांव में भी अच्छे खिलाड़ी हैं। उन्हें आगे लाना और इसके लिए अवसर पैदा करना, उनकी पहली प्राथमिकता होगी। वैभव सूर्यवंशी इसका उदाहरण है। रांची में बैठ कर गांव में खिलाड़ी पैदा नहीं किया जा सकता। इसके लिए गांव से लेकर शहर तक सुविधा और संसाधन उपलब्ध कराने की कोशिश करेंगे।




### एसके बेहरा टीम के प्रमुख चुनावी वादे

गांव और ग्रासरूट से क्रिकेट को प्रमोट करना, अधिक से अधिक स्टेट, नेशनल और इंटरनेशनल टूर्नामेंट व लीग मैचों का आयोजन कराना। स्कूल, कॉलेज और यूनिवर्सिटी लेवल पर क्रिकेट को मजबूत करना, सभी 24 जिलों में क्रिकेट को मजबूत करना। क्रिकेट के मैदान और स्टेडियमों का निर्माण, संरक्षण के अलावा एकेडमी को मजबूत करना। जोन और जिला स्तर पर हाई परफॉर्मेंस सेंटरों का निर्माण कराना।

### आरोपों पर क्या बोले

लगातार पांच एजीएम में उपस्थित नहीं रहने पर सदस्यता समाप्त हो जाती है। फिर आप सात साल तक एजीएम में नहीं आये तो सदस्यता कैसे बनी रही। उन्होंने कहा कि 2024 के एजीएम में वह शामिल हुए थे। जब वह जेएससीए के मेंबर और वोटर हैं तो चुनाव कैसे नहीं लड़ सकते। अमिताभ चौधरी के नाम का चुनाव में उपयोग करने पर उनके पुत्र और पुत्री की आपत्ति पर उन्होंने कहा कि यह गलत नहीं है। किसी बड़े व्यक्ति का नाम लेना गलत नहीं है। उनकी अमिताभ चौधरी के पुत्र और पुत्री से बात हुई है।

# सैनिकों के सम्मान में निकाली तिरंगा यात्रा

**ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर 'तिरंगा यात्रा' में शामिल हुईं केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह के ऐतिहासिक झंडा मैदान में भारतीय सेना के अद्वितीय एवं साहसिक सैन्य अभियान ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता के सम्मान में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस गौरवशाली अवसर पर कोडरमा लोकसभा की सांसद एवं भारत सरकार की महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

केंद्रीय मंत्री ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने यह साबित कर दिया है कि भारत अब आतंकवाद को जड़ से समाप्त करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। हमारी सेना की वीरता, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की सुरक्षा नीति का प्रतिबिंब है। कार्यक्रम की शुरूआत झंडा मैदान से तिरंगा यात्रा के साथ हुई, जिसमें हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लिए हजारों नागरिकों ने राष्ट्र के प्रति अपने सम्मान को अभिव्यक्त किया। यात्रा के दौरान वंदे मातरम, भारत माता की जय जैसे नारों से पूरा वातावरण देशभक्ति से गुंजायमान हो उठा। इस भव्य आयोजन में झारखंड प्रदेश भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र कुमार राय, विधायक डॉ मंजू कुमारी, जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी, जिला परिषद उपाध्यक्ष छोटेलाल यादव, गिरिडीह जिला भाजपा अध्यक्ष महादेव दुबे, गिरिडीह जिला के प्रबुद्ध जन, एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों सहित आम नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं, पूर्व सैनिकों तथा समाज के विभिन्न वर्गों की भागीदारी ने इसे एक जन आंदोलन का स्वरूप प्रदान किया।




# जीनल एन गाला 18 मई को रांची पहुंचेंगी

**झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग जोर-शोर से तैयारियों में जुटी**


आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन मंजूर अंसारी ने शुक्रवार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, रांची में प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के नवनियुक्त झारखंड प्रभारी जीनल एन गाला 18 मई को रांची पहुंचेंगी। इसकी तैयारियां जोर शोर से की जा रही है। मंजूर अंसारी ने कहा कि जीनल एन गाला काफी अनुभवी हैं, इनके प्रभारी बनने से अल्पसंख्यक विभाग को जमीनी स्तर पर कार्य करने में बल मिलेगा। झारखंड प्रभारी के आगमन होने पर 18 मई को रांची के विभिन्न चौक-चौराहों पर महान शहीदों की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए कांग्रेस भवन पहुंचेंगी, जहां पार्टी की ओर से जोरदार स्वागत अभिनंदन किया जायेगा। इसके उपरांत प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में संगठन की मजबूती पर विचार-विमर्श कर सामयिक रणनीति बनायी जायेगी। मंजूर अंसारी ने कहा कि झारखंड प्रदेश से कुछ मॉब लिंचिंग की खबरें भी आ रही हैं। झारखंड में सबसे ज्वलंत मुद्दा मॉब लिंचिंग का कानून नहीं बनता है तो मैं पार्टी पदाधिकारियों के साथ अपने आवास बोकारो से राजभवन तक पदयात्रा कर पहुंचेंगे और पद यात्रा का नाम न्याय यात्रा होगी। हम अपने शीर्ष नेतृत्व से इस बात का गुजारिश किये हैं कि इस पर जितना जल्दी हो सके मॉब लिंचिंग पर कठोर कानून बने। गठबंधन की सरकार को शुक्रिया अदा करते हैं कि काफी संजीदगी के साथ तीन बार इससे संबंधित विधेयक राजभवन को भेजा गया, लेकिन किसी न किसी बात को लेकर राज्यपाल के यहां से वापस किया गया। इस अवसर पर अजय जैन, अख्तर अली, हुसैन खान, अरशदुल कादरी, हसनैन उपस्थित थे।




# ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल ने एसएसइ और एसएससीइ 2025 के टॉपर्स को सम्मानित किया

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, रांची में आयोजित एक गौरवशाली एवं उत्साहपूर्ण प्रातःकालीन सभा में, एसएसइ (कक्षा 10) एवं एसएससीइ (कक्षा 12) परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी छात्रों को सम्मानित किया गया। इस समारोह में छात्रों की अथक मेहनत, समर्पण और दृढ़ संकल्प को सराहा गया। इस वर्ष की एक उल्लेखनीय उपलब्धि यह रही कि 53 छात्रों ने विभिन्न विषयों में पूर्णांक (100) प्राप्त कर अपनी अकादमिक श्रेष्ठता का परिचय दिया। विद्यालय प्रबंधन के प्रतिनिधि डॉ.सिमी मेहता शैक्षणिक निदेशक, रंजीत कुमार ठाकुर प्रधानाचार्य एवं रवि शेखर शैक्षणिक समन्वयक ने सम्मानित किया। इस अवसर पर ऑक्सफोर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के अध्यक्ष डॉ एसबीपी मेहता ने सभी छात्रों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनकी सफलता का श्रेय शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यालय के सहयोगी शिक्षण वातावरण को दिया। सम्मान समारोह में अभिभावकों की भी उपस्थिति रही।

## साइबर अपराधियों ने कॉलेज और आजीविका मिशन के खाते से उड़ाये 93.63 लाख रुपये

रांची (आजाद सिपाही)। साइबर अपराधियों ने सिमडेगा जिले में दो अलग-अलग खातों को निशाना बनाया और कुल 93.63 लाख रुपये की अवैध निकासी कर ली। ये खाते सिमडेगा कॉलेज के बैंक खाते से साइबर अपराधियों ने 31.65 लाख रुपये निकाले। यह खाता बैंक ऑफ इंडिया की सिमडेगा शाखा में है। वहीं, दूसरी ओर साइबर अपराधियों ने राष्ट्रीय आजीविका मिशन के खाते से 61.97 लाख रुपये निकाले यह खाता बैंक ऑफ इंडिया की लचड़ागढ़ शाखा में स्थित है। सिमडेगा कॉलेज का खाता से साइबर अपराधियों ने चेक का क्लोन बनाकर धोखाधड़ी की। इसके लिए कुल 17 चेक का इस्तेमाल किया गया। पूरी राशि की निकासी 25 अप्रैल से 2 मई के बीच की गयी। बैंक के नियमों के अनुसार, इस खाते से निकासी का अधिकार केवल रजिस्ट्रार या वित्त पदाधिकारी को ही है, कॉलेज के किसी अन्य पदाधिकारी को नहीं,जबकि राष्ट्रीय आजीविका मिशन का खाता से निकासी के मामले में लचड़ागढ़ शाखा में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। बताया गया है कि चेक बुक संख्या 99801 से 99825 सीरीज का चेक, जो आजीविका मिशन को पोस्ट ऑफिस से मिलना था, वह कभी मिला ही नहीं। उसी चेक बुक का इस्तेमाल करके राशि की निकासी की गयी।

# यूनिसेफ की प्रतिनिधि ने झारखंड विधानसभा अध्यक्ष से की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** यूनिसेफ की भारतीय प्रतिनिधि सिंथिया मैककैफ्री ने झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो से उनके कार्यालय कक्ष में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने झारखंड में यूनिसेफ के द्वारा बच्चों के लिए चल रहे कल्याण कार्यक्रमों और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की। मैककैफ्री ने झारखंड में सकारात्मक कार्यों को रेखांकित करते हुए कहा कि गिरिडीह से पश्चिमी सिंहभूम तक उनकी साझेदारी के सकारात्मक परिणाम स्पष्ट रूप से दिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों और युवाओं को सशक्त बनाना, विश्वविद्यालय को बच्चे के मुद्दे से जोड़ना और विभिन्न समुदायों को इस पहल में सक्रिय रूप से शामिल करना उनकी महत्वपूर्ण उपलब्धि रही है। मैककैफ्री ने बाल अधिकारों के संदेश के प्रचार-प्रसार और विभिन्न माध्यमों से बालकों के लिए अनुकूल वातावरण को बढ़ावा देने में विधानसभा अध्यक्ष के निरंतर सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। अध्यक्ष ने यूनिसेफ के झारखंड में चल रहे बाल केंद्रित नीतियों और कार्यक्रमों की सराहना की और अपेक्षित सहयोग के लिए आश्वस्त किया। इस अवसर पर झारखंड के यूनिसेफ प्रमुख डॉ कनिका मित्रा और आस्था अलंग भी उपस्थित थीं।



# अमन ग्रुप वेलफेयर ट्रस्ट ने मंत्री को ज्ञापन सौंपा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** संस्था अमन ग्रुप वेलफेयर ट्रस्ट के प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के कैबिनेट मंत्री हफीजुल अंसारी से मिल कर ज्ञापन सौंपा और मांग की कि जल्द कानून सम्मत कार्रवाई हो और आरोपी को जेल भेजा जाये। बता दें कि शमीम अंसारी (उम्र 40 साल) के अनुसार 8 मई को उनके पिता अफजल अंसारी और पड़ोसी आरोपी संजय साहू के बीच घर के रंग रोगन के चलते विवाद हो गया। आरोपी संजय साहू ने सबके सामने दीवार में सटा कर अफजल अंसारी की गला दबाकर हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया। पुलिस को सूचना दी गयी, लेकिन पुलिस के समझाने और कानून का भरोसा कर पिता का अंतिम संस्कार तो हो गया और आरोपी भी थाने में आकर आत्मसमर्पण कर दिया, लेकिन 15 मई को भी उसे बुढ़मू थाने में रखा गया है। ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल में मुख्य संरक्षक हकीम अंसारी, मोजीबुल रहमान, जमील अख्तर, अजीज अंसारी, अध्यक्ष अताउल्लाह अंसारी, सचिव अमन राज, महासचिव सामी अंसारी, बबलू अंसारी, रईस अंसारी, हिदायत अंसार, सज्जाद अंसारी, जुम्माउद्दीन अंसारी, गुलजार अहम, यूसुफ अंसारी शामिल थे।

## चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधिमंडल ने नवनिर्मित इएसआइसी अस्पताल का दौरा किया

# अस्पताल के पास टीओपी खोलने की आवश्यकताः परेश गट्टानी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अध्यक्ष परेश गट्टानी के नेतृत्व में झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को नामकुम स्थित 220 बेड के नवनिर्मित इएसआइसी अस्पताल का दौरा कर, अस्पताल में बीमितों के इलाज की सुविधा, मरीजों की देखभाल और स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इस अस्पताल की व्यवस्था संतोषजनक पायी गयी। अस्पताल में अभी और भी काम जारी है। 220 बेड के नवनिर्मित अस्पताल के चालू होने से प्रदेश में बीमितों के लिए एक अतिरिक्त इएसआइसी अस्पताल की सुविधा उपलब्ध होने पर प्रतिनिधिमंडल ने संतोष व्यक्त किया। इस क्रम में इएसआइसी के क्षेत्रीय निदेशक राजीव रंजन के साथ वार्ता भी की गयी। चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने अस्पताल से सटे हुए भूखंड पर 50 सीट वाले मेडिकल कॉलेज खोलने की आवश्यकता पर बल दिया। कहा कि इस भूखंड का उपयोग मेडिकल कॉलेज खोलने में करना चाहिए। इससे बीमितों के इलाज की सुविधा में बढ़ोत्तरी के साथ ही, स्वास्थ्य क्षेत्र में अध्ययनरत विद्यार्थियों को शिक्षा में प्राथमिकता मिलेगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार का सृजन भी होगा।

अस्पताल निरीक्षण के क्रम में अस्पताल के समीप एक टीओपी स्थापित करने की भी आवश्यकता महसूस की गयी। यह देखा गया कि अस्पताल से 7 किमी दूर पर थाना स्थित है, जिस कारण दुर्घटना के मामले में कानूनी प्रक्रियाओं में अनावश्यक विलंब हो सकता है। यह कहा गया कि अस्पताल परिसर में ही एक छोटा कमरा बना हुआ है, जब तक टीओपी की स्थापना नहीं हो जाती, तब तक अस्पताल परिसर के रूम में ही सक्षम पुलिस पदाधिकारी की पदस्थापना करने पर जिला प्रशासन को विचार करना चाहिए।

महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि 220 बेड के अतिरिक्त अस्पताल के चालू होने से इएसआइसी लाभार्थियों की चिकित्सा आवश्यकताओं को प्रभावी ढंग से संबोधित किया जा सकेगा। कार्यकारिणी सदस्य संजय अखौरी ने कहा कि यह उन्नत अस्पताल स्पेशलिटी और सुपर स्पेशलिटी देखभाल भी प्रदान कर रहा है, जिससे रांची और पडोसी जिलों के निवासियों के लिए उन्नत स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

श्रम एवं इएसआइसी उप समिति के चेयरमैन प्रमोद सारस्वत ने कहा कि अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस अस्पताल की व्यवस्था संतोषप्रद है। अस्पताल में अत्याधुनिक फॉर्मेसी और डाग्नोस्टिक सुविधा भी उपलब्ध है। हमें पूर्ण विश्वास है कि राज्य के अन्य जिलों में भी इएसआइसी अस्पताल की स्थापना की दिशा में पहल की जायेगी।

मौके पर इएसआइसी के क्षेत्रीय निदेशक राजीव रंजन, अस्पताल निरीक्षक डॉ संजीत कुमार, अशोक सावंता, अभिषेक कुमार, चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी, महासचिव आदित्य मल्होत्र, कार्यकारिणी सदस्य तथा इएसआइसी में रांची जिला के मनोनीत सदस्य संजय अखौरी, श्रम एवं इएसआइसी उप समिति चेयरमैन प्रमोद सारस्वत के अलावा डॉक्टर्स उपस्थित थे। उक्त जानकारी प्रवक्ता सुनिल सरावगी ने दी।



**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Regn.No.13561/18 Dated-09/05/2025 I, **Mukesh Kumar Chhatri**, son of Mr Pavitro Chhatri,C/O Ankur Pramanik resident H.no 79, Ghorabandha, Luysbasa near Kali Mandir. Jamshedpur, Dist East Singhbhum, Jharkhand-831008. do hereby solemnly affirm and declare as follows:

1. That I am the same person who was previously known as Mukesh Kumar Chhatri.
2. That I have decided to drop my middle name "Kumar" and will henceforth be known as Mukesh Chhatri for all purposes.
3. That I confirm that both names, Mukesh Kumar Chhatri and Mukesh Chhatri, refer to the same individual, i.e., myself.
4. That I will use my new name, Mukesh Chhatri, for all official, personal, and professional purposes.

**शपथ-पत्र**



शपथ पत्र सं.12948 दिनांक 14/05/2025 के अनुसार मैं, बबीता देवी, पति अनिल कुमार मेहता, उम्र लगभग 32 वर्ष, निवासी ग्राम-अलोंजा खुर्द, पो.+ थाना- ईचाक, जिला- हजारीबाग, (झारखण्ड), शपथपूर्वक निम्नलिखित ब्यान करती हूँ कि :-

1. यह कि, मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूँ।
2. यह कि, मैं एक आधार कार्ड एवं पेन कार्ड धारी हूँ। आधार कार्ड सं.-4341 0495 6374 एवं पेन कार्ड सं.- JICPD0085B में मेरा नाम बबीता देवी दर्ज है, जो सही है।
3. यह कि, मेरा बैंक खाता जो बैंक ऑफ इंडिया, ईचाक मोड शाखा में है, जिसका खाता सं.- 49381011000 9107 में मेरा नाम बबीता कुमारी दर्ज है।
4. यह कि, बबीता देवी एवं बबीता कुमारी उपरोक्त दोनों नाम मेरा ही है, और मैं यही दोनों नामों से जानी जाती हूँ।
5. यह कि, यह शपथ-पत्र मैं अपना नाम बबीता कुमारी के जगह पर शुद्धीकरण कर बबीता देवी दर्ज करने हेतु बनाई है।

# शर्मनाक बयान

मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह की टिप्पणी केवल कर्नल सोफिया कुरैशी ही नहीं, पूरी भारतीय सेना के त्याग और बलिदान का अपमान है। उन्होंने उस सेना को सांप्रदायिक रंग देने का प्रयास किया, जो किसी जाति, धर्म से परे होकर देश की रक्षा में लगी हुई है। मध्य प्रदेश हाइकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट की तल्ख टिप्पणियां बताती हैं कि यह मामला केवल 'जुबान फिसलने' या 'भावनाओं में बहने' का नहीं है।

**माफी काफी नहीं :** मंत्री ने सार्वजनिक कार्यक्रम में कर्नल कुरैशी पर टिप्पणी की थी। उन्होंने नाम तो नहीं लिया, लेकिन इशारा समझने के लिए काफी था। संवैधानिक पद पर बैठे शख्स की ऐसी सोच हैरान करने वाली है। अब वह माफी मांग रहे हैं, लेकिन सवाल उनसे होना चाहिए कि यह नौबत क्यों आयी और किस मानसिकता के तहत उन्होंने ऐसी टिप्पणी की।

**एकता पर चोट :** पहलगाम हमले के पीछे आतंकवादियों का मकसद देश में सांप्रदायिक तनाव फैलाना था। पूरे भारत ने एकजुटता दिखा कर आतंकी मंसूबों को नाकाम कर दिया, लेकिन मंत्री के शब्द एकता और अखंडता पर चोट पहुंचाते हैं। हाइकोर्ट ने इस खतरे को समझा और कहा कि उनकी टिप्पणी अलगाववादी भावनाओं को बढ़ावा देती है। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने नसीहत दी कि जब देश ऐसी स्थिति से गुजर रहा हो तो एक मंत्री की ओर से बोला गया हर शब्द जिम्मेदारी की भावना के साथ होना चाहिए।

**पहलगाम हमले के पीछे आतंकवादियों का मकसद देश में सांप्रदायिक तनाव फैलाना था। पूरे भारत ने एकजुटता दिखा कर आतंकी मंसूबों को नाकाम कर दिया, लेकिन मंत्री के शब्द एकता और अखंडता पर चोट पहुंचाते हैं।**

**संस्थाओं पर हमला :** अफसोस, राजनेताओं में इस भावना का अभाव कई बार दिख जाता है। वोट बटोरने के चक्कर में वे ऐसी बातें कह जाते हैं, जो मर्यादा के दायरे से बाहर होती हैं। गैर-जिम्मेदारी में वे कभी सुप्रीम कोर्ट के खिलाफ कुछ कह रहे होते हैं, तो कभी सेना के खिलाफ। ये हरकतें मजबूत संस्थाओं को कमजोर करने वाली हैं।

**पुलिस पर सवाल :** हाइकोर्ट के आदेश पर मध्यप्रदेश पुलिस ने एफआइआर तो दर्ज कर ली, लेकिन उस पर अदालत ने जो सवाल उठाये हैं, वह भी कम चिंताजनक नहीं। जब हाइकोर्ट ने मामले का खुद संज्ञान लेकर रिपोर्ट दर्ज करने को कहा था, तो फिर यह नौबत नहीं आनी चाहिए थी, जहां उसे कहना पड़ा कि एफआइआर ड्राफ्ट कमजोर है। इससे यही सवाल उठता है कि पुलिस कहीं मंत्रीजी को बचाने की कोशिश तो नहीं कर रही।

**डैमेज कंट्रोल :** मामले में राजनीतिक मोड़ आना प्रत्याशित है। मध्य प्रदेश भाजपा ने अपने प्रतिनिधिमंडल को कर्नल सोफिया कुरैशी के पैतृक घर भेजा। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रिपोर्ट तलब की है। ये सारे कदम डैमेज कंट्रोल वाले हैं। इनसे राजनीतिक क्षति तो पूरी हो सकती है, लेकिन सेना के सम्मान पर जो चोट लगी है, उसकी भरपाई तभी हो पायेगी, जब फिर से ऐसा कोई वाकया सामने न आये।

**अभिमत आजाद सिपाही**

**हर बार हमने जवाबी कार्रवाई तो की, पर आतंक का समूल नाश नहीं किया। अगर किया होता, तो फिर वैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं होती। बेशक पहलगाम हमले की जवाबी कार्रवाई के रूप में किये गये 'ऑपरेशन सिंदूर' के बीच पाक सेना की हिमाकत पर भारतीय सेना ने उसे लंबे समय तक याद रहने वाला सबक सिखाया है, लेकिन इस बात की कोई गारंटी नहीं कि पैदाइशी शैतान, इस अचानक संघर्ष विराम से संत बन जायेगा।**

# आतंक पर पूर्ण विराम बिना ही-संघर्ष विराम!

राज कुमार सिंह

**महज** 4 दिन में ही पाक को घुटनों पर ला देने के बावजूद अचानक संघर्ष विराम की असली वजह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और वहां के सेना प्रमुख आसिम मुनीर ही जानते होंगे। संभव है, इस संघर्ष विराम का श्रेय लेने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और उनके विदेश मंत्री मार्को रूबियो भी जानते हों, पर यह अतीत से हमारे लिए कोई सबक न सीखने का संकेत भी है। 22 अप्रैल, 2025 को पहलगाम में 26 पर्यटकों की हत्या पाक प्रायोजित आतंक की पहली घटना नहीं थी। उससे पहले पुलवामा और उरी पर आतंकी हमले हुए। हर बार हमने जवाबी कार्रवाई तो की, पर आतंक का समूल नाश नहीं किया। अगर किया होता, तो फिर वैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं होती। बेशक पहलगाम हमले की जवाबी कार्रवाई के रूप में किये गये 'ऑपरेशन सिंदूर' के बीच पाक सेना की हिमाकत पर भारतीय सेना ने उसे लंबे समय तक याद रहने वाला सबक सिखाया है, लेकिन इस बात की कोई गारंटी नहीं कि पैदाइशी शैतान, इस अचानक संघर्ष विराम से संत बन जायेगा।

**भारत से 4 युद्ध हार चुका पाकिस्तान प्रत्यक्ष युद्ध में नहीं जीत सकता-यह सच बहुत पहले उसके जनरल जिया उल हक ने स्वीकार कर लिया था।**

पाकिस्तान के सैन्य आप्रेशन महानिदेशक द्वारा अपने भारतीय समकक्ष को फोन करने पर हुई बातचीत के बाद हुए संघर्ष विराम के संदर्भ में भारत सरकार कह रही है कि हमने नीतिगत रूप से स्पष्ट कर दिया है कि भविष्य में किसी भी आतंकी हमले को युद्ध की कार्रवाई माना जायेगा, जिसका भारत जोरदार जवाब देगा, पर पाकिस्तान की ओर से ऐसा कोई बयान नहीं आया है कि भविष्य में वह भारत विरोधी आतंकी गतिविधियों का केंद्र नहीं रहेगा। दरअसल दोनों देशों के सैन्य कार्रवाई महानिदेशकों के बीच फोन पर बातचीत के बाद संघर्ष विराम के भारतीय दावे के उलट पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने तो 10 मई की रात अपने संबोधन में संघर्ष विराम के लिए बाकायदा अमेरिकी राष्ट्रपति को धन्यवाद दिया और भी चिंताजनक बात यह कि जिस पाक सेना प्रमुख आसिम मुनीर को पहलगाम हमले के जरिए भारत विरोधी आतंकी गतिविधियों को रफ्तार देने के लिए जिम्मेदार माना जा रहा है, उसे भी शहबाज शरीफ ने धन्यवाद दिया।




'ऑपरेशन सिंदूर' के जवाब में पाकिस्तानी सेना की हिमाकत का जोरदार जवाब देते हुए भारतीय सेना ने जिस तरह 4 दिन में ही उसके रक्षा तंत्र की कमर तोड़ दी, उसने इस नापाक पड़ोसी पर निर्णायक प्रहार के लिए अनुकूल अवसर भी उपलब्ध कराया था। बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में जारी बगावत पाकिस्तान को उसके अंजाम तक पहुंचाने का बेहतर मौका दे रही है, लेकिन अचानक संघर्ष विराम ने सब कुछ बदल दिया।

क्या शहबाज, 'ऑपरेशन सिंदूर' के जवाब में भारतीय सेना द्वारा पाक और पीओके स्थित आतंकी ठिकानों को निशाना बनाने पर अपनी सेना की युद्धनुमा हिमाकत को जायज ठहरा रहे हैं? इस पूरे प्रकरण में पाक सरकार और सेना तथा खुद सेना के अंदर मतभेदों की खबरें भी आ रही हैं, पर यह पाकिस्तान का आंतरिक मामला है, जिसे उसे ही सुलझाना होगा। यह आतंकी गतिविधियों के लिए सेना को ही खलनायक ठहरा कर पाक हुक्मरानों की खुद को पाक-साफ बताने की चाल भी हो सकती है। यह सच है कि पाकिस्तान में लोकतंत्र अक्सर सेना के शिकंजे में सांसें लेता नजर आता है। 1999 में जब तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी दोस्ती का पैगाम ले कर बस से लाहौर गये थे, तब उनके पाक प्रधानमंत्री नवाज शरीफ से गले मिलते हुए ही पाक सेना प्रमुख जनरल परवेज मुशर्रफ ने कारगिल घुसपैठ के रूप में भारत की पीठ में छुरा घोंप दिया था, तब भी भारत से संबंधों के सवाल पर पाक सरकार और सेना में गहरे मतभेदों की खबरें आयी थीं, जिनकी अंतिम परिणति मुशर्रफ द्वारा शरीफ सरकार के तख्ता पलट के रूप में हुई थी।

पाक के वर्तमान प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ उन्हीं नवाज शरीफ के भाई हैं और मौजूदा सेना प्रमुख मुनीर जेहादी मानसिकता के चलते, मुशर्रफ से भी ज्यादा खतरनाक माने जाते हैं। ऐसे में 4 दिनों में ही भारतीय सेना ने जिस पाक सेना को घुटनों पर ला दिया था, क्या उसे इस संघर्ष विराम से जीवनदान ही नहीं मिल जाएगा? बेशक 'ऑपरेशन सिंदूर' में 5 बड़े आतंकियों समेत लगभग 100 आतंकवादियों तथा जैश और लश्कर सरीखे खतरनाक संगठनों के ठिकानों को नेस्तनाबूद कर देना हमारी सेना की बड़ी उपलब्धि है, पर भारत विरोधी मजहबी मानसिकता वाले पाकिस्तान में आतंकी ढांचा बनाने और आतंकियों की भर्ती में कितना समय लगता है? फिर अब तो चीन, तुर्की, अजरबैजान और बंगलादेश भी भारत विरोधी साजिशों में उसके साथ हैं। अतीत का अनुभव भी बताता है कि पाकिस्तान पर विश्वास करना बहुत महंगा पड़ता है। आखिरकार उरी हमले पर जवाबी सर्जिकल स्ट्राइक के बाद पुलवामा पर हमला हुआ ही। पुलवामा के जवाब में बालाकोट एयर स्ट्राइक के बाद भी पहलगाम की बैसरन घाटी में पर्यटकों पर आतंकी हमला किया ही गया। पहलगाम हमले के बाद सरकार ने सिंधु जल संधि और पाकिस्तानी नागरिकों को जारी वीजा रद्द करने समेत कुछ कदम तत्काल उठाये, लेकिन उसके बाद चलती रही उच्च स्तरीय बैठकों से अर्थ निकाला गया कि इस बार भारत कुछ बड़ा करेगा, ताकि पाकिस्तान का स्थायी इलाज हो सके।

'ऑपरेशन सिंदूर' के जवाब में पाकिस्तानी सेना की हिमाकत का जोरदार जवाब देते हुए भारतीय सेना ने जिस तरह 4 दिन में ही उसके रक्षा तंत्र की कमर तोड़ दी, उसने इस नापाक पड़ोसी पर निर्णायक प्रहार के लिए अनुकूल अवसर भी उपलब्ध कराया था। बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में जारी बगावत पाकिस्तान को उसके अंजाम तक पहुंचाने का बेहतर मौका दे रही है, लेकिन अचानक संघर्ष विराम ने सब कुछ बदल दिया। बेशक भविष्य में आतंकी हमले को युद्ध की कार्रवाई मानने की भारत की नीति अर्थपूर्ण है, पर बार-बार पिट कर भी न सुधरने वाले पाकिस्तान सरीखे धूर्त के लिए इसके ज्यादा मायने होंगे नहीं। वह संघर्ष विराम से मिली मोहलत का इस्तेमाल भारत विरोधी चौतरफा तैयारियों के लिए कर फिर उठ खड़ा होगा।

भारत से 4 युद्ध हार चुका पाकिस्तान प्रत्यक्ष युद्ध में नहीं जीत सकता-यह सच बहुत पहले उसके जनरल जिया उल हक ने स्वीकार कर लिया था। इसीलिए पाकिस्तान ने अलगाववाद और आतंकवाद के रूप में लंबे अप्रत्यक्ष युद्ध की रणनीति अपनायी। मजहब के आधार पर बना पाकिस्तान आतंकवाद की नर्सरी बन कर एक नाकाम देश ही नहीं, बल्कि दुनिया में शांति और सौहार्द के लिए खतरा बन चुका है। पाकिस्तानी हुक्मरान जैसी भाषा बोल रहे हैं, वह सेना के बढ़ते दबदबे और कमजोर होते लोकतंत्र का भी प्रमाण है। भारत को समझना चाहिए कि एक बार फिर पाकिस्तान का नक्शा बदले बिना वह शांति और सौहार्द से नहीं रह सकता। कहते भी हैं कि घायल सांप ज्यादा खतरनाक होता है।

## कोल्हान की खबरें

## एशिया का सबसे बड़े लघु औद्योगिक क्षेत्र में भूखंड की कमी, टूट रहा उद्यमियों का भरोसा



**आदित्यपुर/जमशेदपुर(आजाद सिपाही)।** एशिया का सबसे बड़ा लघु औद्योगिक क्षेत्र कहलाने वाला आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र अब गंभीर चुनौतियों का सामना कर रही है। सूत्रों के अनुसार क्षेत्र में भूखंड की उपलब्धि में गंभीर कमी और अन्य बुनियादी समस्याओं के कारण यहां के उद्यमियों का मोह इस ऐतिहासिक औद्योगिक क्षेत्र से भंग होता नजर आ रहा है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार आदित्यपुर की 50 से अधिक औद्योगिक इकाइयां अपने विस्तार की संभावनाएं अब ओडिशा में तलाश रही हैं। आदित्यपुर के उद्यमी अब ओडिशा के रायरंगपुर और तिरींग क्षेत्रों में अपने कारखानों के विस्तारीकरण की योजना बना रहे हैं। इसके तहत अनुमानित 300 से 400 करोड़ रुपये का निवेश ओडिशा में होने की संभावना है। ओडिशा सरकार द्वारा रायरंगपुर में 80 एकड़ भूमि पर दीवारबंदी के साथ आधारभूत संरचना विकसित की गयी है। यहां पर भूमि की कीमत प्रति एकड़ 15 से 27 लाख रुपये के बीच है। जो आदित्यपुर की तुलना में काफी सस्ती और सुलभ है। रायरंगपुर कॉलेज के समीप स्थित औद्योगिक क्षेत्र की दूरी जमशेदपुर से मात्र 75 किलोमीटर है। इससे टाटा मोटर्स जैसे बड़े औद्योगिक ग्राहकों तक कनेक्टिविटी सुगम हो जाती है। वहीं तिरींग में प्रस्तावित दूसरा औद्योगिक क्षेत्र लगभग 100 एकड़ में फैले है जो जमशेदपुर से केवल 28 किलोमीटर दूरी पर है। जिससे उद्यमियों की रुचि वहां भी बढ़ रही है। उद्यमियों के अनुसार आदित्यपुर में नये भूखंड मिलना लगभग असंभव हो गया है। निजी रैयत से जमीन लेने में कानूनी विवाद और प्रशासनिक अड़चनों का सामना करना पड़ता है। वहीं जियाडा द्वारा नीलामी की जाने वाली जमीनों की कीमतें बेहद ऊंची होती हैं। जानकारी के अनुसार एक एकड़ जमीन का मूल्य यहां 4 से 5 करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है। जिससे छोटे व मध्यम वर्ग के उद्यमियों के लिए निवेश करना असंभव है। स्थानीय उद्यमियों के अनुसार झारखंड सरकार और संबंधित औद्योगिक विकास प्राधिकरणों द्वारा जमीनी समस्याओं को लेकर कोई ठोस कदम अब तक नहीं उठाया गया। इससे निराश होकर वे अन्य राज्यों की ओर रुख करने को मजबूर हैं। यदि समय रहते सरकार इस ओर ध्यान नहीं दिया, तो आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र से उद्योगों का पलायन तेज हो सकती है। जिससे राज्य के रोजगार और राजस्व पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।वैसे देखा जाय तो भूखंड की कमी, ऊँची कीमतें और प्रशासनिक जटिलताएं आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र की चमक को फीका कर रही हैं। यदि झारखंड सरकार त्वरित और ठोस पहल नहीं की तो आने वाले समय मे उद्यमियों का ओडिशा जैसे प्रतिस्पर्धी राज्यों की ओर पलायन की अनुमान लगाया जारहा है। इससे झारखंड की औद्योगिक पूंजी और प्रतिभा का नुकसान होने की संभावनाएं बनी हुई है।

### ऑपरेशन सिंदूर को समर्पित तिरंगा यात्रा में उमड़ा देशभक्ति का सैलाब

## पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने भारतीय सेना की वीरता और पीएम के नेतृत्व की सराहना की

आजाद सिपाही संवाददाता

**सरायकेला।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में किये गये ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में शुक्रवार को सरायकेला में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गयी। शुक्रवार को ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा दुर्गाबाड़ी मैदान से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गों से होकर पुनः दुर्गाबाड़ी मैदान में समाप्त हुई। जहां एक सभा का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मुख्य आथिति झारखंड के पूर्व सीएम चंपई सोरेन शामिल हुए। पूर्व सीएम ने सभा को संबोधित करते हुए भारतीय सेना की वीरता और पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि आज देश पीएम मोदी के नेतृत्व में सुरक्षित हाथों में है। देश की सेना जिस साहस के साथ पाकिस्तान में घुसकर आतंक के अड्डों को तबाह किया। भारतीय सेना की अभूतपूर्व ताकत को पूरी दुनिया ने देखा है। पूर्व सीएम चंपाई सोरेन ने कहा तिरंगा यात्रा के माध्यम से देशवासी अपने वीर जवानों के पराक्रम को नमन कर रहे हैं। यह जनसमर्थन फौज के मनोबल को और ऊंचा करेगी। मौके पर तिरंगा यात्रा के दौरान हजारों की संख्या में देशभक्त हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारे लगाए। इस अवसर पर जय हिंद, ह्यभारतीय सेना अमर रहे के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। यह आयोजन भारतीय सेना के पराक्रम, शौर्य और बलिदान को समर्पित रहा। सरायकेला के नागरिकों ने इसमें उत्साहपूर्वक भाग लेकर देशप्रेम की मिसाल पेश की।



## सीएसआइआर-एनएमएल ने स्वच्छता पखवाड़ा मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के अनुरूप, सीएसआइआर-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला (सीएसआइआर-एनएमएल), जमशेदपुर ने 1 से 15 मई, 2025 तक 'स्वच्छता पखवाड़ा-2025' के अंतर्गत 15 दिवसीय स्वच्छता अभियान मनाया। यह पहल सीएसआइआर-एनएमएल के निदेशक डॉ संदीप घोष चौधरी के मार्गदर्शन में संचालित की गयी और इसका समन्वयन डॉ शर्मिष्ठा सागर, मुख्य वैज्ञानिक के साथ-साथ जय शंकर शरण, विप्लव विशाल, पंकज कुमार, भोला आजाद, विश्वजीत भौमिक, उदय भास्कर राव और कई अन्य कर्मचारियों की समर्पित टीम द्वारा किया गया। समापन समारोह के दौरान, सीएसआइआर-एनएमएल के निदेशक डॉ संदीप घोष चौधरी ने स्वागत भाषण दिया और स्वच्छता पखवाड़ा के महत्व और भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के साथ इसके संरेखण पर जोर दिया। उन्होंने इस तरह की पहलों के दीर्घकालिक सामाजिक और पर्यावरणीय लाभों के तहत, विशेषकर भावी पीढ़ियों की भलाई पर प्रकाश डाला। डॉ चौधरी ने स्वच्छ और अधिक जिम्मेदार समाज के निर्माण में स्थिरता और पुनर्चक्रण की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी प्रकाश डाला।



कार्यक्रम की समन्वयक और मुख्य वैज्ञानिक, डॉ शर्मिष्ठा सागर ने प्रयोगशाला के विभिन्न परिसरों में पखवाड़े के दौरान आयोजित गतिविधियों का विस्तृत सारांश प्रस्तुत किया। उन्होंने आगे की राह भी बताई और पखवाड़े के बाद भी दैनिक व्यवहार में स्वच्छता और स्थिरता को शामिल करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

अपने संबोधन में मुख्य अतिथि दीपांकर चौधरी, आईएएस, परियोजना निदेशक, एकीकृत जनजातीय विकास एजेंसी, पूर्वी सिंहभूम ने कार्यस्थल पर दक्षता बढ़ाने हेतु स्वच्छता की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि स्वच्छ और सुव्यवस्थित वातावरण न केवल बेहतर स्वास्थ्य और स्वच्छता को बढ़ावा देता है, बल्कि कर्मचारियों के मनोबल, एकाग्रता और उत्पादकता को भी महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाता है। श्री चौधरी ने बताया कि स्वच्छता को महज एक नियमित कार्य के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि एक मौलिक मूल्य के रूप में देखा जाना चाहिए जो किसी भी संगठन के समग्र अनुशासन और व्यावसायिकता में महत्वपूर्ण योगदान देता है।

समारोह के एक भाग के रूप में गणमान्य व्यक्तियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं-जैसे निबंध लेखन, प्रश्नोत्तरी, आशु भाषण और कला प्रतियोगिता-के विजेताओं को उनकी भागीदारी और उपलब्धियों के सम्मान में पुरस्कार और प्रमाण-पत्र प्रदान करके सम्मानित किया।

## डीसी ने जनता दरबार में सुनीं लोगों की समस्याएं



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्वी सिंहभूम जिले के डीसी अनन्य मित्तल ने जनता दरबार में आम जनता की समस्याएं सुनीं और अनेको मामलों का तत्काल समाधान निकाला। शुक्रवार को मुख्यालय में आयोजित जनता दरबार में जिले भर से आए 90 से अधिक नागरिकों ने विभिन्न व्यक्तिगत व सामाजिक समस्याएं रखीं। जिनमें पार्किंग, ठेकेदारों की मनमानी, स्कूल फीस में छूट, पेयजल संकट,राशन कार्ड में त्रुटियां, पेंशन व म्यूटेशन से जुड़े मुद्दे शामिल है। जानकारी मिलने पर डीसी श्री मित्तल ने कई मामलों का तत्काल निष्पादन किये और अन्य मामले में संबंधित पदाधिकारियों को समयबद्ध और पारदर्शी कार्रवाई के लिए निर्देश दिये। डीसी अनन्य मित्तल ने कहा पूर्वी सिंहभूम जिले में जनता दरबार के माध्यम से प्रशासन आमजन से सीधे जुड़ रहे है और उनकी समस्याओं का समाधान भी हर संभव करने का प्रयास कर रही है।

## आम बागवानी के लाभुकों को बाजार उपलब्ध करने के लिए सम्मेलन का आयोजन



**चाकुलिया (आजाद सिपाही)।** पूर्वी सिंहभूम जिले के चाकुलिया प्रखंड में बिरसा हरित ग्राम योजना के अंतर्गत आम फलोत्पादन को बाजार से जोड़ने के उद्देश्य से प्रखंड स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। शुक्रवार को आयोजित सम्मेलन में बीडीओ आरती मुंडा सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, एनजीओ, लाभुकों और विक्रेताओं की सहभागिता रही। सम्मेलन के दौरान आम विपणन और मूल्य संवर्धन पर रणनीति बनी। इसके पश्चात समाधान के लिए श्रीसरन्या नामक एनजीओ द्वारा पांच बागवानी लाभुकों से करार किया गया। एनजीओ उनके बागानों से आम खरीदकर मंडी दर पर भुगतान सुनिश्चित करेंगे। जिससे बिचौलियों की भूमिका समाप्त होगी। किसानों ने इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा इससे उन्हें उचित दाम और बाजार की समझ मिलेगी। मौके पर किसानों ने बीडीओ आरती मुंडा व अन्य पदाधिकारीओ के प्रति आभार प्रकट की।

## सहायक अध्यापक के अंतिम संस्कार में उमड़ा जनसैलाब, सैकड़ों लोगों ने दी विदाई



**कांडी (आजाद सिपाही)।** नव प्राथमिक विद्यालय भरतपहाड़ी के प्रधान सहायक अध्यापक कर्मदेव राम का अंतिम संस्कार शुक्रवार को मझिआंव प्रखण्ड के चिरकूटही गांव के पास कोयल नदी तट पर किया गया। उनके निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई और अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। बताया गया कि कर्मदेव राम का निधन गुरुवार को वाराणसी के एक अस्पताल में इलाज के दौरान हुआ था। देर रात जब उनका पार्थिव शरीर पैतृक गांव पहुंचा, तो परिजनों के साथ गांव के लोग भी फूट-फूटकर रो पड़े। अंतिम संस्कार के दौरान उनके बड़े पुत्र राकेश कुमार ने उन्हें मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार में प्रखण्ड के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में सहायक अध्यापक, जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग पहुंचे। इस मौके पर जिला पार्षद सुषमा कुमारी के प्रतिनिधि दिनेश कुमार, कांडी पंचायत के मुखिया विजय राम, रानाडीह पंचायत के मुखिया ललित बैठा, खुटहेरिया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि विनोद राम, सहायक अध्यापक राजेश कुमार दुबे, धर्मेन्द्र राम, हेमेन्द्र राम, अरुण कुमार, प्रमोद पूरी, गोरख राम, मदन मोहन राम, करंजु पाल, अरुण कुमार पांडेय, अवध विहारी यादव, शिक्षक शम्भू शरण और सुनील कुमार सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए। इस अवसर पर सभी ने कर्मदेव राम के शिक्षा क्षेत्र में किये गये योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और शोकसंतप्त परिवार को सांत्वना दी।

## कॉलेज कर्मियों की हड़ताल, शोणभद्र आदर्श इंटर महाविद्यालय कांडी में ताला बंदी



**कांडी (आजाद सिपाही)।** शोणभद्र आदर्श इंटर महाविद्यालय कांडी के सभी प्रोफेसर और कॉलेज कर्मी शुक्रवार को वित्तरहित संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर एक दिवसीय हड़ताल पर रहे। इस दौरान सभी कर्मचारियों ने कॉलेज के मुख्य गेट पर ताला बंद कर विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। हड़ताल के दौरान शिक्षकों और कर्मचारियों ने सरकार से अपनी सेवाओं का नियमितीकरण, मानदेय में वृद्धि और अन्य लंबित मांगों को शीघ्र पूरा करने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो आगे व्यापक आंदोलन किया जाएगा।धरना में प्राचार्य अनुज कुमार श्रीवास्तव के साथ प्रोफेसर शोभा मिश्रा, आशुतोष कुमार मिश्र, बबन चौबे, सतेंद्र पाठक, उमा शंकर कुमार, शक्तिदेव द्विवेदी, विकास विमल, जंगबहादुर यादव और शिवनाथ राम सहित कई कॉलेज कर्मी शामिल हुए। धरना स्थल पर वक्ताओं ने कहा कि वित्त रहित शिक्षकों और कर्मचारियों के साथ वर्षों से अन्याय हो रहा है, जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने एकजुट होकर आंदोलन को और तेज करने की बात कही।

## भंडरिया में स्वच्छता अभियान चला




**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** गढ़वा जिला सहकारिता विभाग के निर्देश पर प्रखण्ड मुख्यालय इस्थित सहकारिता विभाग बैनर तले पीडब्लूडी के प्रागण मे सहकारिता के भंडरिया इकाई एफपीओ के अध्यक्ष सचिव के द्वारा स्वच्छ भारत के तहत स्वच्छता अभियान चलाया। इस मौके पर उपस्थित सहकारिता विभाग के भंडरिया इकाई अध्यक्ष देवानंद कुमार, सचिव संतोष कुमार वर्मा लैंपस के अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, सीओ आलोक कुमार मुंडा, ऑपरेटर आकाश कुमार रवि सहित काफी संख्या में लोगों पर उपस्थित रहे।

## तिरंगा यात्रा में एयर कंडीशन से बाहर नहीं निकले भाजपा के बड़े नेता : झामुमो



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** पार्टी के निर्देश पर देशभर में आयोजित हो रही भाजपा की 'तिरंगा यात्रा' को गढ़वा जिला में बड़े भाजपा नेता नदारद रहे। इसपर झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने तंज कसा है। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा आयोजित इस यात्रा में पार्टी के ही प्रमुख जनप्रतिनिधि गढ़वा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी और पलामू सांसद बीडी राम शामिल नहीं हुए। यही नहीं, बल्कि भवनाथपुर-विश्रामपुर के पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही और रामचंद्र चंद्रवंशी भी अनुपस्थित रहे। इनकी अनुपस्थिति पर विपक्ष ने तीखा प्रहार करते हुए सवाल खड़े कर दिये हैं।

## परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में समर कैंप का समापन



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** विभागीय निदेर्शानुसार परियोजना बालिका उच्च विद्यालय भवनाथपुर में चार दिवसीय समर कैंप का शुक्रवार को समापन हुआ। समर कैंप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्राओं को मेडल एवं शैक्षणिक सामग्री देकर किया गया सम्मानित। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल भवनाथपुर के प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा ने कहा कि सिलेबस से हटकर ऐसे कई कौशल है, जिन्हें हम सीखकर एक सफल व्यक्ति बन सकते है। समर कैंप का उद्देश्य जीवन मूल्यों को समझना और उसे अपने जीवन में उतारना है। डीएवी के शिक्षक मोहम्मद अली ने बच्चों को प्रोत्साहित किया। परियोजना बालिका उच्च विद्यालय भवनाथपुर के प्रधानाध्यापक सत्य प्रकाश यादव के कहा कि बच्चे समर कैंप का काफी आनंद लिए और एक से बढ़कर एक कला का प्रदर्शन किये।कैंप का उद्देश्य बच्चों में सर्वांगीण विकास, रचनात्मकता, नेतृत्व विकास, टीम वर्क, समस्या समाधान, शारीरिक साक्षरता को बढ़ावा देना, शारीरिक क्षमता तथा उसका संतुलन और कलात्मक अभिव्यक्ति के जरिए आत्मविश्वास को निखरना है। विभाग द्वारा ऐसा पहली बार किया गया इससे छात्रों में सकारात्मक बदलाव दिखेगा। इस कैंप में बच्चे योगा, दौड़, कबड्डी, खो खो, स्कीपिंग ,कैरम, रंगोली, पोंटिंग, क्विज, भाषण, आर्ट एवं क्राफ्ट, गीत, नृत्य तथा एंकरिंग के गुण सीखे। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रतिमा कुमारी, शिक्षक अजय कुमार वर्मा, मनोरमा टोप्पो, चन्द्रधन राम, कृष्ण कुमार रावत, सत्या कुमारी एवं छात्राएं उपस्थित थे।

# निर्माण कार्य में बरती लापरवाही, पुल बना रही कंपनी कार्यमुक्त, 14 करोड़ का जुर्माना

लेट लतीफी के कारण हुई कार्रवाई, तीन पिलर में भी आ गयी है दरार

दिसंबर 2024 में ही पूरा हो जाना था पुल का निर्माण कार्य

**अरुण कुमार चौबे**



निर्माधीन पुल और पिलर में आयी दरार ।

**हरिहरपुर/ गढ़वा (आजाद सिपाही)।** झारखंड और बिहार को जोड़ने वाले महत्वपूर्ण सोन नदी पुल परियोजना को लेकर बड़ा निर्णय लिया गया है। गढ़वा जिले के कांडी प्रखंड के श्रीनगर और बिहार के रोहतास जिले के पांडुका गांव के बीच बन रहे इस पुल का निर्माण कार्य अब तक की निर्माण कंपनी बृजेश अग्रवाल कंस्ट्रक्शन से वापस ले लिया गया है। कंपनी पर निर्माण कार्य में लापरवाही और मानकों की अनदेखी का आरोप सिद्ध होने के बाद 14 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।

करीब डेढ़ किलोमीटर लंबे इस पुल के निर्माण का उद्देश्य झारखंड और बिहार के बीच सड़क संपर्क को मजबूत करना है। लेकिन निमार्णाधीन पुल के तीन पिलरों में दरार आने और गुणवत्ता को लेकर पंडुका के ग्रामीणों की शिकायतों के बाद बीते एक साल से कार्य ठप पड़ा था। बिहार राज्य पुल निर्माण निगम ने मामले की जांच करायी, जिसमें कंपनी की लापरवाही उजागर हुई।

अब विभागीय स्तर पर एक सप्ताह के भीतर नई निर्माण एजेंसी के लिए निविदा निकाली जायेगी। विभाग का लक्ष्य था कि तय समय सीमा दिसंबर 2024 तक इस पुल का निर्माण कार्य पूर्ण हो जाये।

इस पुल का शिलान्यास केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने 14 नवंबर 2022 को किया था। करीब डेढ़ किमी लंबे इस पुल के निर्माण के लिए केंद्र सरकार ने 204.94 करोड़ की राशि (पहुंच पथ सहित 210.13 करोड़) स्वीकृत की है। पुल की प्राक्कलन में पुल की कुल लंबाई 1500 मीटर और चौड़ाई 18 मीटर है। जबकि पहुंच पथ की लंबाई 650 मीटर तय की गयी है। पहुंच पथ में गढ़वा जिले के श्रीनगर की तरफ 250 मीटर तथा रोहतास जिला के पंडुका की तरफ 400 मीटर की दूरी है।

स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि नई कंपनी के चयन के बाद निर्माण कार्य गति पकड़ेगा और यह बहुप्रतीक्षित पुल जल्द जनता को समर्पित किया जायेगा।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**गढ़वा।** ऑपरेशन सिंदूर के सफलता पर भाजपा मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गयी। इस अवसर पर स्थानीय काली मंदिर के प्रांगण से लेकर गढ़वा शहर के मेन रोड होते हुए अंतरार्जीय बस स्टैंड तक तिरंगा यात्रा निकाली गयी। इसके पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, पूर्व सांसद घूरन राम, रिंकू तिवारी, अरविंद तूफानी, ओम प्रकाश गुप्ता, लक्ष्मण राम, उमेश कश्यप के द्वारा कार्यक्रम में आमंत्रित सेना के रिटायर्ड सैनिकों को अंगवस्त्र पुष्पगुच्छ दे कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि भारत की सैन्य शक्ति को दुनिया ने देखा। हमारी सेना ने अपने देश, ध्वज, निशान, जन और भारत भूमि की रक्षा के लिए शौर्य और वीरता का जो परिचय दिया है, वह अद्भुत और अतुलनीय है। पूर्व सांसद घूरन राम ने कहा सेना अपने शत्रुओं और पाक समर्थित आतंकवादियों को घर में घुसकर मुंह तोड़ जवाब दिया है। जिस पर पूरा देश गर्व कर रहा है। भारत ने बता दिया है कि अगली बार कोई ऐसा दुस्साहस न करे।

तिरंगा यात्रा के माध्यम से आज हम अपने वीर जवानों को सैल्यूट कर रहे हैं। भारत ने बता दिया है कि वॉर जरूर बंद हो गयी है, लेकिन लड़ाई जारी रहेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्र के नाम संदेश में स्पष्ट कहा है कि लड़ाई तब तक जारी रहेगी, जब तक पाक प्रायोजित आतंकवाद और उग्रवाद जारी रहेगा। भारत अब किसी के दबाव में नहीं झुकेगा। हमारे वीर सैनिक हर परिस्थिति का सामना करने के लिए तैयार हैं। आज की यात्रा में गढ़वा शहर के आम नागरिक भी शामिल हुए। जिसमे उपरोक्त के अतिरिक्त मुन्ना तिवारी, संजय ठाकुर, जयंत पांडे, उदय कुशवाहा, अभिषेक कश्यप, रितेश दुबे, कैलास कश्यप, डॉ पतंजलि केसरी, कंचन जायसवाल, मधुलता कुमारी, विनय चंद्रवशी, जितेंद्र चंद्रवशी, विनोद चंद्रवशी, धनंजय गोंड, विनोद जायसवाल, ब्रजेश उपाध्याय, अरविंद पटवा, विनोद तिवारी, प्रमोद चौबे, मुकेश निरंजन सिन्हा, राजकुमार मधेशीया, मनीष गुप्ता, टिंकू गुप्ता, विशाल गुप्ता, राजेश ठाकुर, ओम प्रकाश दास, कुंवर एस सिंह, सुरेंद्र राम, विकास तिवारी, लक्ष्मी पांडे सहित काफी संख्या में शहर के लोग उपस्थित थे।

## दो पक्षों में मारपीट, एक पुरुष और दो महिला घायल

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** खरौंधी थाना क्षेत्र अंतर्गत गटीयरवा गांव में गुरुवार की रात दो पक्षों के बीच हुई मारपीट की घटना में एक पुरुष व दो महिला सहित तीन लोग घायल हो गये। घायलों में रामप्रीत पासवान, पत्नी सुनीता देवी तथा पुत्री नीरज कुमारी का नाम शामिल है। उक्त सभी घायलों को इलाज हेतु सीएचसी भवनाथपुर में भर्ती कराया गया है। घायल रामप्रीत पासवान ने बताया कि 7 मई को मेरी बेटी के बारात आयी थी, द्वारपूजा के दौरान मेरे गोतिया ब्रजेश पासवान, दिनेश, शिवकुमार, टुनटुन पासवान, सुदर्शन पासवान, जोगेंद्र पासवान व दीपक पासवान ने बारातियों पर पत्थरबाजी करने लगे जहां अन्य लोगों द्वारा उन्हें खदेड़े जाने पर देख लेने की धमकी दिया था। बताया कि पिछले तीन दिनों से वें लोग गाली गलौज कर रहे थे, बीती रात भी उपरोक्त लोग गाली गलौज कर रहे थे, जब मैं उनलोगों को गाली गलौज करने से मना किया तो उक्त सभी एकजुट होकर लाठी, डंडे से लैस होकर घर में घुस गये और मारपीट कर हम सभी को घायल कर दिया।

## आरके पब्लिक स्कूल अधौरा में दसवीं के मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**बंशीधर नगर।** स्थानीय आरके पब्लिक स्कूल अधौरा श्री बंशीधर नगर में सम्मान समारोह आयोजित कर दसवीं के मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के निदेशक एवं शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय उपस्थित हुए। उनके साथ विद्यालय के प्राचार्य, प्रशासक, शिक्षकगण एवं सैकड़ों की संख्या में अभिभावकगण भी समारोह में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर और दीप प्रज्वलित कर की गयी। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए निदेशक अलखनाथ पाण्डेय ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में आने वाली चुनौतियों का साहसपूर्वक सामना करने और निरंतर मेहनत व अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

श्री पांडेय ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए बताया कि विद्यालय में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। स्मार्ट क्लास, खेलकूद की आधुनिक सुविधाएं, चैतन्य शैक्षणिक गतिविधियाँ, और बच्चों के व्यक्तित्व विकास के लिए विशेष कार्यशालाओं का आयोजन विद्यालय की प्रमुख विशेषताएं हैं। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य सिर्फ परीक्षा परिणामों तक सीमित नहीं है, बल्कि हम बच्चों को एक बेहतर नागरिक और समाज के लिए जिम्मेदार व्यक्ति बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। विद्यालय में दिखावे की जगह गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और वास्तविक शैक्षणिक गतिविधियों पर जोर दिया जाता है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन ने अभिभावकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके सहयोग और विश्वास से ही विद्यालय निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। मौके पर प्राचार्य ऐल के ओझा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## पनघटवा डैम में पानी दो फीट से भी कम, पेयजल संकट गहराया, कनहर नदी से पानी लाने की मांग तेज

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**डंडई।** गर्मी के बढ़ते प्रकोप के साथ ही डंडई और धुरकी प्रखंड क्षेत्र में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। कई इलाकों में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। ऐसे में पनघटवा डैम, जो डंडई प्रखंड और धुरकी प्रखंड के सिवान इलाके में स्थित है, यहां के लोगों के लिए एकमात्र सहारा बना हुआ था। लेकिन अब यह सहारा भी खत्म होता नजर आ रहा है। भीषण गर्मी के कारण डैम में पानी का स्तर घटकर 2 फीट से भी कम रह गया है, जिससे इलाके में जल संकट और विकराल हो गया है। पेयजल संकट को देखते हुए डैम पर दो वाटर पंप हाउस का निर्माण कराया गया था। एक पंप से टाटी, दीरी, मरचइया और आसपास के गांवों तक पानी की सप्लाई की जाती थी, जबकि दूसरा पंप मेराल प्रखंड के बाना स्थित वाटर टैंक को पानी पहुंचाता था। लेकिन अब डैम में पानी नहीं बचा होने के कारण दोनों पंप बंद कर दिए गए हैं। नतीजतन, डंडई, धुरकी और मेराल प्रखंड के हजारों ग्रामीणों को पानी की भारी किल्लत झेलनी पड़ रही है। यह डैम सिर्फ पेयजल नहीं, बल्कि सिंचाई के लिए भी बेहद अहम रहा है। रारो, लवाही, बेलवाटीकर, बालेखाड़, बागी झरिया, झेलेंगी, डंडई, बैरियादामर, ठगमनवा, करियई जरही, देवगाना, गेरुआ, हसनदाग, कारकोमा, दतवनिया जैसे गांवों के किसान इस डैम के पानी से खेती करते थे। अब पानी नहीं होने के कारण किसानों के सामने भी सिंचाई को लेकर बड़ी चिंता खड़ी हो गई है। ग्रामीणों की यह वर्षों पुरानी मांग रही है कि कनहर का पानी पनघटवा डैम में लाया जाए। इससे न केवल कई प्रखंडों को राहत मिलेगी, बल्कि डैम को पर्यटन स्थल के रूप में भी विकसित किया जा सकेगा।

**मुख्यमंत्री से मिलकर कनहर नदी का पानी लाने की योजना पर बहुत जल्द चर्चा करूंगा : अनंत प्रताप देव** : इस मुद्दे पर क्षेत्रीय विधायक अनंत प्रताप देव ने भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि पनघटवा डैम में कनहर नदी का पानी लाने की मांग वर्षों से की जा रही है और यह मेरे संज्ञान में है। जनता ने जिस विश्वास से मुझे चुना है, उस पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करूंगा। मैं जल्द ही मुख्यमंत्री से मिलकर इस गंभीर समस्या पर चर्चा करूंगा और हर संभव प्रयास करूंगा कि कनहर नदी का पानी पनघटवा डैम में लाया जा सके।

### बिरसा हरित ग्राम योजना में लापरवाही

## बीडीओ ने 14 पंचायतों को थमाया अंतिम स्मार पत्र

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**कांडी।** प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) रसकेश सहाय ने बिरसा हरित ग्राम योजना 2025-26 के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने पर प्रखण्ड के 14 पंचायतों के मुखिया, पंचायत सेवक एवं रोजगार सेवकों को अंतिम स्मार पत्र जारी किया है। जिन पंचायतों को पत्र जारी किया गया है उनमें कांडी, पतरिया, पतीला, सरकोनी, बलियारी, गड़ाखुर्द, खरौंधा, खुटहेरिया, शिवपुर, लमारी कला, चटनियां, मझिगांवा, डूमरसोता और हरिहरपुर शामिल हैं। वहीं राणाडीह व घटहुआं कला को इस पत्र से बाहर रखा गया है। बीडीओ ने पत्र में कहा है कि कांडी प्रखंड में इस योजना के तहत 169 एकड़ भूमि पर कार्य का लक्ष्य निर्धारित है, परंतु बार-बार निर्देश देने के बावजूद मात्र 12 एकड़ में ही योजना का आउटगोइंग किया गया है, जो अत्यंत ही खेदजनक है। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति कर कार्य प्रारंभ कराना अनिवार्य है। बीडीओ ने बताया कि कई बार आग्रह के बावजूद संबंधित पंचायतों द्वारा न तो योजनाओं की स्वीकृति दी गयी और न ही कारण स्पष्ट करते हुए कोई प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया, जो अधिकारियों के आदेश की अवहेलना एवं स्वेच्छाचारिता का परिचायक है। उन्होंने सभी संबंधितों को चेतावनी देते हुए कहा है कि 17 मई तक लक्ष्य के अनुरूप योजना की प्रगति दिखाएं, अन्यथा कारण सहित प्रतिवेदन अनिवार्य रूप से दें। निर्धारित समयसीमा तक ऐसा नहीं करने वालों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई हेतु उप विकास आयुक्त को सूचित किया जायेगा।

## बाइक ठीक करते समय लगी आग, कोई हताहत नहीं



**कांडी(आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के मुख्य सड़क स्थित यूनियन बैंक कांडी के नजदीक प्रिया बाइक रिपेयरिंग सेंटर में शुक्रवार को शाम 6 बजे रिपेयरिंग के दौरान एक बजाज कम्पनी के पल्सर बाइक में अचानक आग लगने से बाइक जल कर राख हो गया।इस तरह आग लगने से वहां पर अफरा तफरी मच गया। बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया गया।उक्त मोटरसाइकिल जपला का बताया जा रहा है।मोटरसाइकिल मालिक अपने रिस्तेदार के यहां कांडी आये हुए थे।गाड़ी में कुछ खराबी को ठीक कराने के लिए गैरेज में लाये थे। मिस्त्री गाड़ी को ठीक कर रहा था कि अचानक मोटरसाइकिल में आग पकड़ लिया।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, सिमडेगा**

**शुद्धि पत्र**

भवन प्रमंडल सिमडेगा के अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 07/2025-26 एवं PR 351417 (Simdega)25-26 (D) में प्रकाशित निविदा को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, सिमडेगा

PR 352647 Simdega (25-26)_D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमंडल, हजारीबाग**

पत्रांकः– 453 हजारीबाग/दिनांकः– 15.05.2025

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक 434 दिनांक 09.05.2025 के द्वारा निर्गत ई – निविदा आमंत्रण सूचना संख्या DMFT/MID/HAZARIBAG/F2-03/2025-26 पी0आर0न0– 352096 Minor Irrigation (25-26)_ D द्वारा प्रकाशित निविदा को अपरिहार्य कारण वश स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,
हजारीबाग

PR 352619 Minor Irrigation(25-26)#D

**GOVT. OF JHARKHAND**
**CABINET SECRETARIAT AND VIGILANCE DEPARTMENT, (CIVIL AVIATION DIVISION) STATE HANGAR, AIRPORT ROAD, HINOO, RANCHI-834002**
email:- civilaviation.jhr@gmail.com; govtflyops@gmail.com
Telefax:- 0651-2250319, 2251090

Ref. No. -321, **CORRIGENDUM-II** Date:-16.05.2025

**TENDER CANCELLATION NOTICE**

Please Refer to Tender reference no.-CADsec1/01-PLAN-18/2022Cabinet/232, Dtd.-11.04.2025 and Ref. PR no.-350137, regarding Hiring One Air Ambulance on Wet Lease.

The committee has taken decision to cancel the tender.

Sd/-
(Capt. S. P. Sinha), Director (Ops)

PR 352596 Civil Aviation(25-26)#D

**उद्यान निदेशालय, झारखण्ड**
**कृषि भवन, काँके रोड़, राँची–834008**
**(कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग)।**
Email ID-ddhranchi@rediffmail.com

पत्रांक–01/उ0/स्था0–08/2023–24 /राँची, दिनांक–

**रद्द पत्र (Cancellation)**

निदेशानुसार सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में Setting up PMU to Design, Develop, Implement & Maintenance of Online Platform to facilitated traceablity of activities under various schemes of Horticulture using Blockchain Technology हेतु प्रकाशित RFP/Horti/06/2023-24, PR No.- 321776 (Agriculture) 2023-24 को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

ह0/–
संयुक्त निदेशक उद्यान,
झारखण्ड, राँची।

PR.NO.352584 Agriculture(25-26):D

## बुद्धा पब्लिक स्कूल सिल्ली में कक्षा नौवीं का परिणाम शत प्रतिशत रहा



मुरी (आजाद सिपाही)। झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा परीक्षा का रिजल्ट जारी किया गया जिसमें कक्षा नौवीं का परिणाम घोषित किया गया, जिसमें बुद्धा पब्लिक स्कूल का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के हिमेश महतो और प्रमोद ने 96 प्रतिशत, सुमित प्रमाणिक 94 प्रतिशत, मानस गोस्वामी, राजू महतो, प्रिया कुमारी 91 प्रतिशत, अंकिता कुमारी,प्रिया कुमारी और अस्मिता ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इस उपलब्धि पर विद्यालय के निदेशक रणधीर कौशिक ने खुशी जाहिर करते हुए सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की कड़ी मेहनत का फल है साथ ही उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी।

## 12 दिवसीय पाइका नृत्य प्रशिक्षण शुरू



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के चोगा आदारडीह में शुक्रवार को 12 दिवसीय पाईका नृत्य प्रशिक्षण सह प्रस्तुति का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख गुरूपद मार्डी, उप प्रमुख दीपक कुमार साहू, शिक्षक उमाकांत महतो, प्रोफेसर हृदय रंजन महतो, झारखंड लोक कलाकार केंद्र के सचिव सह अंतर्राष्ट्रीय कलाकार प्रभात कुमार महतो ने दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं प्रभात कुमार महतो ने कला व संस्कृति के क्षेत्र में राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय पहचान के संबंध में जानकारी दिया। उद्घाटन समारोह को उप प्रमुख दीपक कुमार साहू, शिक्षक उमाकांत महतो, प्रोफेसर हृदय रंजन महतो, प्रभात कुमार महतो ने भी संबोधित किया।

## धमधमिया जंगल से अवैध बालू लदे चार ट्रैक्टर जब्त

मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)। मैकलुस्कीगंज थाना, खनन विभाग और अंचल प्रशासन की संयुक्त त्वरित कार्रवाई के तहत मैकलुस्कीगंज थाना क्षेत्र के धमधामिया से अवैध रूप से बालू ढो रहे चार ट्रैक्टरों को जब्त किया गया है। सभी ट्रैक्टरों को मैकलुस्कीगंज थाना परिसर में लाया गया, जहां अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में जानकारी देते हुए खलारी अंचलाधिकारी प्रणव अंभष्ट ने बताया यह कार्रवाई खनन विभाग को मिली गुप्त सूचना के आधार पर की गयी। मौके पर पहुंचे खनन निरीक्षक रौशन कुमार, अंचलाधिकारी प्रणव अंभष्ट एवं मैक्लुस्कीगंज थाना प्रभारी धनंजय बैठा ने क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए तत्काल कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टरों को जब्त किया।

## 15 सदस्यीय वनपालन समिति का हुआ गठन



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बहेरा पंचायत के अंतर्गत कारो सरना स्थल में शुक्रवार को वन अधिकार अधिनियम के तहत वन अधिकार समिति, सामुदायिक वन अधिकार और सामुदायिक वन संसाधनों पर अधिकार के दावों के भौतिक सत्यापन के लिए स्थल निरीक्षण का कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बहेरा पंचायत की मुखिया रेखा कुमारी ने किया। इस कार्यक्रम में पर्यवेक्षक के रूप में टंडवा प्रखंड कार्यालय के राजस्व कर्मचारी अंबिका रजक मौजुद थे। इस दौरान 15 सदस्यीय वनपालन समिति का भी गठन किया गया। जिसमें प्रेम सुंदर लकड़ा, चिंता कुमारी,प्रियंका देवी,धनंजय कुमार महतो, ललिता देवी, भोला उरांव, साधुचरण टाना भगत,मीना देवी, पूनम नाग, रूपलाल महतो, लालजी टाना भगत,बुचन उरांव, मेनो देवी, विजय पाहन और छोटू उरांव को समिति मे शामिल किया गया है। इस मौके पर मुखिया रेखा कुमारी, राजस्व कर्मचारी अंबिका रजक, रमेश मुंडा, प्रेम सुंदर लकड़ा, सोनी कुमारी, पंकज दास, कोलेश्वर महतो, रामकुमार उरांव, बालेश्वर उरांव, सहदेव, मनी गंझु सहित काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

## सरना एकेडमी स्कूल मैदान कुसुम टोला में एथलेटिक्स प्रतियोगिता आज से



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के सरना एकेडमी स्कूल मैदान कुसुम टोला बेंती मे आज से दो दिवसीय चतरा जिला एथलेटिक्स संघ के द्वारा 14वीं चतरा जिला एथलेटिक्स चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इस प्रतियोगिता मे अंडर 14 एवं 16 बालक एवं बालिका आयु वर्ग के एथलेटिक्स खिलाड़ी शामिल हो सकते हैं। इसके लिए आयोजन समिति की ओर से पूरी तैयारी कर ली गयी है। इस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए सभी एथलेटिक्स खिलाड़ियों को अपना आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है। इस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए चतरा जिला के स्कूल, क्लब और ग्रामीण एथलेटिक्स खिलाड़ी मोबाईल नंबर 7485857696, 8340792709 पर संपर्क कर सकते है।

## सोनाहातू में साइकिल का वितरण



सोनाहातू (आजाद सिपाही)। प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय हेसाहातु में उन्नति का पहिया कार्यक्रम के तहत अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ी जाति के छात्र-छात्राओं के बीच साइकिलों का वितरण किया गया।

## श्रमदान कर ग्रामीणों ने बनायी दो किमी सड़क



खूंटी (आजाद सिपाही)। कर्रा प्रखंड के बमरजा गांव कें लोगों ने शुक्रवार को श्रमदान कर दो किलोमीटर सड़क का निर्माण किया। समाजसेवी अखिलेश गोप की अध्यक्षता में गांव में ग्रामसभा की बैठक कर सड़क निर्माण का निर्ण लिया गया। बैठक में कहा गया कि कर्रा, गोविंदपुर मुख्य पथ से नहर के रास्ते बमरजा जानेवाला रास्ता लगभग 10 वर्षों से पड़ा है। जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं। इसके कारण आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। प्रशासन और विधायक को भी इसकी जानकारी दी गई,लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई और अंत में श्रमदान कर सड़क बनाने का निर्णय लिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि झारखंड के प्रतिनिधि शायद केवल वोट के समय ही समस्या के समाधान का वादा करते हैं, पर बाद में कोई सुधि नहीं लेते।

### नियुक्ति पत्र, साइकिल और सिलाई मशीन वितरण समारोह का आयोजन

# केवल कागजी कार्रवाई से योजनाओं को धरातल पर नहीं उतारा जा सकता: सांसद

आजाद सिपाही संवाददाता



खूंटी। अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखंड के तहत स्वयं सहायता समूह की जनजातीय महिलाओं के बीच निःशुल्क सिलाई मशीन, मुख्यमंत्री साइकिल वितरण योजना के तहत शुक्रवार को छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल, मनरेगा अंतर्गत नवचयनित तकनीकी सहायकों तथा ग्राम रोजगार सेवकों के बीच नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन नगर भवन, खूंटी में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि खूंटी लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण मुंडा, विधायक राम सूर्या मुंडा, उपायुक्त लोकेश मिश्रा, डीडीसी श्याम नारायण राम, परियोजना निदेशक आईटीडीए आलोक शिकारी कच्छप आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह में मनरेगा अंतर्गत संविदा आधारित चार तकनीकी सहायक, नौ ग्राम रोजगार सेवक को नियुक्ति पत्र दिया गया। साथ ही स्वयं सहायता समूह की 218 जनजातीय महिलाओं को सिलाई मशीन एवं 24 विद्यार्थियों को साइकिल दी गयी। मौके पर सांसद कालीचरण मुंडा ने कहा कि जिले में विकास के क्षेत्र में अच्छा कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि जेएसएलपीएस अपने कार्यों का और बेहतर निष्पादन करे। केवल कागजी कार्रवाई से योजनाओं को धरातल पर नहीं उतारा जा सकता है। उन्होंने डीडीसी से संचालित योजनाओं की लगातार निगरानी करने की बात कही। उन्होंने कहा कि खूंटी क्षेत्र के लाह की क्वालिटी सर्वोतम है। वनोपज से अच्छी आमदनी प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने किसानों से आधुनिक तरीके से खेती करने की अपील की। उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने कहा कि नव चयनित तकनीकी सहायक एवं रोजगार सेवकों के योगदान के पश्चात योजनाओं के क्रियान्वयन में गति आएगी। उन्होंने नवचयनित कर्मियों से पूरी निष्ठा, मेहनत और ईमादारी के साथ अपने कार्यों से संचालित योजनाओं को शत-प्रतिशत धरातल पर उतारने की दिशा में कार्य करने की अपील की। उहोंने कहा कि जिला प्रशासन अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग की महिलाओं की आजीविका संवर्धन में हर सहयोग के लिए सदैव तत्पर है। समारोह में जिला परिषद, खूंटी के अध्यक्ष मसीह गुड़िया, जिला कल्याण पदाधिकारी प्रमोद कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## एफसी आराडीह ने हेमरम एफसी को 5-0 से हराया



तमाड़ (आजाद सिपाही)। फुटबॉल लीग ग्रुप बी में एफ सी आराडीह और हेमरोम एफ सी के बीच जीइएल चर्च आमलेशा मैदान में खेला गया। दोनों टीमों ने काफी सुंदर खेल का प्रदर्शन किया। एफ सी आराडीह के गणेश मुंडा के 3, प्रकाश अहीर और जंगल मुंडा द्वारा 1-1 गोल के बदौलत अपने टीम को 5 -0 का अंतर से जीत दिलाया। मैन ऑफ द मैच गणेश मुंडा को दिया गया। मैच का संचालन गुप्तेश्वर मुंडा, राजेश मुंडा और महावीर पुराण ने किया। इस अवसर पर निशांत भेंगरा, करम मुंडा, जॉन कमल, प्रेम पूर्ति, लखिनरायण मुंडा के अलावे काफी संख्या में दर्शक मौजू-द थे।

# वीर सैनिकों के सम्मान में भाजपा ने खूंटी में निकाली विशाल तिरंगा यात्रा

### ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को जन-जन तक पहुंचाना यात्रा का उद्देश्यः नीलकंठ

आजाद सिपाही संवाददाता




खूंटी। पहलगाम में बेकसूर पर्यटकों पर हुए कायराना आतंकी हमले के विरोध में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर देश के वीर सैनिकों के सम्मान में शुक्रवार को खूंटी में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गयी, जिसमें राजनेता, समाजसेवी, व्यापारी, विद्यार्थी सहित काफी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। इस संबंध में भाजपा के पूर्व विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, पूर्व विधायक कोचे मुंडा, पूर्व जिलाध्यक्ष काशीनाथ महतो आदि ने कहा कि तिरंगा यात्रा के माध्यम से भाजपा न केवल ऑपरेशन की सफलता को जन-जन तक पहुंचाना चाहती है, बल्कि देशवासियों में राष्ट्रप्रेम और एकता की भावना को भी जगाना चाहती है। पार्टी ने सभी कार्यकर्ताओं, सभी इकाइयों, देशभक्त नागरिकों सहित दानी पब्लिक स्कूल और स्पिरिंगडेल पब्लिक स्कूल प्रबंधन को इस तिरंगा यात्रा में सक्रिय भागीदारी के लिए बधाई दी है। तिरंगा यात्रा में राज्यसभा के पूर्व सांसद और अनुसूचित जनजाति आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव, राज्य के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा, पूर्व विधायक कोचे मुंडा, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य संतोष जायसवाल, भाजपा के जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता, शशि पांडेय, राखी कश्यप, विमला देवी सहित कई लोग शामिल थे।

# बिना लाइसेंसवाले अल्ट्रासाउंड क्लिनिकों को सील करें अधिकारी : लोकेश मिश्रा

आजाद सिपाही संवाददाता



खूंटी। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में शुक्रवार को पीसी एंड पीएनडीटी तथा क्लिनिकल एस्टैब्लिसमेंट से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा के पश्चात संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला में सभी अल्ट्रा साउण्ड क्लिनिकों का सख्ती से निरीक्षण करने का निर्देश दिया। निर्देशित किया गया कि लिंग निर्धारण करने वाले क्लिनिक पर पीसी एंड पीएनडीटी प्रावधान के तहत कार्रवाई की जाये। निबंधित अल्ट्रा साउंड क्लिनिक तथा नवीकरण के लिए क्लिनिक पर चर्चा के दरम्यान उपायुक्त द्वारा उक्त क्लिनिकों की टीम का गठन कर नियमित रूप से जांच की जाये। बिना निबंधन के संचालित क्लिनिक के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने को कहा गया। अवैध रूप से संचालित क्लिनिक को सील करने का भी निर्देश दिया गया। क्लिनिकल एस्टैब्लिसमेंट की बैठक में सिविल सर्जन ने बताया कि कोई भी नया आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है।

बैठक में कश्यप डाग्योनस्टिक सेंटर के स्थान परिवर्तन को मंजूरी दी गयी। बैठक में सिविल सर्जन, डीएसपी मुख्यालय, आयुष चिकित्सा पदाधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, डीडीएम आदि उपस्थित थे।

## सीसीएल अधिकारियों ने किया केज कल्चर का निरीक्षण



खलारी (आजाद सिपाही)। झारखंड जैव विविधता पार्षद और सीसीएल अधिकारियों ने शुक्रवार को केज कल्चर का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने खिलान धौड़ा और नौ नंबर केज कल्चर का निरीक्षण किया। इस मौके पर रोहिणी परियोजना पदाधिकारी दीपक कुमार, मैनेजर एसपी निगम, सीएसआर अधिकारी निखिल अखोरी, नोडल अधिकारी दिव्य प्रकाश, समिति के अध्यक्ष बालेश्वर गंझु, सरजू तुरी, उमेश लोहरा, मनसु, सुनील, अरनुस कडीर सहित कई समिति सदस्य मौजूद थे।

# रोहिणी, धमधमिया कॉलोनी के लोगों को मिलेगा शुद्ध पानी



रोहिणी में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के उद्घाटन के मौके पर उपस्थित अधिकारी, श्रमिक नेता और अन्य।

आजाद सिपाही संवाददाता

खलारी। सीसीएल एनके एरिया के रोहिणी, धमधमिया कालोनी के लोगों को अब शुद्ध पानी मिल सकेगा। रोहिणी स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का नवीकरण किया गया है। शुक्रवार को इस प्लांट का समारोहपूर्वक उद्घाटन किया गया। यह 1 एमजीडी क्षमता का यह वाटर ट्रीटमेंट प्लांट प्रतिदिन 10 लाख गैलन पानी फिल्टर कर सकेगा। मालूम हो कि पूरे सीसीएल में 16 वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का नवीकरण किया गया है। यह कार्य मेकान के द्वारा कराया गया है। मेकान के सीनियर जीएम अजीज अहमद ने बताया कि 16 में 10 पुराने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का नवीकरण किया गया है वहीं 6 नए प्लांट स्थापित किये गये हैं। रोहिणी स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट पुराना प्लांट था जिसका नवीकरण किया गया है। एचटीपी वेस्टवाटर को उपयोगी बनाता है। इस मौके पर सभी अधिकारियों व श्रमिक प्रतिनिधियों ने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। कार्यक्रम का संचालन एसओसी सुमन कुमार ने किया। इस अवसर पर जीएम सिविल राजेश मोहन, एनके जीएम दिनेशकुमार गुप्ता, एरिया सेफ्टी आफिसर अखिलेश्वर प्रसाद, रोहिणी परियोजना पदाधिकारी दीपक कुमार, एसओपी शैलेंद्र कुमार, मेकान के सीनियर जीएम अजीज अहमद, श्रमिक नेता प्रेम कुमार, मिथलेशकुमार सिंह, सुनीलकुमार सिंह, शैलेश, कृष्णा चौहान, गोल्डेन प्रसाद यादव, ध्वजाराम धोबी, पिंकू, उमाकांत सिंह सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

### सीसीएलकर्मियों को शुद्ध पेयजल देने के लिए कटिबद्ध हैं : राजेश मोहन

सीसीएल मुख्यालय के जीएम सिविल राजेश मोहन ने कहा कि एनके एरिया के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के नवीकरण का श्रेय यहां के स्टाफ आफिसर सिविल सुमन कुमार को जाता है। जीएम सिविल ने कहा कि सीसीएल सीएमडी और निदेशक एचआर सीसीएलकर्मियों को शुद्ध पेयजल देने के लिए कटिबद्ध हैं। अगले एक महीने में सभी पुराने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट को शुरू कर दिया जायेगा, वहीं अक्टूबर तक नये प्लांट को भी शुरू कर दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि एनके एरिया में एक पुराने एचटीपी का मरम्मती कार्य शुरू किया जायेगा। इसके लिए अगले सप्ताह से पाइप लाइन गिरना शुरू हो जायेगा। उन्होंने पाइप लाइन बिछाने में सहयोग की अपील की।

### सीसीएलकर्मियों के रहन-सहन के बारे में चिंतित हैं : दिनेश गुप्ता

एनके एरिया के महाप्रबंधक दिनेश गुप्ता ने कहा कि सीसीएल सीएमडी व बोर्ड आफ डायरेक्टर्स के मार्गदर्शन में यह संभव हो पाया है। मुख्यालय के सिविल विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर एरिया के सिविल विभाग में बहुत ही अच्छा कार्य किया है। पूरे खनन क्षेत्र मे शुद्ध पानी एक बड़ी समस्या रही है। परंतु डकरा व रोहिणी डब्लूटीपी के शुरू हो जाने से एनके एरिया के सभी लोगों को शुद्ध पानी मिल सकेगा। सीसीएल प्रबंधन अपने कर्मियों के रहन सहन के बारे में चिंतित है। कहा कि लगे रहने से अच्छा कार्य किया जा सकता है।

## 24 घंटे बाद तालाब से डूबे व्यक्ति का शव बरामद



खूंटी (आजाद सिपाही)। कर्रा थाना क्षेत्र के रोलागुटू तालाब में नहाने के दौरान डूबकर मरे गांव के ही बुधवा धान(उम्र 57 वर्ष) का शव 24 घंटे के बाद शुक्रवार को शाम को एनडीआरएफ की टीम ने बरामद किया। बुधवा धान की नहाने के दौरान गुरुवार को शाम लगभग 6.30 बजे डुबने से मौत हो गयी थी। दो बच्चे हो गये अनाथ, पत्नी की पहले ही हो गयी थी मौत।

## जिला स्तरीय कैरम प्रतियोगिता में कस्तूरबा सोनाहातू ने लहराया परचम



सोनाहातू (आजाद सिपाही)। सीएम एक्सीलेंस स्कूल बरियातू रांची में जिला स्तरीय कैरम प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हुआ। कैरम प्रतियोगिता के अंडर 17 वर्ष सिंगल में कस्तूरबा गांधी स्कूल सोनाहातू की छात्रा सुजाता कुमारी प्रथम स्थान पर रही, तथा अंडर-19 युगल प्रतियोगिता में कस्तूरबा की छात्रा सीता कुमारी और रीता कुमारी के द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त किया। कैरम प्रतियोगिता में कस्तूरबा गांधी स्कूल की छात्राओं ने परचम लहराया है। इसकी सफलता में स्कूल परिवार के साथ सोनाहातू प्रखंड के खेल प्रेमियों ने छात्राओं को बधाई दिया है।

## संत जोसेफ कॉलेज में करियर काउंसलिंग का आयोजन




खूंटी (आजाद सिपाही)। प्रयास हमारा और स्टूडेंट क्रिश्चियन मूवमेंट ऑफ इंडिया के तत्वावधान में शुक्रवार को तोरपा स्थित संत जोसफ कॉलेज में लीडरशिप और डिफेंस में करियर विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का मुख्य उद्देश्य संगठनात्मक नेतृत्व तथा सैन्य क्षेत्रीय सेवा के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता लाना था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता ध्यानचंद अवॉर्डी पूर्व अंतरराष्ट्रीय महिला हॉकी खिलाड़ी सुमराई टेटे, भारतीय वायु सेना के रिटायर्ड ग्रुप कैप्टन अल्बर्ट बा, सीआरपीएफ के असिस्टेंट कमांडेंट अजय लकड़ा और संत जोसेफ कॉलेज के प्रिंसिपल फॉदर डॉ गैब्रिएल सुरीन थे। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को एकता की शक्ति, संगठनात्मक नेतृत्व तथा देश के प्रति उनके कर्तव्यों व समर्पण के भाव के संबंध में जानकारी दी गई। सैन्य क्षेत्र में विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण से संबंधित विषय पर मुख्य वक्ताओं द्वारा मार्गदर्शन दिया गया। उन्होंने संबंधित क्षेत्र से जुड़ी जानकारियां विद्यार्थियों के साथ साझा की। कार्यक्रम के आयोजन में स्टूडेंट क्रिश्चियन मूवमेंट ऑफ इंडिया के सचिव उत्तम गुड़िया, संत जोसेफ महाविद्यालय तोरपा की सीएसएमआई इकाई के मेंटोर सहायक प्राध्यापक विलियम बोदरा, फादर रवि पॉल एक्का, प्रयास हमारा के अध्यक्ष सजीत टोप्पो, संजय सलिल टोपनो आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## मुरी : नाबालिग लड़की को भगाने के मामले में युवक को भेजा गया जेल

मुरी (आजाद सिपाही)। सिल्ली थाना अंतर्गत सिल्ली रूगडी टोला निवासी नरोत्तम गोस्वामी उम्र 20 वर्ष नाबालिग लड़की को भगाने के आरोप में सिल्ली थाना के द्वारा जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार नरोत्तम गोस्वामी सिल्ली की नाबालिग लड़की को लेकर फरार हो गया था। लड़की के पिता ने सिल्ली थाना में अपने लड़की की खोजबीन को लेकर मामला दर्ज करवाया था। जिसको लेकर सिल्ली थाना के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए लड़का और लड़की को बरामद कर थाना लाया गया, जहां शुक्रवार की सुबह धारा 137/2 भादवि बीएनएस के तहत नरोत्तम गोस्वामी को जेल भेज दिया गया।

## बुंडू के अनुमंडल कार्यालय में एसडीओ की अध्यक्षता में पानी की समस्या को लेकर बैठक



बुंडू (आजाद सिपाही)। बुंडू के अनुमंडल कार्यालय में एसडीओ किस्टो कुमार बेसरा की अध्यक्षता में पानी की समस्या को लेकर नगर पंचायत के इंजीनियर और पीएचडी विभाग के इंजीनियर के साथ शुक्रवार को बैठक किया। अनुमंडल पदाधिकारी बुंडू ने उपस्थित सभी अभियंता एवं पीएचडी विभाग से जुड़े कर्मचारी एवं अधिकारियों को गर्मी के मद्देनजर नगर में पेयजल की आपूर्ति नियमित रखने और जरूरतमंदों को घर तक पानी पहुंचाने का आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसके साथ ही शादी एवं विभिन्न सामाजिक समारोह में भी पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा है। इसके साथ ही बिगड़े सभी चापाकल नलकूप को मरम्मत करने हेतु कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

## वित्तरहित विद्यालयों के अधिग्रहण और वेतनमान की मांग को लेकर आदर्श उच्च विद्यालय मैक्लुस्कीगंज में शिक्षकों की हड़ताल



मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)। वित्तरहित संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर आदर्श उच्च विद्यालय मैक्लुस्कीगंज के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी शुक्रवार को एक दिवसीय हड़ताल पर रहे। हड़ताल के कारण स्कूल में पठन पाठन पूरी तरह ठप रहा। शिक्षकों ने बताया कि सरकार से वित्त रहित विद्यालयों का अधिग्रहण करने, शिक्षकों को वेतनमान देने एवं राज्यकर्मी का दर्जा देने जैसी मांगों को लेकर हड़ताल और प्रदर्शन किया। हड़ताल में विद्यालय के शिक्षक व कर्मियों ने मिलकर अपनी एकजुटता दिखाई और सरकार से जल्द मांगों पर निर्णय लेने की अपील की। हड़ताल में भाग लेने वालों में प्रमुख रूप से आदित्य प्रसाद साहू, गोपाल प्रसाद, जयप्रकाश यादव, सुधीर पांडे, एडवर्ड मरांडी, निर्मल कुजूर, राधा कुमारी, मनोहर महतो, मनोज कुमार दुबे एवं लखन प्रसाद साहू शामिल रहे। प्रदर्शनकारी शिक्षकों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने उनकी मांगों को जल्द नहीं माना, तो आगे और भी उग्र आंदोलन किया जायेगा।

## संयुक्त शिक्षक संघर्ष मोर्चा की शैक्षणिक हड़ताल

तमाड़ (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य वित्त रहित संयुक्त शिक्षक संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर शुक्रवार को शैक्षणिक हड़ताल रहा। तमाड़ इंटर कॉलेज सलगाड़ीह में पठन पाठन ठप्प रहा। राज्य कर्मी का दर्जा और 75% अनुदान बढ़ोतरी की मांग को लेकर एक दिवसीय शैक्षणिक हड़ताल रहा है।

### बेड़ो एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय में 62 लाख की लागत से बनेगा 10 कमरे का भवन

# छात्रों को खुद के अंदर सफलता की भूख जगाने की जरूरत है : शिल्पी नेहा तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय में अब भवन के अभाव में विद्यार्थियों का नामांकन नहीं रुकेगा। राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने 10 कमरा वाले भवन निर्माण योजना की सौगात छात्रों को दी है। विद्यालय प्रांगण में शुक्रवार को करीब 62 लाख रुपए की लागत से बनने वाले भवन का शिलान्यास मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने किया। बतातें चलें कि यह वही एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय है जिसके छात्र-छात्राओं ने भवन, पानी और शौचालय के अभाव में प्रखंड कार्यालय का घेराव किया था। विद्यालय परिसर में पानी और शौचालय की समस्या का समाधान पहले ही किया जा चुका है। इस अवसर पर मंत्री शिल्पी ने कहा कि शिक्षा जीवन का आधार है। अनुशासन, धैर्य और त्याग की बदौलत सफलता को हासिल किया जा सकता है। इसके लिए छात्रों को खुद के अंदर सफलता की भूख पैदा करनी होगा। उन्होंने कहा कि आज का दिन खास है। अब भवन के अभाव में छात्रों का नामांकन नहीं रुकेगा। नई शिक्षा नीति के आने के बाद से प्लस टू उच्च विद्यालयों में छात्रों की बढ़ती संख्या के मद्देनजर गठबंधन वाली सरकार ने यह महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मंत्री ने कहा कि क्लास रुम एजुकेशन छात्रों के भविष्य के लिए बेहद जरूरी है। इस लिए विद्यालय में छात्रों के लिए पर्याप्त संख्या में कमरा होना चाहिए। बदलते दौर में आज गांव के अंदर शिक्षित छात्रों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। अब शिक्षा विशेष वर्ग तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि शिक्षा हर वर्ग की जरूरत बन गई है। उन्होंने छात्रों से मोबाइल फोन के बजाय किताबों से दोस्ती करने की सलाह दी। इस मौके पर जिप सदस्य बेरोनिका उरांव, उप प्रमुख मुदस्सीर हक, मुखिया सुशांति भगत, बीडीओ राहुल उरांव, सीओ प्रताप मिंज, प्रखंड अध्यक्ष करमा उरांव, नवल किशोर सिंह, तंजीर हुसैन, प्रधानाध्यापिका हेनरीता मिंज, सोमरा लोहरा और बुधराम लोहरा आदि मौजूद थे।



स्कूल के भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास करतीं मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की और कार्यक्रम में उपस्थित छात्राएं।

# आदिवासियों की सामाजिक-सांस्कृतिक व्यवस्था के साथ छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं: देवकुमार धान

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** आदिवासियों को एकजुट होकर अपने हक अधिकार की रक्षा के लिए आवाज बुलंद करनी होगी। जनजातियों की परंपरागत सामाजिक सांस्कृतिक व्यवस्था के साथ छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उक्त बातें पूर्व मंत्री देवकुमार धान ने कहीं। वे शुक्रवार को राजी पड़हा झारखंड एवं पारंपरिक स्वशासन पड़हा व्यवस्था के बैनर तले पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत विभिन्न मांगों को लेकर बेड़ो अंचल कार्यालय के घेराव कार्यक्रम में बोल रहे थे। बतातें चलें कि घेराव करने पहुंचे सैकड़ों पड़हा समाज के ग्रामीणों को स्थानीय प्रशासन ने बेड़ो-लोहरदगा सड़क पर प्रखंड मुख्यालय कार्यालय के समीप ही रोक दिया। जिससे आक्रोशित पड़हा समाज के ग्रामीण लोहरदगा रोड और महावीर चौक के समीप बीच सड़क पर ही धरने पर बैठ गए। जिससे कुछ देर के लिए बेड़ो-लोहरदगा पथ और रांची मुख्य मार्ग पर आवागमन प्रभावित रहा। इस दौरान ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। साथ ही पड़हा राजाओं, दीवानों कोटवारों एवं पूर्व मंत्री देवकुमार धान की मौजूदगी में पड़हा समाज के लोगों ने रांची डीसी के नाम बीडीओ राहुल उरांव को नौ सूत्री मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। इसके बाद पड़हा समाज के लोगों ने आंदोलन समाप्त कर दिया। इससे पहले पड़हा राजाओं और पूर्व मंत्री देवकुमार धान ने कहा कि आदिवासी समुदाय में पैतृक जमीन पर बेटियों को हिस्सा लेने का प्रावधान नहीं है। जबकि बेड़ो अंचल कार्यालय से आदिवासियों के प्रथागत कानून की जानकारी के अभाव में असंवैधानिक तरीके से आदिवासी बेटियों को पैतृक जमीन पर हिस्सा देने की कोशिश की जा रही है। इससे पड़हा समाज के ग्रामीणों में आक्रोश है, जो आंदोलन का सबब बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनजाति समाज के परंपरागत सामाजिक सांस्कृतिक प्रथा और नियमों पर छेड़छाड़ के विरुद्ध जोरदार आंदोलन किया जाएगा। वहीं रांची डीसी के नाम बीडीओ को सौंपे मांगपत्र में पड़हा समाज के लोगों ने बेड़ो के सीओ को यथाशीघ्र निलंबित करने, आदिवासी बेटियों को भू माफियाओं एवं सरकारी पदाधिकारी की मिलीभगत से पैतृक संपत्ति पर दिए जा रहे अधिकार को रोकने, आदिवासी बेटियों के विवाह के बाद उस महिला के पति की तरफ से जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने, आदिवासी जमीन को सादा पट्टा के माध्यम से गैर आदिवासियों को बेचने पर रोक लगाने, आदिवासियों के गैरही, सरना एवं मसना आदि जमीन को गलत तरीके से किसी भी व्यक्ति के नाम से की जा रही रजिस्ट्री को रोकने आदि की मांग की गयी। इस मौके पर 12, 21, 7, 10, 5 और 8 पड़हा क्षेत्र के राजा, दीवान, कोटवार, डीएसपी अशोक कुमार राम, पुलिस निरीक्षक उत्तम उपाध्याय, बेड़ो थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान, इटकी थाना प्रभारी मनीष कुमार, लापुंग थाना प्रभारी संतोष यादव, बीडीओ राहुल उरांव, बीपीओ संजय तिर्की और जेई सद्दाम हुसैन सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## बेड़ो सीओ बने एसडीएम



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** अंचल अधिकारी (सीओ) प्रताप मिंज का शुक्रवार को एसडीएम के पद पर प्रोन्नति किया गया। उनके इस सराहनीय उपलब्धि पर पूरे अंचल में खुशी की लहर है। उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। अपने कर्तव्यनिष्ठा और बेहतर कार्य शैली के लिए पहचाने जाने वाले प्रताप मिंज ने बेड़ो में अपने कार्यकाल के दौरान कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। उनके कुशल नेतृत्व और जनहितैषी कार्यों के कारण वे आम जनता और कर्मचारियों के बीच काफी लोकप्रिय बी रहे हैं। उनके एसडीएम बनने पर सहकर्मियों, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों ने फोन कर बधाई दी। इधर, प्रताप मिंज ने सभी शुभकामनाओं के लिए आभार व्यक्त किया। कहा कि वे अपनी नई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाएंगे और जनता की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे।

## हमें नर्सों को सम्मान देना चाहिए : अनुराधा

### नर्सिंग सेवा का महत्व बताने के लिए इंटरनेशनल नर्स डे मनाया जाता है : जैलेंद्र कुमार




**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** किंगपिन कॉलेज ऑफ नर्सिंग बीसा में शुक्रवार को विश्व नर्स दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य अनुराधा मुंडा के अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा नेता रामसाय मुंडा शामिल हुए। इससे पूर्व कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ जसपुरिया एजुकेशनल ट्रस्ट के संस्थापक जैलेंद्र कुमार ने किया। इस दौरान फलोरेंस नाइटिंगल के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। फलोरेंस नाइटिंगल की जयंती पर नर्स डे 12 मई को मनाया जाता है। इस अवसर पर प्रशिक्षुओं ने आजीवन मानव सेवा का संकल्प लिया।

अनुराधा मुंडा ने कहा कि नर्सिंग में रोजगार के काफी अवसर है। सेवा भाव का श्रेष्ठ उदाहरण नर्स है। नर्स स्वास्थ्य सिस्टम की आधार है। हमें नर्सो को सम्मान देना चाहिए।

जैलेंद्र कुमार ने कहा कि विश्व को नर्सिंग सेवा का महत्व बताने के लिए इंटरनेशनल नर्स डे मनाया जाता है। इस दौरान प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। साथ ही रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया गया। वहीं, कार्यक्रम का संचालन शिशिर कुमार और रूचि ने किया। इस मौके पर जसपुरिया बीएड कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ अनिल कुमार मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## साइबर सुरक्षा पर छात्र जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन




**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** आरटीसी पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को छात्रों के बीच 'साइबर सुरक्षा एवं सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग' विषय पर जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि विप्रो के कंप्यूटर साइंटिस्ट एवं साइबर सुरक्षा एक्सपर्ट डॉ राकेश कुमार शामिल हुए। उन्होंने छात्रों को साइबर सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। बताया कि डिजिटल युग में साइबर अटैक, ऑनलाइन धोखाधड़ी, हैकिंग, डेटा लीक, साइबर ठगी जैसी घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे में छात्रों को हमेशा जागरूक और सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने मजबूत पासवर्ड का चयन, फ्रॉड कॉल्स व संदिग्ध लिंक्स से दूरी, व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं, प्रधानाचार्य नरेंद्र नाथ महतो ने कहा कि तकनीक का उपयोग जितना आवश्यक है, उतना ही जरूरी है उसका सुरक्षित और जिम्मेवारी पूर्वक इस्तेमाल करना। इस प्रकार की संगोष्ठियां छात्रों को डिजिटल दुनिया के प्रति सजग बनाती हैं। वहीं, संगोष्ठी में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्रश्नोत्तर सत्र में कई महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे, जिसका उत्तर डॉ कुमार ने सरलता और सहजता से दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों में साइबर सुरक्षा के प्रति चेतना जागृत करना था। इस मौके पर शिक्षक शिवराज कुमार, सुमंत कुमार, सुभाष कुमार, उमेश मंडल, शिक्षिका स्नेहा शालिनी आदि उपस्थित थे।

## गेहूं लदा एफसीआइ का ट्रक पलटा

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बेड़ो पुरना पानी से लापुंग जाने वाली सड़क पर शुक्रवार की सुबह 6.30 बजे दूधिया जंगल के मोड़ में एफसीआई का गेहूं लदा एक ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। जानकारी के अनुसार उक्त ट्रक नगड़ी से गेहूं भरकर लापुंग एफसीआई गोदाम के लिए जा रहा था। तभी दूधिया मोड़ के समीप ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलट गया। हालांकि इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। खलासी को हल्की चोट आई है। वहीं, हादसे के बाद चालक फरार हो गया। उधर, शाम पांच पांच बजे दूसरे ट्रक में गेहूं को उठा कर लापुंग एफसीआई गोदाम भेजा गया।

## हेसलपिरी गांव में 25-26 मई को मंडा पूजा

**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** बुढ़मू प्रखंड के हेसलपिरी गांव में शुक्रवार को ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मुखिया कुशेन्द्र पाहन ने की। इसमें इस वर्ष भी मंडा पूजा धूमधाम से आयोजित करने का निर्णय लिया गया। 25 मई को फुलखुन्दी और 26 मई को झूलन सह मेला का आयोजन किया जायेगा। वहीं, कार्यक्रम की सफलता को लेकर एक कमेटी का भी गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष प्रकाश महतो, सचिव अशोक महतो और कोषाध्यक्ष राजू महतो बनाये गए हैं। जबकि संरक्षक ललित महतो, सोनालाल महतो, कृष्णा लोहरा और दीपक महतो चुने गए।

## शिवसेना ने ब्राह्मण भोज में किया आर्थिक सहयोग

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के शिवसेना कार्यकर्ता निखिल बड़ाइक के पिता स्वर्गीय नारायण बड़ाइक के ब्राह्मण भोज में शिवसेना रांची जिला के वरीय पदाधिकारी जितेंद्र सिंह ने शुक्रवार को शिवसेना के झारखंड प्रमुख दीपक सिंह के आदेश पर बेड़ो पहुंचकर मृतक स्वर्गीय नारायण बड़ाइक को श्रद्धांजलि देते हुए आर्थिक सहयोग किया। इस मौके पर मधुसूदन गोप, शंकर लाल खन्ना आदि मौजूद थे।

## बच्चे मन लगा कर पढ़ाई करें: बंधु तिर्की

### छात्र-छात्राओं के बीच बंधु तिर्की ने किया साइकिल का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**लापुंग।** झारखंड सरकार के कल्याण विभाग की ओर से संचालित योजना के तहत शुक्रवार को लापुंग प्रखंड के ककरिया मध्य विद्यालय परिसर में सरकारी विद्यालय में पढ़ने वाले आठवीं कक्षा के 213 छात्र-छात्राओं के बीच पूर्व मंत्री सह झारखंड सरकार समन्वय समिति के सदस्य बंधु तिर्की ने साइकिल का वितरण किया। इस अवसर पर बंधु तिर्की ने कहा कि राज्य की गठबंधन सरकार में विकास की गंगा बह रही है। क्षेत्रवासियों को लगातार सीधे लाभ दिया जा रहा है। साइकिल मिलने से सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को अब आने-जाने में कोई परेशानी नहीं होगी। कहा कि बच्चे मन लगाकर पढ़ें, यही झारखंड सरकार की इच्छा और सोच है। इससे बच्चे उत्साहित होंगे और शिक्षण कार्य में सुधार होगा। वहीं, छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की। उधर, साइकल पाकर बच्चों ने खुशी जाहिर की। इस मौके पर मुखिया बिरसमनी देवी, विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र वर्मा, संतोष तिर्की, प्रकाश राम, सुमित कुमार, प्रभात कुमार, विरवा होरो, अजय कुमार, राम किशोर सिंह, शिव कुमार सिंह, चुनिया राम और महात्मा राम आदि मौजूद रहे।

## डीपीएस का समर कैंप हर्षोल्लास संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, रांची में आयोजित पांच दिवसीय समर कैंप शुक्रवार को उल्लासपूर्ण और विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्राचार्य डॉ आरके झा थे। इस अवसर पर संतोष कुमार (हेडमास्टर) एवं प्राइमरी विंग इंचार्ज प्रभा सिंह भी उपस्थित थे। 12 से 16 मई तक आयोजित यह कैंप छात्रों के लिए आनंद, रचनात्मकता, फिटनेस और शिक्षा का एक सुंदर संगम साबित हुआ। पूरे सप्ताह भर छात्र-छात्राओं ने खेल, मनोरंजक गतिविधियां, कला एवं शिल्प, फायरलेस कुकिंग, एरोबिक्स एवं संगीत में पूरे उत्साह से भाग लिया। हर दिन उनके लिए नये अनुभव और रोमांच लेकर आया, जिसमें उन्होंने अपनी छिपी प्रतिभाओं को उजागर किया, टीम भावना सीखी और जीवन के जरूरी कौशलों का विकास किया। समापन समारोह में छात्रों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, अपने अनुभव साझा किये और कैंप के दौरान बनायी गयी कला एवं शिल्प कृतियों की प्रदर्शनी लगायी गयी। प्रतिभागियों को प्राचार्य द्वारा सम्मानित भी किया गया। यह आयोजन अभिभावकों द्वारा भी सराहा गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ आरके झा ने अपने संबोधन में कहा, हमारे छात्रों ने समर कैंप के दौरान जो ऊर्जा और उत्साह दिखाया, वह वास्तव में प्रेरणादायक है। उन्हें कक्षा से बाहर निकलकर सीखते, रचते और बढ़ते देखना अत्यंत सुखद अनुभव रहा।

## गुरु चरण मुंडा बने कांके प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष



**कांके (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कांके उत्तरी पंचायत सभागार में शुक्रवार को सभी मुखियाओं की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता झारखंड प्रदेश मुखिया संघ के अध्यक्ष सोमा उरांव ने की। इसमें सर्वसम्मति से कांके प्रखंड मुखिया संघ को भंग कर नया कांके प्रखंड मुखिया संघ का गठन किया गया। जिसमें चंदवे पंचायत के मुखिया गुरुचरण मुंडा को अध्यक्ष, पिठोरिया पंचायत के मुखिया मुन्नी देवी को उपाध्यक्ष, हुंदूर पंचायत के मुखिया रजनी देवी को सचिव, चुटू पंचायत के मुखिया लक्ष्मी देवी को उपसचिव, ईचापिड़ी पंचायत के मुखिया लाखो उरांव को कोषाध्यक्ष, बनाया गया है। बैठक में मुखिया राम लखन मुंडा, लाला महली, उज्जवल पहान, साधो उरांव, सुमित सुरीन, अनीता मुंडा, संगीता भंवरा, पूजा किसपोटा, आरती उरांव, नीलू पहान, फुलमनी नाग, सुधा पहान आदि उपस्थित थे। इसमें निर्णय लिया गया कि शीघ्र ही मुखियागणों का सीओ और बीडीओ के साथ बैठक की जाएगी। वहीं, नवनिर्वाचित अध्यक्ष गुरुचरण मुंडा ने कहा कि प्रखंड में भ्रष्टाचार चरम पर है। इसे दूर करना हम सभी का पहला लक्ष्य है। इस मौके पर कांके उत्तरी पंचायत के मुखिया अनुराधा चौरिया सहित अन्य उपस्थित थे।

# गोबिंदपुर गदरा स्थित पूजा सामग्री गोदाम में भीषण आग

### मची अफरा-तफरी, अग्निशमन की चार गाड़ियों ने आग बुझायी

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** शहर के गोबिंदपुर गदरा स्थित बिहारी टोला में विशाल गुप्ता के पूजा सामग्री के गोदाम में शुक्रवार देर शाम अचानक भीषण आग लगी। इससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि कुछ ही देर में गोदाम पूरी तरह उसकी चपेट में आ गया। घटना की सूचना मिलने पर जिला परिषद सदस्य डॉ परितोष सिंह, पंचायत समिति सदस्य बिश्वजीत भगत, सतवीर सिंह बग्गा, संजय तिवारी एवं स्थानीय लोग की मदद से आग को काबू करने का प्रयास किया गया, लेकिन असफल रहे। उन्होंने तत्परता से अग्निशमन विभाग और पुलिस प्रशासन को सूचना दी। मौके पर पहुंचे अग्निशमन विभाग की चार गाड़ी ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

जिला परिषद सदस्य डॉ परितोष सिंह ने बताया कि आग काफी तेजी से फैल रही थी। स्थिति को नियंत्रित करना कठिन हो गया था। स्थानीय प्रशासन और दमकल की टीम ने मौके पर पहुंच कर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

वहीं प्रशासन द्वारा गोदाम में हुए नुकसान का आकलनकर रहा है। भारी संपत्ति का नुकसान की आशंका है। जिला परिषद सदस्य परितोष सिंह ने प्रशासन से घटना की समुचित जांच कर पीड़ित परिवार को मुआवजा दें की मांग की। साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचाव के लिए सुरक्षा उपायों को सुदृढ़ करने की बात कही है।

## विद्यासागर स्कूल में समर कैंप का आयोजन




**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** मुरतो और बेड़ो विद्यासागर पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को ग्रीष्म अवकाश से पहले बच्चों के लिए दो दिन के समर कैंप का आयोजन किया गया। पहले दिन बच्चों को घर के कपड़े में बुलाया गया। वे विभिन्न प्रकार की एक्टिविटी जैसे डांस, आर्ट क्राफ्ट, संगीत, ग्रुप एक्टिविटी आदि खेलों का आनंद लिए और छुट्टी के समय बच्चों को कुल्फी खिलाकर शरबत पिलाया गया। वहीं शनिवार इच्छुक बच्चे वाटर पार्क जाएंगे। विद्यालय के निदेशक ललन सिंह ने बताया कि सभी शिक्षकों के सहयोग से ऐसे कार्यक्रमों का सफल आयोजन हो पाता है जिससे बच्चों का मनोरंजन भी होता है और वो व्यावहारिक ज्ञान भी सीखते हैं। कार्यक्रम का संचालन सुषमा तिर्की और निशा वर्मा ने किया।

## हड्डी रोग विशेषज्ञ चिकित्सक गुमला में 17 को

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड एवं रांची के हड्डी, रीढ़ की हड्डी, मस्तिष्क रोग व नस रोग विशेषज्ञ डॉ अनिल कुमार, 'न्यूरो सर्जन' शनिवार यानी 17 मई को गुमला के निलेश मेडिकल में आयेंगे। झारखंड के ये सुप्रसिद्ध चिकित्सक स्थानीय नीलेश मेडिकल में सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक मरीजों को देखेंगे। इसमें हड्डी में दर्द, हड्डी का कनकनाना, कमजोर हड्डी आदि से संबंधी रोगियों की जांच की जायेगी।

## वज्रपात की चपेट में आने से नाबालिग गंभीर




**गुमला (आजाद सिपाही)।** पालकोट थाना क्षेत्र में गुरुबार को दोपहर अचानक हवा तूफान के साथ हुए बारिश के बीच वज्रपात की चपेट में आने से 16 वर्षीय नाबालिग किशोरी अंशिता कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गयी। परिजनों द्वारा उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र पालकोट ले जाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति गंभीर देख बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। गुरुवार की शाम 5 बजे परिजन किशोरी को सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर असीम मिंज ने उसकी जांच की।फिर उसे भर्ती किया गया। उसका इलाज जारी है। स्थिति खतरे से बाहर है। घटना को लेकर छोटी बहन प्रीति कुमारी ने बताया कि वे लोग पालकोट के बुजि टोली गांव के रहने वाले है।गुरुवार को पूरा परिवार घर पर था और सभी खाना खा रहे थे। इसी दौरान अचानक मौसम खराब हो गया और तूफान के साथ बारिश होने लगा। इसी बीच बहन खाना खाकर पानी पीते हुए दूसरे कमरे की ओर जा रही थी। तभी जोरदार आवाज के साथ वज्रपात हुआ। यह वज्रपात घर के बगल स्थित इमली के पेड़ में गिरी। जबकि इसका छीटा घर तक आ गया। वज्रपात के कारण घर का बिजली का बोर्ड उसकी चपेट में आ गया और बहन भी वज्रपात की चपेट में आ गयी। साथ ही वह मूर्छित होकर जमीन पर गिर पड़ी। बहन ने बताया कि उसकी मां का पूर्व में निधन हो चुका है। जबकि पिता बाहर मजदूरी करते है। पिता द्वारा राशि भेजे जाने पर घर का चूल्हा जलता है। उनके पास बहन के इलाज के लिए भी पैसे नही है। ऐसे सदर अस्पताल से सभी जरूरी दवाएं उन्हें मिल रही है।

## कुलमुंडा जंगल में बम विस्फोट, एक गंभीर



**रायडीह (आजाद सिपाही)।** रायडीह थाना क्षेत्र के सीलम पंचायत के कुलमुंडा गांव में बम विस्फोट होने से 57 वर्षीय असरू मुंडा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद गुरुवार की रात 9 बजे उसे सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज के उपरांत उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक वह बकरी खोजने जंगल की ओर गया था तभी मेड में उसे एक बम मिला उसने बम को उठाया और दबाने लगा तभी बम विस्फोट हुआ और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बम का छर्रा उसके पेट में घुस गया जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसके दोनों हाथ में भी चोट लगी। पहाड़ के नीचे जंगल के समीप घर होने के कारण लोगों को धमाके की आवाज सुनाई दी। आवाज सुनकर घर के लोग दौड़े दौड़े पहुंचे और उसे सदर अस्पताल लेकर आयी। परिजनों ने बताया जंगली सूअर को मारने के लिए ग्रामीणों ने मेड में बम रख दिया था। गर्मी के करण बम को दबाते ही वह ब्लास्ट कर गया। परिजनों ने बताया जंगली सूअर को मारने और जंगली जानवरों से फसल की सुरक्षा को लेकर किसी ग्रामीण ने मेड में बम रख दिया था। जिसकी चपेट में वह आ गया। वही उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

## ललित पड़ाव बस स्टैंड में हथियार के बल पर 5500 की लूट, दो युवकों से मारपीट



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला शहर के ललित पड़ाव बस स्टैंड में गुरुवार की रात 10:30 बजे दो युवकों से हथियार के बल पर 5500 की लूट की गयी है। वही दोनों युवक को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। सदर अस्पताल में दोनों घायलों का इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी देते हुए फसिया पंचायत के तर्री निवासी 18 वर्षीय सत्यम सिंह और 25 वर्षीय हिमालय सिंह ने बताया वे दोनों बाइक से शहर के ललित पड़ाव बस स्टैंड स्थित सिद्धि विनायक होटल खाना खाने जा रहे थे। तभी 7 से 8 लड़कों ने उन्हें रोका इसके बाद हथियार के बल पर हिमालय के पॉकेट से 5500 लूट लिया। वहीं दोनों के साथ जमकर मारपीट की गयी और पैसों की डिमांड भी की गयी। इसी बीच दोनों ने अपने मोबाइल को जींस के नीचे पैर की ओर छुपा लिया। अपराधी मोबाइल की भी मांग कर रहे थे। वही बाइक की चाबी भी लूट ली। सत्यम ने बताया उनके समूह में दो लड़कियां भी शामिल थी और सभी नशे में थे। घटना में दोनों युवकों के सिर व शरीर के कई हिस्से में गंभीर चोट लगी है। इसके बाद आसपास के लोग जमा हुए तब तक अपराधी वहां से फरार हो गये। वहीं दो युवक घायलों को बाइक से सदर अस्पताल पहुंचायें घायलों ने बताया की भीड़ में अपराधियों को नहीं पहचान पाये लेकिन देखने से वे उन्हें पहचान लेंगे। मामले को लेकर शुक्रवार को गुमला थाना में शिकायत दर्ज करने की बात कही है।

## जारी के विद्यालयों में स्टेट टीमों ने रूआर कार्यक्रम को लेकर किया अनुश्रवण



**जारी (आजाद सिपाही)।** स्टेट टीम ने जारी प्रखंड के सरकारी विद्यालयों में रूआर कार्यक्रम को लेकर किया अनुश्रवण। स्कूली शिक्षा कार्यक्रम समग्र शिक्षा के तहत 5 से 18 आयुवर्ग के बच्चों का विद्यालय में शत प्रतिशत नामांकन कराने के उद्देश्य से सरकारी विद्यालयों में रू सीसीआर कार्यक्रम 24 अप्रैल से 10 मई तक चलाया गया था ।उक्त कार्यक्रम का अनुश्रवण करने शुक्रवार को स्टेट टीम मे अरूणलता केरकेट्टा, बिजय ठाकुर,श्रेया एक्का, आश्रय एक्का, एपीओ रोश मिंज, बीइइओ प्रीति कुजूर ने जारी प्रखंड पहुंची। स्टेट टीम रा उत्क्रमित उच्च वि जारी और रा उत्क्र म वि हरिहरपुर स्कूल का अनुश्रवण किया। टीम के सदस्यों ने विद्यालय में एनरोलमेंट,शिशु पंजी, प्रयास पंजी, आउट ऑफ स्कूल लिस्ट, ड्रॉप बॉक्स,बच्चो की उपस्थिति, यू डायस सहित अन्य पंजियों का अनुश्रवण किया। साथ ही चलाये गये रूआर कार्यक्रम की भौतिक स्थित का जायजा लिया और शिक्षकों से स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने जारी स्कूल के शिक्षकों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि विज्ञान लैब को चालू हालत में रखें। रसोईया के द्वारा ड्रेस नहीं पहनकर खाना बनाते देख स्टेट टीम ने एचम रोशन बखला को निर्देश देते हुए कहा कि अविलंब रसोइया का पोशाक उपलब्ध करायें। ततपश्चात कमलपुर स्कूल का भी अनुश्रवण किया गया।

# गुमला में भारतीय सेना के सम्मान में भाजपाइयों ने निकाली तिरंगा यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना के सम्मान में गुमला के भाजपाइयों ने शुक्रवार को तिरंगा यात्रा निकाली। यह कार्यक्रम पूरे देश भर में भाजपा के द्वारा किया जा रहा है। यह तिरंगा यात्रा जिला अध्यक्ष विनय लाल, पूर्व सांसद सुदर्शन भगत एवं पूर्व विधायक कमलेश उरांव के सम्मलित नेतृत्व में निकाली गयी। यात्रा के लिए लोग जशपुर रोड स्थित पर्यटन भवन में एकत्रीत हुए। वहां से निकल कर पटेल चौक टॉवर चौक पालकोट रोड छठ तालाब सिसई रोड थाना रोड से होते हुए पुनः पटेल चौक होते हुए टॉवर चौक पहुंच कर यात्रा संपन्न हो गयी। मौके पर तिरंगा यात्रा का नेतृत्व कर रहे पूर्व सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि विगत 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाया इस ऑपरेशन के जरिए भारत ने कड़ा संदेश दिया कि जो भी भारत की तरफ उंगली उठा कर देखेगा, उसके जनाजे में कोई रोने वाला भी नहीं मिलेगा, यह तिरंगा हमारी शान और शौर्य का प्रतीक है। जिला अध्यक्ष विनय लाल ने भी कार्यकताओं एवं उपस्थित लोगों को स्पष्ट रूप से कहा कि हमारी सेना के तीनों अंगों ने जिस तरह पाकिस्तान को जवाब दिया उसे पूरे विश्व ने उनके साहस का लोहा माना, उन्होंने यह भी कहा कि जी भारत को छेड़ेगा तो उसे हम छोड़ेंगे नहीं।

पूर्व विधायक कमलेश उरांव ने भी कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भाजपा की तिरंगा यात्रा आज पूरे देश में निकल रही है, निःसन्देह यह कार्य सभी देश वासियों के अंतर्मन में सेना के प्रति और सम्मान बढ़ोत्तरी करेगा। इस तिरंगा यात्रा में पूरे जिला के सभी भाजपा पदाधिकारी सभी जिला मोर्चे खास कर महिला मोर्चा एवं प्रत्येक स्तर के पूर्व एवं वर्तमान पदाधिकारी एवं कार्यकताओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। भाजपा के जिला-मंत्री संजय कुमार साहू ने यात्रा में शामिल लोगों का आभार व्यक्त किया।

## चैनपुर में राशन वितरण को लेकर बैठक



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड सभागार में शुक्रवार को माह जून 2025, जुलाई 2025 एवं अगस्त 2025 तक का अग्रिम खाद्यान्न का उठाव, परिवहन एवं वितरण एकमुश्त करने के संबंध में एक अति आवश्यक बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा, अंचल अधिकारी दिनेश गुप्ता के द्वारा संयुक्त रूप से की गयी। बैठक में बताया गया कि जून, जुलाई और अगस्त के लिए अग्रिम खाद्यान्न का उठाव, परिवहन और वितरण एकमुश्त करने के संबंध में चर्चा की गई।बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ने बताया कि जून में तीन महीने का खाद्यान्न एक साथ लाभार्थियों को दिया जाना है। इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाना आवश्यक है, ताकि सभी लाभार्थी अपने खाद्यान्न का उठाव कर सकें। उन्होंने सतर्कता समिति को विशेष निगरानी रखने और कालाबाजारी को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने की बात कही। बैठक में अंचलाधिकारी दिनेश गुप्ता ने बताया कि इ-केवाइसी न होने पर राशन कार्ड कट जायेगा। इसलिए सभी कार्डधारकों को इ-केवाइसी कराने की आवश्यकता है। बैठक में मुख्य रूप से जीप सदस्य मेरी लकड़ा, प्रखंड प्रमुख ओलिभा कांता कुजुर, मुखिया दीपक खलखो, मुखिया सीताराम मुंडा, गोदाम प्रबंधक संदीप टेट सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। सभी ने खाद्यान्न वितरण को लेकर चर्चा की और आवश्यक कदम उठाने की बात कही।

# चैनपुर का बरवे उच्च विद्यालय राष्ट्रीय स्तर पर करेगा सूबे का प्रतिनिधित्व

**बरवे स्कूल के खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर।** बेहतर नेतृत्व का सुंदर परिणाम वाली कहावत एक बार फिर चरितार्थ हुई। गुमला जिला के चैनपुर स्थित बरवे उच्च विद्यालय ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपना चयन करवाया। अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए इस विद्यालय के छात्रों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। शिक्षक नंदकिशोर प्रसाद की अगुवाई में बरवे उच्च विद्यालय के छात्र इंस्पायर अवार्ड मानक 2024 के लिए राष्ट्रीय स्तर पर अपना चयन करवाया। इस प्रतियोगिता में पूरे राज्य से बरवे उच्च विद्यालय का चयन हुआ है जो विद्यालय के लिए गर्व की बात है। विद्यालय की छात्रा निशा रानी एक्का ने भी राष्ट्रीय प्रतियोगिता दिल्ली के लिए अपना चयन किया गया। निशा रानी की इस उपलब्धि से विद्यालय के सभी छात्र और शिक्षक गदगद हैं। बरवे उच्च विद्यालय की इस उपलब्धि से पूरे जिले में खुशी की लहर है। विद्यालय के शिक्षकों और छात्रों ने अपनी मेहनत और लगन से इस उपलब्धि को हासिल किया है। विद्यालय की इस सफलता से अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिलेगी और वे अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए मेहनत करेंगे। बरवे उच्च विद्यालय के लिए यह एक गर्व की बात है कि उनके छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर पर अपना चयन करवाया। विद्यालय के शिक्षकों और छात्रों की मेहनत और लगन का परिणाम है कि आज विद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन हो रहा है। स्कूल के प्रधान अध्यापक फा. राजेन्द्र तिर्की, फा. अजित, फा. मारियानुस के साथ सचूल के सभी शिक्षक शिक्षिका ने बधाई दी।

# एक साल में 53 हजार लोगों की सिकल सेल जांच, 97 मिले पॉजिटिव

आजाद सिपाही संवाददाता

**बिशुनपुर।** गुमला उपयुक्त के निर्देश के बाद प्रखंड में सिकल सेल एनीमिया की रोकथाम और समय पर पहचान को लेकर स्वास्थ्य विभाग एवं प्रखंड प्रशासन गंभीर है शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी सुलेमान मुंडरी की अध्यक्षता में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर के द्वारा विशेष सिकल सेल जांच शिविर का आयोजन किया गया। जहां प्रखंड कार्यालय पहुंचने वाले सुदरवर्ती क्षेत्र के ग्रामीण साहित प्रखंड कर्मी, मीडिया कर्मी आदि लोगों ने अपना सिकल सेल एनीमिया का जांच कराया। इधर जांचों उपरांत 5 मिनट बाद जांच टीम के द्वारा जांच कर रहे हैं लोगों को जांच रिपोर्ट दिया गया। हालांकि जांच शिविर में पॉजिटिव केस देखने को नहीं मिला।


प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पिछले 1 साल में हुए 53 हजार जांच के दौरान प्रखंड में कुल 97 पॉजिटिव केस मिले हैं। अब भी 4023 लोगों की जांच नहीं हो पायी है। जिसको लेकर लगातार भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक जगह एवं उप स्वास्थ्य केंद्रों में जांच शिविर का आयोजन किया जाना है। उन्होंने प्रखंड वासियों से अपील करते हुए कहा कि जांच टीम के सहयोग करें शिविर में पहुंचकर जो अब तक जांच नहीं कर पाये हैं वे लोग जांच जरूर काराए ताकि समय रहते सिकल सेल एनीमिया की पहचान हो सके और आपका इलाज प्रारंभ किया जा सके। चिकित्सा प्रभारी सोनाली डेजी मींज ने प्रखंड के रक्त वीरों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि आपके द्वारा डोनेट किये गये रक्त आपके प्रखंड के लोगों को ही काम आ रही है।

# भ्रष्टाचार के विरुद्ध और ननबैंकिंग में जमा पैसे भुगतान के लिए मुहिम तेज होगी : विजय सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल के बैनर तले भरनो ब्लॉक के समीप जोबला उरांव की अध्यक्षता में सभा का आयोजन कर भ्रष्टाचार के विरोध तथा सहारा इंडिया समेत दर्जनों ननबैंकिंग में जमा मेहनत के पैसे जल्द भुगतान के लिए छेड़ी गयी मुहिम को तेज करने की बात झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कही है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार जब बेईमान हो जाती है तब आम जनता को अन्याय के खिलाफ आगे आना ही पड़ता है। लुटेरी व्यवस्था ने गांव-गांव तक भ्रष्टाचार फैला रखा है, यही कारण है कि भ्रष्टाचार शिष्टाचार का स्थान लेने लगी है। लोकतांत्रिक व्यवस्था तथा सभ्य और विकसित समाज के लिए यह घातक है। उन्होंने आम जनता को भ्रष्टाचार के विरुद्ध संगठित होकर आगे आने की अपील की। वहीं बैठक में उपस्थित ननबैंकिंग में पैसा जमाकर्ताओं को भुगतान की मांग को लेकर ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच द्वारा की जा रही कोशिश को आगे बढ़ाने की बात करते हुए वीर बिरसा मुंडा के शहादत दिवस 9 जून 2025 को राजभवन मार्च में रांची चलने की अपील की। भ्रष्टाचार विरोधी मंच के जिला कोऑर्डिनेटर अजीत विश्वकर्मा ने कहा कि गुमला में होनेवाली भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम की शुरूआत भरनो से हो रही है जो पूरे जिले में आम जनता की मदद से भ्रष्टाचार के विरुद्ध आवाज बुलंद करेगी। श्री विश्वकर्मा ने यह भी कहा कि मनरेगा जैसी योजनाओं में खुलेआम भ्रष्टाचार हो रही है और सरकार व जिला प्रशासन मूकदर्शक बनी हुई है। कार्यक्रम में 25 मई 2025 को जिला मुख्यालय में आयोजित बड़ी बैठक में भाग लेने तथा 9 जून 2025 को रांची में आयोजित राजभवन मार्च की तैयारी करते हुए सैकड़ो की संख्या में मार्च में भाग लेने, भरनो में भ्रष्टाचार विरोधी मंच का प्रखंड स्तरीय टीम का गठन करने के अलावे सांगठनिक मजबूती व विस्तार के लिए कई निर्णय लिये गये हैं। सभा में किसान नेता आदित्य सिंह, मनी उरांव, संदीप उरांव, रंजीत उरांव, सोमरा गोप, बलराम साहू , सीताराम केसरी, सीतामनी देवी, रमती देवी, कमला देवी, सुषमा देवी, नीलम उरांव के अलावे काफी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे ।




# वानखेड़े स्टेडियम में रोहित शर्मा के नाम पर रखा गया स्टैंड का नाम, आज होगा उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**मुंबई।** मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) शुक्रवार शाम 4:30 बजे वानखेड़े स्टेडियम में तीन नये स्टैंडों का उद्घाटन करेगा, जिसमें रोहित शर्मा, अजीत वाडेकर और शरद पवार को भारतीय क्रिकेट में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया जायेगा। दवेचा पवेलियन लेवल 3 का नाम बदलकर रोहित शर्मा स्टैंड कर दिया गया है, जो भारत के वनडे कप्तान को उनके घरेलू मैदान पर सम्मान है। ग्रैंड स्टैंड लेवल 3 का नाम पूर्व बीसीसीआइ अध्यक्ष शरद पवार के नाम पर होगा, जबकि ग्रैंड स्टैंड लेवल 4 पूर्व भारतीय कप्तान अजीत वाडेकर को समर्पित होगा। पिछले महीने आयोजित एमसीए की 86वीं वार्षिक आम बैठक के दौरान इस निर्णय की पुष्टि की गयी। रोहित ने 2013 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया और 2022 में पूर्णकालिक भारतीय कप्तान। सचिन तेंदुलकर, सुनील गावस्कर, दिलीप वेंगसरकर और विजय मर्चेंट के नाम पर वानखेड़े में पहले से ही स्टैंड हैं। उनके नेतृत्व में भारत ने 2024 में टी20 विश्व कप और मार्च 2025 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीती। मुंबई के लिए उन्होंने 46 प्रथम श्रेणी मैच, 17 लिस्ट ए गेम और 25 टी20 खेले हैं।


## उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा

(विधि शाखा)

-: आम सूचना :-

निदेशानुसार, एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि उपायुक्त, कोडरमा के न्यायालय में धारा–49 सी०एन०टी० एक्ट के अन्तर्गत उपरोक्त भूमि निबंधन करने की विधिसम्मत अनुमति हेतु दायर अनुमति वाद संख्या 13/2025 अजय कुमार दास एवं 07 अन्य बनाम् Anjanisuta Steels PVT. LTD. एवं झारखण्ड सरकार से संबंधित मामले की सुनवाई उपायुक्त, कोडरमा के न्यायालय में की जा रही है।

अतः प्रश्नगत् वाद से संबंधित प्रस्तावित भूमि पर यदि किसी व्यक्ति को कोई दावा अथवा आपत्ति हो, तो वे उपायुक्त, कोडरमा के न्यायालय में उक्त वाद की आगामी निर्धारित तिथि दिनांक 27.05.2025 को उपरोक्त भूमि से संबंधित आवश्यक कागजात के साथ उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना सुनिश्चित् करेंगे।

| राजस्व ग्राम का नाम | पुलिस थाना | थाना नं० | खाता संख्या | प्लॉट संख्या | रकवा |
|---|---|---|---|---|---|
| डोइंयाडीह | तिलैया | 252 | 17 | 141 | 01ए० 14डी० मध्ये बिक्री रकवा– 60.12डी० |

प्रभारी पदाधिकारी
विधि शाखा, कोडरमा

PR 352670 District (25-26)_D

## उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा।
(जिला राजस्व शाखा)

आम सूचना

ज्ञापांक :– .......................   दिनांक :– ......../05/2025

सभी सर्वसाधारण आम एवं खास को सूचित किया जाता है, कि मौजा कोडरमा थाना सं0 333 खाता सं0 547 प्लॉट सं0 688 रकवा 41 डी0 भूमि के संदर्भ में विस्तृत जाँच अपेक्षित है।

अतः उक्त भूमि पर किसी भी आम/खास व्यक्ति का किसी प्रकार का दावा है, तो वे समूचित साक्ष्य के साथ दिनांक 20.05.2025 के अपराह्न 04:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपायुक्त, कोडरमा के आदेश ज्ञापांक 532/विधि दिनांक 02.05.2025 द्वारा गठित जाँच दल के समक्ष उपस्थित होकर अपना दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के बाद किसी भी दावा पर जाँच दल द्वारा विचार नहीं किया जाएगा।

अपर समाहर्त्ता,
कोडरमा।

PR 352662 (Revenue) 25-26 (D)

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना
(डी0एम0एफ0टी0 मद)

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/7/2025-26

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत कृषि फार्म कैम्पस में अवस्थित पुराने भवनों (Building no-06,07,08) का जिर्णोद्धार। | 2493200 | 50000 | 5000 | 1 माह |
| 2 | लातेहार जिलान्तर्गत लातेहार जिला के नगर पंचायत में पुराना पुलिस लाईन में स्वच्छता/SLRM कार्य हेतु अवस्थित जर्जर भवन का मरम्मति कार्य। | 2432300 | 49000 | 5000 | 1 माह |
| 3 | लातेहार जिलान्तर्गत लातेहार जिला के पुराना पुलिस लाईन में बुनियादी विद्यालय के समीप स्वच्छता/SLRM कार्य हेतु अवस्थित जर्जर भवन का मरम्मति कार्य। | 2149600 | 43000 | 5000 | 1 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 17.05.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 17.05.2025 से दिनांक 24.05.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –26.05.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,लातेहार

PR 352585 Rural Development(25-26).D

# निजी कंपनी के सुरक्षा गार्ड की पत्थर से कुचलकर हत्या

## केंदुआडीह थाना से कुछ दूरी पर ही दिया गया घटना को अंजाम

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** केंदुआडीह थाना क्षेत्र में गुरुवार की रात निजी कंपनी में सुरक्षा गार्ड के रूप में कार्यरत एक व्यक्ति की पत्थर से कुचलकर हत्या कर दिये जाने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान मिथिलेश रवानी (45) के रूप में हुई है। शुक्रवार को उसका शव पाये जाने पर क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। जानकारी के मुताबिक मिथिलेश केंदुआडीह थाना के समीप श्रीराम कंपनी की ओर से रखे पाइप की देखरेख का काम करता था। गुरुवार की रात्रि पाली में वह ड्यूटी पर था। शुक्रवार की सुबह मिथिलेश का शव केंदुआडीह थाना के समीप नगर निगम द्वारा बनाये गये जबूतरे पर



घटनास्थल पर पहुंच कर जांच करती पुलिस।

खून से लथपथ अवस्था में बरामद हुआ। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गयी। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच भेज दिया गया है। लगे हाथ संदिग्ध परिस्थिति में मौत का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस बाबत केंदुआडीह थाना के इंस्पेक्टर प्रमोद पांडेय ने बताया कि मिथिलेश रवानी मूल रूप से बिहार के नवादा जिले का रहने वाला था। श्री राम कंपनी की ओर से नगर निगम के पानी की पाइप बिछाने काम चल रहा है, जिसकी निगरानी के लिए सुरक्षा कार्ड के रूप में कार्य कर रहा था, जिसकी ड्यूटी केंदुआडीह थाना के समीप रखे पाइल की देखभाल करने की थी। पर रात में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा पत्थर से मारकर उसकी हत्या कर दी गई है। इंस्पेक्टर ने बताया कि रात में मौके पर दो अन्य नाइट वॉचमैन की ड्यूटी थी, जिसमें से एक मिथिलेश भी था। पुलिस दूसरे व्यक्ति से भी पूछताछ कर रही है। उधर, हत्या की सूचना पाकर धनबाद के डीएसपी नौशाद आलम भी पहुंच गये और घटना की पूरी जानकारी ली। कहा कि जल्द अपराधी पुलिस के शिकंजे में होंगे।

## 20 मई को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल अब 9 जुलाई को होगी : उदय

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय जनता श्रमिक संघ के संयुक्त महामंत्री उदय शर्मा ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि ट्रेड यूनियन की ओर से 20 मई को एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल बुलायी गयी थी, जो अपरिहार्य कारणों से टल गई है। ट्रेड यूनियन की दिल्ली में आयोजित बैठक में 20 मई को घोषित हड़ताल को स्थागित करते हुए नौ जुलाई को नई तिथि घोषित की गई है। गौरतलब हो कि केंद्रीय ट्रेड यूनियन के 18 मार्च को कन्वेंशन में 20 मई को एक दिनी हड़ताल का निर्णय लिया गया था। जिसे पहलगाम आतंकी हमले के बाद उत्पन्न स्थिति को ध्यान में रखते हुए तारीख बढ़ा दी गयी है।

## गया पुल चौड़ीकरण को स्वीकृति देकर हेमंत सरकार ने धनबाद वासियों की वर्षों पुरानी मांग पूरी कर दी: ब्रजेंद्र

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जाम से मुक्ति दिलाने के लिए धनबाद के अति व्यस्थ स्थानों में से एक गया पुल के चौड़ीकरण को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंत्रीमंडल में स्वीकृति मिलने के बाद से शहरवासियों में हर्ष है। इसे लेकर शुक्रवार को बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें सभी से गया पुल के चौड़ीकरण को कैबिनेट से मिली स्वीकृति पर झारखंड सरकार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित पूरे मंत्रिपरिषद को धन्यवाद दिया गया। इस असर पर ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि गया पूल के चौडीकरण की मांग



बहुत पुरानी थी। इस मांग को हेमंत सरकार ने स्वीकृत कर धनबाद की जनता को ऐतिहासिक सौगात दिया है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन की सरकार ने जनता की पुरानी मांग को स्वीकार कर बहुत बड़ा तोहफा दिया है। धनबाद जिला बीस-सूत्री समिति की ओर से मुख्यमंत्री से मांग की गयी है कि पूजा टॉकीज से मटकुरिया चेक पोस्ट के आगे एक फ्लाइओवर का निर्माण कराया जाए, ताकि यहां की जाम की समस्याओं से लोगों को छुटकारा मिल सके और यातायात भी दुरुस्त हो जाए। इस मौके पर मदन महतो, शमशेर आलम, योगेंद्र सिंह योगी, हराधन रजवार, राजू प्रमाणिक और पप्पू तिवारी मौजूद थे।

## कलाकार संघ एवं डीडीपीटीए ने निकाली शौर्य सैनिक सम्मान तिरंगा यात्रा



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** कलाकार संघ एवं धनबाद जिला फोटोग्राफर्स ट्रेड एसोसिएशन के संयुक्त तत्वधान में शुक्रवार को सिटी सेंटर से रणधीर वर्मा चौक तक शौर्य सैनिक सम्मान तिरंगा यात्रा निकाली गई। इसमें कलाकार संघ के संरक्षक रणविजय सिंह और श्रीराम सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह यात्रा में शामिल हुए। इस अवसर पर रणविजय सिंह ने कहा कि भारतीय सेना ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला पाकिस्तान और पीओके में घुसकर आतंकवादियों के ठिकानों को ध्वस्त कर लिया है। जिससे भारतीय सेना के शौर्य का डंका पूरे विश्व में गूंज रहा है। सैनिकों के शौर्य को सम्मान देने के लिए यह तिरंगा यात्रा निकाला गया है। इस दौरानर णधीर वर्मा चौक पर देश के वीर जवानों को याद किया गया। इस दौरान कलाकार संघ के अध्यक्ष राजू सिंह अनुरागी और उनके साथी कलाकारो द्वारा गाए देशभक्ति गीतों में वीर जवानों को याद किया गया। वहीं, उदय प्रताप सिंह ने कहा कि पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त कर भारतीय सेना ने पराक्रम का परिचय दिया है, जिसकी चर्चा पूरे विश्व में हो रही है। यह हमसभी हिंदुस्तानियों के लिए गर्व की बात है। यह नया भारत है। जो भी भी हमारे भारत पर बुरी नजर रखेगा उनको इससे भी कड़ा जवाब दिया जाएगा। उन्होंने देश के शहीदों को याद करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर बधाई दी। इस मौके पर कलाकार संघ के सह सचिव कृपांसु कुमार, उपाध्यक्ष सुरेंद्र ठाकुर, सभी शाखाओ के शाखा प्रभारी जितेंद्र जीतू, मिंटू, मनमोहन, गिरजा किशोर, मुन्ना सिन्हा आदि शामिल हुए।

## सड़क हादसे में अधेड़ की मौत

**मुआवजे की मांग को लेकर शव के साथ धरना**

**राजगंज (आजाद सिपाही)।** डोमनपुर के समीप शुक्रवार की सुबह 4.30 बजे हाईवे पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गयी। उसकी पहचान गोपाल प्रसाद राय (50) के रूप में हुई है। वह अकुर का रहने वाला था। वह कल्याणपुर स्थित हिंदुस्तान फ़्यूल नामक कंपनी में रात्रि प्रहरी के रूप में कार्यरत था, जो ड्यूटी समाप्त होने के बाद घर जा रहा था, तभी हादसे का शिकार हो गया। इसकी सूचना पाकर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गयी और शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। दूसरी ओर, पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने कल्याणपुर स्थित हिंदुस्तान फ्यूल्स कंपनी के गेट पर शब रखकर मुआवजे की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए। समाचार लिखे जाने तक परिजन कंपनी के गेट पर धरने पर बैठे हुए थे।

## तीन बाल श्रमिकों को जिला टास्क फोर्स ने मुक्त करवाया

**कसमार/बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो डीसी विजया जाघव के निर्देश पर गठित जिला धावा दल ने रेस्क्यू अभियान चलाकर तीन बाल श्रमिकों को मुक्त करवाया। श्रम विभाग के नेतृत्व में बोकारो के राजू ऑटो रिपेयर शॉप से एक और नाश्ता प्लेटफॉर्म, सेक्टर 4 प्रतिष्ठान से दो बाल श्रमिको को विमुक्त करवाया गया है। इसका नेतृत्व जिला धावा दल का श्रम अधीक्षक रंजीत कुमार ने की। उन्होंने कहा कि बाल मजदूरी कराना कानूनन अपराध है। इसके खिलाफ कार्रवाई की गई है। कहा कि बोकारो जिले में बाल मजदूरी को रोकने के लिए अभियान जारी है। यह भी कहा कि बाल शोषण के मामले की जानकारी कोई भी जिला टास्क फोर्स को दे सकता है। उसपर बाल श्रम प्रतिषेध एवं विनियम अधिनियम 1986 के तहत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि रेस्क्यू किए गए तीनों बाल



श्रमिको को बोकारो बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें चास बाल सुधार गृह भेज दिया गया है। इस मौके पर श्रम विभाग से अखलाक अहमद, संतोष चौधरी, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी अनीता झा, सहयोगिनी जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन के सनी कुमार, रवि कुमार राय, अनिल कुमार हेंब्रम, चाइल्ड लाइन से प्रीति कुमारी, डीसीपीयू इकाई से अजीत कुमार आदि शामिल थे। बताया गया कि जिले में बाल तस्करी और बाल मजदूरी के किसी भी प्रकार के मामले की सूचना टोल फ्री नंबर 1098 या 182 पर या सीधे टास्क फोर्स को दिया जा सकता है।

## विस्थापितों- स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार की मांग को लेकर झामुमो ने ज्ञापन सौंपा

**सिंदरी (आजाद सिपाही)।** क्षेत्र के विस्थापितों एवं स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार देने की मांग को लेकर झामुमो ने हिंदुस्तान उर्वरक रसायन लिमिटेड (हेल) सिंदरी के महाप्रबंधक गौतम माजी को शुक्रवार को मांग पत्र सौंपा। जिसमें झामुमो नेता परशुराम सिंह ने कहा कि हेल प्लांट के सफलतापूर्वक चालू होने के बावजूद स्थानीय लोगों को अभी तक ना तो समुचित रोजगार मिला है ना ही उन्हें उनका वाजिब हक-अधिकार दिया गया है। झामुमो ने इस विषय पर तीन दिनों के भीतर सिंदरी नगर समिति के साथ वार्ता की मांग करते हुए चार प्रमुख मांगों को प्रमुखता से उठाया है। इसमें हेल प्लांट में 90 फीसदी रोजगार सिंदरी क्षेत्र के विस्थापितों एवं स्थानीय ग्रामीणों को देने, महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए रोजगार में 50 फीसदी महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना आदि शामिल है।

## जेपी अस्पताल के निरसा यूनिट 2 में लगा नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं दवा वितरण शिविर

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** निरसा स्थित जेपी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर यूनिट 2 में शुक्रवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित हुआ। जिसमें निरसा प्रखंड सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रो के लगभग 250 महिला, पुरुष एवं बच्चे की जांच डॉ राजकुमार और डॉ सरिता शुक्ला की टीम ने किया। मरीजों को उनकी समस्या के अनुसार निःशुल्क दवाइयां दी गई। वहीं, शिविर में उपस्थित जेपी अस्पताल के अध्यक्ष प्रदीप मंडल ने कहा कि जेपी अस्पताल के सामाजिक दायित्व के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया है। जेपी अस्पताल का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच अभियान समय-समय पर निरंतर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में होते रहता है।

## डीसी ने जनता दरबार लगाकर सुनी लोगों की समस्याएं, किया समाधान

# बीस दिनों से बंद दुकान को खुलवाने की डीसी से लगायी गुहार

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** डीसी माधवी मिश्रा ने शुक्रवार को जनता दरबार लगाया। जिसमें पुराना बाजार से आई एक युवती ने डीसी को बताया कि सिंह दरवाजा के सामने उनकी एक दुकान है। पिता के बीमार रहने के कारण वह खुद दुकान का संचालन करती है। पर कुछ लोगों द्वारा जबरन दुकान के सामने अतिक्रमण कर दुकान लगाई जाती है। जिसकी शिकायत थाना में की तो 20 दिन पहले थाना ने अतिक्रमण करने वाले के साथ ही उनकी भी दुकान भी बंद करा दी। दुकान बंद हो जाने से परिवार के भरण पोषण में परेशानी हो रही है। युवती ने डीसी से पिछले 20



दिनों से बंद दुकान को फिर से खुलवाने की गुहार लगाई। इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए डीसी ने सिटी एसपी को जांच कर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वहीं, जनता दरबार में पहुंची न्यू इस्लामपुर पांडरपाला की युवती ने डीसी को बताया कि परिवार के बंटवारे में मिली उनके हिस्से की संपत्ति पर सौतेले भाई ने जबरन कब्जा कर लिया है। इस पर डीसी ने अनुमंडल पदाधिकारी को मामले की जांच करने का निर्देश दिया। वहीं एग्यारकुंड से आई एक महिला ने डीसी को बताया कि बंदोबस्ती में उन्हें लगभग 3.50 डिसमिल जमीन मिली थी। क्षेत्र के कुछ लोग जबरन निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। इस पर डीसी ने एग्यारकुंड के सीओ को मामले की जांच कर महिला की समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया। इसके अलावा जनता दरबार में सीएनटी जमीन को गलत तरीके से पंजी 2 में चढ़ाने, क्वार्टर का ताला तोड़कर जबरन दूसरा ताला लगा देने, किसी दूसरे व्यक्ति द्वारा खतियानी जमीन बेच देने, ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट निर्गत कराने सहित अन्य शिकायत प्राप्त हुई। जनता दरबार में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद भी मौजूद थे।


## झारखण्ड सरकार श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
## अवर प्रादेशिक नियोजनालय, राँची।
**Email Id- sreeranchi@gmail.com**

### दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला– 20 मई 2025
### रिक्ति सूचना

राज्य के बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में नियोजित करने के उद्देश्य से निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, राँची के तत्वावधान में अवर प्रादेशिक नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेंटर, राँची द्वारा दिनांक 20.05.2025 को पूर्वाहन् 10:30 बजे से अवर प्रादेशिक नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेंटर, सर्कुलर रोड, राँची परिसर में रोजगार मेला – 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेला में भाग ले रहे नियोजकों एवं रिक्तियों की विवरणी निम्नवत है:–

| Sl. No. | Name & Address of the Employers | Post | No of Vacancies | Qualification | Age | Salary | Experience | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | Cambridge Institute of Technology (CIT(R)) RANCHI. | Assistant Professor | CSE-03 CE-01 EEE-01 | B.E / B.Tech. & M.E / M.Tech / Ph.D. | 24-60 Yrs | As per AICTE norms | NA | Job Location – Ranchi. |
| | | Jr. Accountant | 03 | B.com with Knowledge of Tally | 18-30 Yrs | Negotiable | 2 Yrs | |
| | | Tally Operator | 02 | | | | | |
| 02. | Raj Hospital MAIN ROAD, RANCHI. | Sr. OT Nurse | 02 | B.sc Nursing / P.G (nursing) | 18-30 Yrs | As per company norms. | 5-8 Yrs | Job Location – Ranchi. |
| | | Executive Accounts | 01 | B.com / M.com | 18-30 Yrs | As per company norms. | 1-2 Yrs | |
| | | Billing Executive | 01 | Graduate / post Graduate | 18-30 Yrs | As per company norms. | 1-2 Yrs | |
| | | Plumber | 01 | 10th pass / Graduate | 18-30 Yrs | As per company norms. | 1-2 Yrs | |
| 03. | Rani Hospital In Front of MACHALI GHAR, BOOTY ROAD, RANCHI. | Front Line Executive | 01 | Graduate | Above18Yrs | 12672/- | 1 year | Must have Residential Certificate |
| | | Floor Manager | 01 | Graduate | Above18Yrs | 12672/- | 1 Year | Must have Residential Certificate |
| 04. | Hotel AVN Grand RANCHI. | Steward | 02 | 12th pass | 20-25 Yrs | Upto 15000/- | 1-2 Yrs | .Job Location- Ranchi. |
| | | Sr. Steward | 01 | 12th pass | 20-25 Yrs | Upto 15000/- | 1-2 Yrs | |
| | | Captain | 01 | 12th pass /Diploma | 20-25 Yrs | Upto 16000/- | 1 Year | |
| 05. | Hotel Royalsion (Unit of B.S park plaza) RANCHI. | F & B Manager | 01 | Degree/ Diploma in Hotel Management | 40 Yrs | 25000 to 30000/- | 10 Yrs | – |
| | | House Keeping Manager | 01 | Degree/ Diploma in Hotel Management | 40Yrs | 18000 to 22000/- | 10 Yrs | – |
| | | Steward | 10 | 12th pass / Diploma in Hotel Management | 20 – 25 Yrs | 10000 to 12000/- | 2 Yrs | – |
| | | Captain | 03 | Degree/ Diploma in Hotel Management | 18-25 Yrs | 14000 to 16000/- | 5 Yrs | Fooding & Lodging included |
| | | Room Attendant | 03 | 8th pass / 12th pass | 20-25 Yrs | 8000 to 10000/- | 3 Yrs | |
| 06. | Virson Security & Facility Services Pvt. Ltd. RANCHI. | Security Guard | 150 | 10th pass | 18-45 Yrs | 10000 to 13000/- | NA | Male Candidate |
| | | Supervisor | 30 | 12th pass | 21-45 Yrs | 12000 to 14000/- | NA | |
| | | Field Officer | 20 | B.A | 21-45 Yrs | 12000 to 15000/- | NA | |
| | | Asst. Area Manager | 05 | B.A | 25-45 Yrs | 15000 to 25000/- | NA | |
| 07. | Medanta Abdur Razzaque Ansari Memorial Weaver's Hospital RANCHI. | Finance &Accounts | 01 | B.com / MBA-Finance | 18-35 Yrs | As per Experience | Exp. in hospital | Job Location – Ranchi . |
| | | Human Resources Exe. / Sr.Exe. | 01 | MBA –HR | 18-35 Yrs | As per Experience | Exp. in hospital | |
| | | Security & Fire Services | 01 | 12th pass | 18-35 Yrs | As per Experience | Exp. in hospital | |
| | | Invasive Cardiology | 01 | Dip in Cath lab tech | 18-35 Yrs | As per Experience | Exp. in hospital | |
| | | Sample Collection & Lab | 01 | Dip in MLT | 18-35 Yrs | As per Experience | Exp. in hospital | |
| 08. | Universal Sompo GIC Ltd. RANCHI, DORANDA | Advisor | 100 | 10th pass / Graduate | 18-30 Yrs | Commission | NA | Requirement is for GIC business like motor insurance, health ,SME insurance |
| 09. | Ranchi patient Care Services (RPCS) RANCHI. | Home care Nurse | 30 | GNM. B.sc Nursing, GDA | 18-30 Yrs | 8500 – 11000/- | 1-2 Yrs | Only Hostel facility |
| 10. | MAETT Skills RANCHI. | District Manager | 10 | Graduate | 18-30 Yrs | 25000 + T.A | 1-2Yrs any field work computer Knowledge | Job Location – All Jharkhand. |
| | | Block Coordinator | 30 | 12th pass | 18-30 Yrs | 20000+T.A | Exp. / Fresher | |
| | | Mobiliser | 50 | 10th pass | 18-30 Yrs | 18000+T.A | Exp. / Fresher | |
| | | SMO Trainee | 100 | 5th pass | 18-28 Yrs | 13000 | Fresher | |
| | | Computer Trainee | 50 | 10th pass | 18-28 Yrs | 14000 | Fresher | Job Location – Tamilnadu |
| | | GDA Trainee | 100 | 10th pass | 18-28 Yrs | 10000 | Fresher | Job Location – Jharkhand / Banglore / Delhi |
| | | Electrician Trainee | 50 | 10th pass | 18-28 Yrs | 14000 | Fresher | Job Location –Banglore / Delhi / Tamilnadu. |
| 11. | LIC of India SUJATA CHOWK RBO-1 RANCHI. | LCA (Only Female) | 225 | 10th pass / 12th pass | 18-60 Yrs | 7000+ Incentive | NA | Job Location – Ranchi. |
| | | RCA | 125 | 10th pass/ 12th pass | 18-35 Yrs | 6000+Incentive | NA | |
| | | CCA | 125 | 10th pass/ 12th pass | 18-35 Yrs | 7000+Incentive | NA | |
| 12. | Swiggy Ltd. RANCHI. | Delivery Partner (Delivery Boy) | 200 | 10th pass /Graduate | 18 Above | Per day order based earning | NA | Job Location – Ranchi |
| | | Field Recruiter | 02 | 12th pass /Graduate | 18 Above | Monthly +PF+ESIC+Incentive 19000 to 30000 | NA | |
| 13. | SBI General Insurance Co. Ltd. RANCHI. | Advisor-Health Insurance | 100 | 10th pass / Graduate | 18-60 Yrs | Commission | NA | Job Location – Ranchi. |
| 14. | Yazaki India Pvt. Ltd. RANJANGAON MAHARASHTRA. | ITI – Electronics, Automobile | 50 | Any ITI | 18-24 Yrs | 15657/- | NA | Job Location – Ranjangaon, Maharashtra. |
| | | ITI-Electrical | 50 | Any ITI | 18-24 Yrs | 15657/- | NA | |
| | | ITI - Mechanical | 50 | Any ITI | 18-24 Yrs | 15657/- | NA | |
| | | ITI - Copa | 50 | Any ITI | 18-24 Yrs | 15657/- | NA | |
| 15. | G.R Management Solutions BENGALURU. | Machine Operator | 200 | 10th pass / ITI | 18-30 Yrs | 20,000/- CTC | NA | OT-130-140 per hour |
| | | Assembly Operator (mobile) (Female Only) | 1000 | 10th pass | 18-30 Yrs | 20,000/-CTC | NA | Accommodation & Food provided. |
| 16.. | L&T Construction Skills Training Institute BENGALURU | Masonry | | 8th , 10th,12th pass ITI (Mason) | 18-35 Yrs | 18000/- | NA | – |
| | | Scaffolding | | 10th , 12th pass / ITI (Fitter) Draughtsman Civil, Carpenter | 18-35 Yrs | 18000/- | NA | – |
| | | Bar – Bending | | 10th , 12th pass / ITI (Fitter) Draughtsman Civil, Carpenter | 18-35 Yrs | 18000/- | NA | – |
| | | Formwork Carpentry | | 10th , 12th pass / ITI (Fitter) Draughtsman Civil, Carpenter | 18-35 Yrs | 18000/- | NA | – |
| | | Pipe Welding | | ITI-Welder / 8th pass | 18-35 Yrs | 18000/- | 2 Yrs of Welding Experience | – |
| | | Plumbing & Pipe Fitting | | 8th,10th,12th pass/ /ITI-Plumbing | 18-35 Yrs | 18000/- | NA | – |
| | | Electrical | | ITI – Electrical, Wireman | 18-35 Yrs | 18000/- | NA | – |
| 17. | Medhavi Aspire Pvt. Ltd. WEST BENGAL. | Production (Mahindra) | 100 | ITI / Dip/10th,12thpass | 18-35 Yrs | 18,500/- | NAP/NAT | Job Location – Pune. |
| | | Production (Hero) | 150 | ITI / Dip/10th,12thpass | 18-35 Yrs | 17,500/- | NAP/NAT | Job Location – Punjab. |
| | | Production (Suprajit) | 200 | ITI / Dip/10th,12thpass | 18-35 Yrs | 17,000/- | NAP/NAT | Job Location Karnataka. |
| | | Production (Kala) | 150 | ITI / Dip/10th,12thpass | 18-35 Yrs | 25,000/- | NAP/NAT | Job Location – Pune. |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा https://jharniyojan.jharkhand.gov.in / www.ncs.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त रोजगार मेला में नियोजक / नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ उपस्थित होकर रोजगार के अवसरों का लाभ उठा सकते हैं। पूर्व से निबंधित उम्मीदवारों को पुनः निबंधन की आवश्यकता नहीं है। चयन प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं होगा।

नियोजन पदाधिकारी
अवर प्रादेशिक नियाजनालय, रांची

PR 352631 Labour Employment and Traning(25-26)D

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा



आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और देश की सेना के सम्मान में शुक्रवार को भाजपा देवघर जिला की ओर से तिरंगा यात्रा निकाली गयी। भाजपा जिलाध्यक्ष सचिन रवानी के नेतृत्व में शिवलोक परिसर से वीर कुंवर सिंह चौक तक 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के उपलक्ष्य में एक विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गयी। तिरंगा यात्रा की शुरुआत शिवलोक परिसर से शुरू हुई और यह वीर कुंवर सिंह चौक पर सम्पन्न हुई। मौके सारठ के पूर्व विधायक रंधीर सिंह ने उन्होंने अपने संबोधन में कहा की कश्मीर के पहलगाम में कई सैलानियों की धर्म पूछ कर आतंकियों ने निर्मम हत्या कर दी। इसमें पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठनों का हाथ था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि पाकिस्तान को उसकी इस काम की पूरी सजा व जवाब मिलेगा और फिर देश की सेना ने पाकिस्तान स्थित नौ आंतकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर करारा जवाब दिया। पूर्व विधायक नारायण दास ने कहा कि पीएम मोदी की तारीफ की नारायण दास ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमारी सेना ने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब दिया है। मौके पर जिला प्रभारी सत्येंद्र सिंह जिला अध्यक्ष सचिन रवानी जिला महामंत्री संतोष उपाध्याय आदि मौजूद थे।

# देवघर साइबर थाना ने की बड़ी कार्रवाई, 11 साइबर अपराधी गिरफ्तार

देवघर (आजाद सिपाही)। पुलिस उपमहानिरीक्षक सह पुलिस अधीक्षक अजीत पीटर डुंगडुंग के निर्देश पर साइबर थाना, देवघर की टीम ने बड़ी सफलता हासिल की है। 15 मई को जसीडीह थाना अंतर्गत जंगल से 11 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। गोपनीय सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर गिरोह का भंडाफोड़ किया। गिरफ्तार किये गये अपराधी गूगल, फोनपे, पेटीएम कस्टमर केयर, एस्कॉर्ट पेमेंट बैंक आदि के नाम पर फर्जी मोबाइल नंबरों का उपयोग कर भोले-भाले लोगों से ऑनलाइन ठगी करते थे। यह गिरोह विशेष रूप से ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के लोगों को पीएफ योजना, एसबीआइ क्रेडिट कार्ड लिंक जैसी सेवाओं के नाम पर ठगते थे। गिरफ्तार आरोपियों में अमरुल अंसारी, समसुल अंसारी, सफातुल अंसारी, जलाउद्दीन मियां, निरज दास, असफाक अंसारी, विक्रम कुमार दास, अब्दुल अंसारी, फैज्जान अंसारी और हबीब रजा शामिल हैं। छापेमारी के दौरान पुलिस ने बड़ी मात्रा में मोबाइल, सिम कार्ड, डेबिट कार्ड और अन्य डिजिटल उपकरण बरामद किये हैं।










































































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**